राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड...



दिल्ली में गिरते भूजल स्तर को... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 21 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 107, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### पंजाब के फगवाड़ा में बड़ी वारदात, चाचा ने भतीजे को चाकू से गोदा, अस्पताल में मौत

**फगवाड़ा (आरएनएस)।** पंजाब के फगवाड़ा में एक बहुत बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। फगवाड़ा के मनसा देवी नगर में चाचा ने अपने भतीजे की छाती में चाकू घोंप कर मार डाला। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के बेटे को गिरफ्तार कर




उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए डी.एस.पी जसप्रीत सिंह और गौरव धीर ने बताया कि मृतक की पहचान मनसा देवी नगर की गली नंबर 1 निवासी लाल मुहम्मद अंसारी के बेटे साहिल अंसारी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि साहिल अंसारी और मुसाहिब अंसारी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें साहिल अंसारी को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। इसके बाद गंभीर हाल में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गांव रघुनाथपुर थाना मजोलिया हाल निवासी मनसा देवी नगर निवासी रईसमिया अंसारी के पुत्र मुसाहिब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा हॉस्पिटल में भर्ती

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल्लाकुरिचि के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने इसकी पुष्टि की है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कल्लाकुरिची के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। इस मामले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के. कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल मौजूद था। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख जताया और कहा कि इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कल्लाकुरिची में मिलावटी शराब पीने वाले लोगों की मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं। इस मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा, 'अगर जनता ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के बारे में जानकारी देती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। समाज को बर्बाद करने वाले ऐसे अपराधों को सख्ती से दबाया जाएगा। राज्यपाल की ओर से तमिलनाडु राजभवन ने एक पोस्ट शेयर कर कहा, 'मुझे यह जानकर बहुत दुख हुआ कि जहरीली शराब पीने से कल्लाकुरिची में कई लोगों की जान चली गई। कई अन्य गंभीर हालत में हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना और अस्पतालों में भर्ती लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

### दर्दनाक हादसाः शार्ट सर्किट से तीन मंजिला मकान में लगी आग, पिता और दो बेटियां जिंदा जलीं

**ग्वालियर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में गुरुवार सुबह एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में पिता और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित कैलाश नगर की है।



विजय गुप्ता के तीन मंजिला मकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। मकान की दूसरी मंजिल पर ड्राई फ्रूट का गोदाम था। आग रसोई से शुरू हुई और उसने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। मकान में आग लगने की सूचना पर दमकल की गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाए जाने से पहले ही मकान की एक दीवार को तोड़ा गया। अंदर तीन लोगों के शव मिले। तीनों की मौत दम घुटने से होने की आशंका है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पिता और दोनों बेटियों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे गए हैं।

# सीएम योगी का निर्देशः आमजन की पीड़ा सुनें और समय से निस्तारण करें

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई। सीएम ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

**प्रत्येक पीड़ितों के पास पहुंच मुख्यमंत्री ने सुनी समस्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह ही अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में पहुंचे प्रत्येक पीड़ितों से मुलाकात की। सीएम ने उनकी समस्याओं को सुना, फिर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को



समय सीमा के अंदर न्याय मिले। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायत को मुख्यमंत्री ने गम्भीरता से लिया। बोले कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई सुनिश्चित होती रहे। वहीं उपचार के लिए आर्थिक सहायता के प्रार्थना पत्र भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी सीएम ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं युवाओं ने भी अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को रूबरू कराया, जिस पर उन्हें भी त्वरित समाधान का आश्वासन मिला। सीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का भी निर्देश दिया।

- **उपचार के लिए मरीजों को जल्द उपलब्ध कराई जाए आर्थिक सहायताः मुख्यमंत्री**
- **निर्देश-पीड़ितों के प्रति संवेदनशील रहे पुलिस, स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई हो तेज**
- **किसी भी सूरत में कब्जा बर्दाश्त नहीं, ऐसा करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई**

# 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट रद्द,सीबीआई जांच के आदेश

- **बयान में कहा गया है, परीक्षा प्रक्रिया में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट 2024 को रद्द कर दिया जाए। अब फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी, इसकी जानकारी बाद में दी जाएगी। मामले की जांच सीबीआई करेगी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)** । शिक्षा मंत्रालय ने देश के विभिन्न शहरों में आयोजित यूजीसी-नेट 2024 (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) को रद्द कर दिया है। मंत्रालय का कहना है कि धांधली की सूचना मिलने पर यह फैसला किया गया। मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया गया है।राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा 18 जून को दो पालियों में यूजीसी-नेट आयोजित किया गया था।




एक बयान में, शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी को गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से परीक्षा में धांधली की सूचना मिली है।

बयान में कहा गया है, परीक्षा प्रक्रिया में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट 2024 को रद्द कर दिया जाए। अब फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी, इसकी जानकारी बाद में दी जाएगी। मामले की जांच सीबीआई करेगी।

इस बीच, शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार रात को यह भी कहा कि नीट-यूजी 2024 से संबंधित मामले में ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही सुलझा लिया गया है। पटना में परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं के संबंध में, बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। बयान में कहा गया है, सरकार इस रिपोर्ट के मिलने पर आगे की कार्रवाई करेगी। सरकार परीक्षाओं की पवित्रता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मामले में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति/संगठन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी की टेंशन बढ़ी, सहयोगी दलों ने की 100 सीटों की मांग

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि उनकी पार्टी को महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से कम से कम 100 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए। शिवसेना, महायुति गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा भी शामिल है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।राज्य के पूर्व मंत्री रामदास कदम ने शिंदे द्वारा अविभाजित शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में बुधवार को कहा, हमें चुनाव लड़ने के लिए 100 सीटें मिलनी चाहिए और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम उसमें से 90 सीटें जीतेंगे। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल ने हाल ही में कहा था कि उनकी पार्टी को राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 80-90 सीटें मिलनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बाद में कहा कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और राज्य चुनाव में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी।






# नीतीश सरकार को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने का फैसला किया रद्द



**पटना (आरएनएस)।** पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए आरक्षण बढ़ाने का फैसला रद कर दिया है। दरअसल, राज्य में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी होती है, लेकिन बिहार सरकार ने आरक्षण को 65 फीसदी तक बढ़ा दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने अब रद कर दिया है। आरक्षण कानून में किए गए हालिया संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को स्वीकृति दे दी है।

मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने विगत 11 मार्च को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

याचिका में राज्य सरकार द्वारा 21नवंबर,2023 को पारित कानून को चुनौती दी गई थी, जिसमें एससी,एसटी,ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण दिया गया है,जबकि सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मात्र 35 फीसदी ही पदों पर सरकारी सेवा में दिया जा सकता है जिसमें ईडब्लूएस के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी शामिल है।

## एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी

# सुप्रीम कोर्ट का नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीट परीक्षा रद्द करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई। जस्टिस विक्रम नाथ और एस.वी.एन. भाटी की बेंच चार याचिकाएं ट्रांसफर कराने वाली एनटीए की अर्जी पर भी सुनवाई की। कोर्ट ने काउंससिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। एनटीए को कहा नोटिस जारी करें और 8 जुलाई तक जवाब दें और लंबित याचिका के साथ टैग करें। एनटीए के वकील ने कहा कि हम हाईकोर्ट से स्टे की मांग कर रहे हैं। इस पर पीठ ने कहा कि इस तरह के स्टे की कोई जरूरत नहीं है। हमने पहले ही नोटिस जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी मामलों में हाईकोर्ट में चल रहे सभी मामलों पर रोक लगा दी है और नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी।




इससे पहले, मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा आयोजित करने में किसी भी लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने टिप्पणी की, अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। इन सभी मामलों को प्रतिकूल मुकदमेबाजी के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शिक्षा मंत्रालय ने पटना में आयोजित नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ग्रेस मार्क्स के आवंटन के बारे में चिंताओं को पूरी तरह से दूर कर दिया गया है।छात्रों ने कथित प्रश्नपत्र लीक, प्रतिपूरक अंक देने और परीक्षा के प्रश्नों में विसंगतियों से संबंधित मुद्दे उठाए हैं। 5 मई, 2024 को नई याचिकाएं प्राप्त होने पर सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। इन याचिकाओं पर, मौजूदा याचिकाओं के साथ, 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# 21 जून को ही क्यों,प्रतिदिन करें योग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर आप सभी को बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं स्वस्थ बने रहने के लिए जीवन में प्रतिदिन योग करना ही होगा इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में योग जरूरी हो गया है हमारा ना खाने का समय निश्चित है ना सोने का फिर इसके बाद सुबह उठने का समय भी निश्चित नहीं है देर से सोना देर से उठना असमय भोजन लेना हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है अब आप जिस शरीर को दाव पर लगाकर केवल पैसा कमाने में लगे हैं फिर इस कमाए हुए पैसे से भी



अपने शरीर को बचा नही पाएंगे ईश्वर से जो अनमोल शरीर आपको बिना किसी पैसे के प्रदान किया है इसकी कीमत को पहचानिए इस शरीर का कोई भी नकली पार्ट आप बाजार में लेने जाते हैं तब आपको पता लगता है कि ईश्वर ने हमको जो स्वास्थ्य दिया है हमने अनजाने में गलती करके इसको यूं ही गवां दिया हर इंसान स्वास्थ्य ठीक रहे मैं सुंदर भी दिखता रहूं ऐसा चाहता है लेकिन इसके लिए त्याग कुछ भी नहीं करना चाहता हर कार्य समय से करें इसकी चिंता आपके खुद करनी होगी खाने में तीन सफेद चीजों की अधिकता से परहेज करें चीनी मैदा और नमक सुबह सवेरे करते रहेंगे योग तो बने रहेंगे निरोग।

# कोतुहल का विषय बनी बुजुर्ग दम्पति की मौत,दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गांव उमरारा में लक्षमन सिंह अपनी पत्नी सोमवती के साथ अकेले रहतें थें इनकी इकलौती औलाद विवेक अपने परिवार के साथ नोएडा की कम्पनी में नौकरी करता है।

लक्षमन सिंह की तबीयत खराब होने की खबर पर कुछ समय पहले विवेक इलाज कराकर दोबारा नौकरी पर चला गया था। ग्रामीणों ने पूछताछ में बताया कि लक्षमन सिंह की पत्नी सोमवती को कुछ समय पहले हार्ट अटैक की परेशानी हो गयी थी। गुरुवार को पड़ोसियों ने बदबू आने पर दरबाजा खटखटाया लेकिन कोई जबाब नहीं मिलने पर दुछत्ती से अन्दर प्रवेश करने पर पता चला कि बुजुर्ग दम्पती मृत अवस्था में मिलें और छत पर बने पिजरे में कबूतर भी मृत मिलें। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंचें सीओ रामकरन व एसएचओ रण





सिंह ने गांव वालों से घटना की जानकारी हासिल कर अनहोनी की आशंका के मद्देनजर दोनों के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला शव विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही मायने में मौत की गुत्थी सुलझाने में मदद मिल सकेगीं।

# सीएचसी में सिजेरियन प्रसव की सुविधा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन प्रसव की सुविधा हो चुकी है। पहले प्रसव में गर्भवती ने ऑपरेशन से पुत्र को जन्म दिया अब यह सुविधा अन्य गर्भवती महिलाओं को भी मिल सकेंगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग 6 माह पूर्व ऑपरेशन थिएटर बनाया गया था इसके बनने के बाद ऑपरेशन से डिलीवरी को सुविधा के लिए संसाधन छुटने का प्रयास किये गए थे। पाँच दिन पूर्व सभी संसाधन होने पर गांव भटोला निवासी अंकित कुमार की पत्नी अनीता को समय दिया गया गुरुवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरिता व एनेस्थेसिया डॉ. नवनीत ने स्टाफ की मदद से महिला का सफल ऑपरेशन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ.



शशी शेखर सिंह ने बताया कि यह ऑपरेशन हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है अब सीएससी में फिर सब के सामान्य ऑपरेशन किया जा सकते हैं क्रिटिकल कैस को ही जिला अस्पताल रेफर किया जाएगा।

# एक्शन में दिख रही महिला पुलिस, महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा के बता रही टिप्स मनचलो पर लगी लगाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु मंदिरों/पंडालों, स्कूल/कॉलेजों में जाकर तथा गांव-गांव में चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे



विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उ0प्र0 सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिला सुरक्षा की दृष्टि से बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सादे कपड़ों में संवैदनशील क्षेत्र/ हॉटस्पॉट का भ्रमण करते हुए अनावश्क रुप से घूम रहे लड़को/व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति दिलाती है भागवत कथा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** क्षेत्र के गांव दीघी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा सुनाते हुए व्यास पीठ महामंडलेश्वर आचार्य हरिकांत महाराज ने बताया कि किसी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले यह ध्यान रखना चाहिए कि वहां आपका,आपके इष्ट तथा गुरु का अपमान न हो,चाहे वह आपके जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो। कथा के दौरान सती चरित्र प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की बात नही मानने पर सती अपने पिता के घर बिना निमंत्रण



गई,पर पति का अपमान होने पर उन्हें स्वयं को अग्नि में भस्म करना पड़ा। व्यास प्रवर ने बताया कि भागवत कथा जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति दिलाती है। इसके श्रवण मात्र से विचार,वैराग्य,ज्ञान के साथ हरि से मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है।ध्रुव प्रसंग की चर्चा करते हुए आचार्य ने कहा कि भक्ति के लिए उम्र बाधा नहीं है। हमे अपने बच्चों को अच्छे संस्कर देने चाहिए। कथा के दौरान नैन सुख उर्फ मन्हीराम शर्मा, कुलदीप.शर्मा, साधना, तेजप्रकाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुभाषचंद्र, कन्हैया लाल,कुमरपाल, खानचन्द आदि.मौजूद रहे।

# तीन उपनिरीक्षको का स्थानांतरण होने पर कोतवाली परिसर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** कोतवाली में तैनात तीन पुलिस उपनिरीक्षको अंकित कुमार चौहान, विपिन कुमार आर्य, विमला कुमारी, का स्थानांतरण कोतवाली मेरठ, कोतवाली हापुड़, हो जाने पर पुलिस कर्मियों द्वारा कोतवाली परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



समस्त थाना स्टाफ गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी द्वारा उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सतीश पुरी, ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है आप लोग जहां भी रहे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ तथा सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करें उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सतीश पुरी, एस आई चन्द्रपाल सिंह, एस आई विजय सिंह, एस आई विशाल प्रताप सिंह, एस आई विमला कुमारी, प्रियांशु चौधरी, सुनील कुमार चौहान, कपिल चौधरी, चन्द्रकान्त कुमार, राकेश सैनी, कुलदीप चौधरी, राजकुमार चौधरी, आलम, अभिषेक यादव, प्रियंका शर्मा, सफीक खांन, सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

# भीषण गर्मी में बर्फ की सिल्ली के दाम छू रहे आसमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कस्बे में भीषण गर्मी के चलते कस्बे में बिकने वाली बर्फ की सल्ली की कीमत आसमान छू रही है। शिकारपुर कस्बे में 160 रुपये की बिकने वाली बर्फ की सिल्ली 400 रुपए से लेकर 1000 तक बिक रही है। शिकारपुर कस्बे में भीषण गर्मी का बर्फ व्यापारी जमकर लाभ उठा रहे हैं। लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर मनचाही रकम वसूल कर रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते लोग बर्फ व्यापारियों द्वारा निर्धारित कीमतों पर बर्फ लेने के लिए मजबूर है। शिकारपुर कस्बे में बर्फ की बढ़ती कीमतों को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे बर्फ नहीं सोना बिक रहा हो। जब संबंध में शिकारपुर एसडीम प्रियंका गोयल से फोन पर जानकारी चाही गई तो उनका फोन तक नहीं उठा ।

# वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन गौरी शंकर महाविद्यालय में किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** रोटरी क्लब बुलंदशहर द्वारा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन गौरी शंकर महाविद्यालय में किया गया। इस कैंप में सर्वाइकल कैंसर की तीसरी डोज लगाई गई।लगभग 40 लड़कियों को यह डोज मुफ्त में प्रदान की गई। इसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक गुप्ता जी महाविद्यालय की प्रिंसिपल अंशु बंसल जी क्लब अध्यक्ष नवीन गर्ग जी विशाल अग्रवाल जी,अंकुश जिंदल अंकुर गर्ग, भानु प्रकाश जी मनीष डंग जी, डॉक्टर शैली शर्मा, डॉक्टर आकांक्षा ,अरुणा गर्ग और शोभित अग्रवाल जी उपस्थिति रही इस कैंप में अतुल मित्तल जी का विशेष सहयोग रहा। उसके पश्चात क्लब द्वारा कलश होटल पर भीषण गर्मी से राहत देने के लिए राहगीरों को मीठे और ठंडे जल का वितरण किया गया जिसमे रविकांत अग्रवाल जी का विशेष सहयोग रहा।



# जनपद बुलंदशहर में चकबंदी विभाग के द्वारा करोड़ों की अवैध उगाई भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू ने बताया कि जिलाधिकारी व डीडीसी जिला बंदोबस्त अधिकारी के यहां चकबंदी की समस्याओं को लेकर सूबे सिंह डागर प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया जिसमें गांव याकूबपुर सारंगपुर किसवा गड़ी मौजपुर खाद मोहन नगर वह अन्य गांव में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान किसानों से जमकर अवैध उगाई की गई है। चकबंदी प्रक्रिया में नियमों को ताक में रखकर नक्शा के विरुद्ध नाप की है पैसे लेकर मनमाफिक चक नापे गए हैं चकरोड सेक्टर नक्शा के विपरीत डाले गए हैं पूर्व में तैनात जिला बंदोबस्त अधिकारी द्वारा बार-बार अपने आदेश को रिस्टोर किया गया है ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे हैं सैक्टर 12 मैं गांव की पोखर के लिए रास्ता व नाली याकूबपुर में नहीं है गांव याकूबपुर में 45 फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं जबकि भारी अनमित्रताएं गांव में मौजूद हैं लगभग 50 किसान हाईकोर्ट से नाप का आदेश करा कर लाए हैं नक्शा में पैसे लेकर बिना किसी आदेश के परिवर्तन किया गया है चकबंदी बाहर जो जमीन है उनमें मौके पर फसल खड़ी हुई है पैसे लेकर गलत चकबंदी बाहर का आदेश किया गया है किसानों से पैसे लेकर दो जगह लाभ दिया गया है किसानों के चक के लिए चक रोड नाली नहीं दी है।

किसानों के चक कई जगह बना दिए हैं किसानों की चकरोड पर अवैध कब्जे हो रहे हैं मौके पर फसल खड़ी है इस मौके पर कई गावों के किसान मौजूद रहे विष्णु चौधरी को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया व अन्य लोगों को संगठन में शामिल कर जिम्मेदारी दी गई संगठन विस्तार किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सूबे सिंह डागर प्रदेश प्रभारी एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू सुदेश प्रधान जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ विष्णु चौधरी नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील चौधरी मंडल अध्यक्ष युवा डॉक्टर नईम जिला उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह धीरेंद्र चौधरी रशीद ठाकुर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र चाहर



तहसील अध्यक्ष शिकारपुर राजेंद्र सिंह जिला कार्यकारी अध्यक्ष बुलन्दशहर सत्येंद्र शर्मा गुड्डन चौधरी राहुल चौधरी व अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

ज्ञापन के माध्यम से 3 जुलाई 2024 तक किसानों के गांव में कैंप लगाकर समस्याओं का समाधान का अनुरोध किया गया है ऐसा नहीं करने पर 4 जुलाई 2024 को समय 11:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय बुलंदशहर पर चकबंदी विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से जिला प्रशासन व चकबंदी विभाग बुलंदशहर की होगी चौधरी कुलदीप गुड्डू ने सभी किसान देवताओं को दिल से आभार व्यक्त किया ।

**जानकारी** — फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों को अपनाने के बाद व्यक्ति थका हुआ महसूस करता है, वहीं योगासन करने के बाद शरीर हल्का व स्फूर्तिवान हो जाता है

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जानिए,योगासन क्यों करने चाहिए ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान) नई जानकारी देते हुए बताया कि योगासन क्यों करने चाहिए आजकल युवा फिटनेस के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाने लगे हैं। वे एरोबिक्स, जिमनास्टिक, पाइलेट्स, डांस फॉर्म जुम्बा व जिम जाने को प्राथमिकता देते हैं। उनके अनुसार ये साधन उन्हें तेजी से कैलोरी कम करने में, पतला होने में व उनके बेडौल शरीर को सुंदर और सुडौल बनाने में मदद करते हैं। पर यह लेख, आपको इस सच से अवगत कराएगा कि इन आधुनिक तकनीकों और प्राचीनतम योगासनों के बीच कहीं कोई बराबरी नहीं है। योगासन का नियमित अभ्यास शारीरिक मल व मन के विकार भी नष्ट करता है।

आइए अंतर्राष्ट्रीय योग-दिवस के उपलक्ष्य में, जानें इनके बीच के मुख्य अंतरः-

फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों से केवल बाहरी शरीर मजबूत होता है। शरीर के आंतरिक तंत्र सशक्त नहीं बन पाते। पर योगासनों से हमारे स्थूल और सूक्ष्म- दोनों शरीरों पर प्रभाव पड़ता है। शरीर के साथ मन भी पुष्ट होता है।

फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों जैसे एरोबिक्स, जुम्बा डांस आदि को हर उम्र का व्यक्ति या रोगी नहीं कर पाता। वहीं बहुत से ऐसे योगासन हैं, जो हर उम्र के व्यक्ति व रोगी आसानी से कर सकते हैं। जिम की मशीनों पर व्यायाम करने से शरीर की माँसपेशियों में कड़ापन आ जाता है। वहीं योगासनों से शरीर सुडौल और लचीला बना रहता है।

फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों को अपनाने के बाद व्यक्ति थका हुआ महसूस करता है। वहीं योगासन करने के बाद शरीर हल्का व स्फूर्तिवान हो जाता है। तरोताजगी और सुकून का अनुभव करता है।



फिटनेस के आधुनिक साधनों का प्रयोग करने से शारीरिक और प्राण शक्ति दोनों नष्ट होती हैं। पर योगासन करने से शारीरिक और प्राण शक्ति का संचय होता है।

फिटनेस की ये नई तकनीकें जब तक तेज गति से न की जाएँ, इनका लाभ प्राप्त नहीं होता। इस कारण माँसपेशियों को नुकसान होने का खतरा बना रहता है। वहीं आसन धीमी गति से करने पर सर्वाधिक लाभ देते हैं और माँसपेशियाँ भी कमजोर नहीं होतीं।

जिम बनाने के लिए अच्छी खासी जगह, धन और उपकरणों की जरूरत होती है। पर योगासन के लिए दरी और थोड़ी सी जगह के अलावा किन्हीं बाहरी साधनों की आवश्यकता नहीं होती है।

जब हम फिट रहने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाते हैं, तो हमारा मन बाहरी संगीत या मशीन पर केन्द्रित होता है। पर योगासनों के दौरान हमारा ध्यान अपनी श्वासों पर होता है। बहिमुर्खी न होकर, अंतमुर्खी होता है।

फिटनेस के आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करते हुए, हमारी श्वास प्रक्रिया अनियंत्रित हो जाती है। वहीं योगासन श्वास क्रिया को नियंत्रित करते हैं, जिससे फेफड़े मजबूत होते हैं।

सेहत की इन आधुनिक तकनीकों से किसी बीमारी का इलाज संभव नहीं है। पर आसनों से कई लाइलाज रोगों का निदान होता देखा गया है। आधुनिक व्यायाम प्रणालियाँ शरीर के भीतर के विषाक्त पदार्थों का निष्कासन नहीं कर पातीं। पर आसनों के द्वारा शरीर विषाक्त द्रव्यों को निकालने में सक्षम होता है। शरीर का सर्वांगीण व सुनियोजित विकास आसनों से संभव हो पाता है; एरोबिक्स या जुम्बा डांस या जिम एक्सरसाइज से नहीं। आधुनिक व्यायाम तकनीकों का असर हॉर्मोन उत्पादित करने वाली ग्रंथियों पर नहीं पड़ता। वहीं योगासन जैसे सर्वांगासन, शीर्षासन आदि इन ग्रंथियों पर भी प्रभाव डालते हैं।

फिटनेस की इन आधुनिक तकनीकों से मुख्यतः माँसपेशियों पर प्रभाव पड़ता है। वहीं योगासन आंतरिक अंगों को भी स्वस्थ करते हैं।

इन अंतरों को जानने के बाद, आशा करते हैं कि आप सही चुनाव कर पाएँगे कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए कौन सा विकल्प श्रेष्ठ है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी पाठकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ में इनामी बदमाश 'चूहा' गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश पर अलग-अलग थानों में लूट तथा अन्य अपराधों के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था।



प्रकाश उर्फ चूहा नाम का यह बदमाश काफी लंबे समय से अपने साथी के साथ मिलकर लूट की वारदातों को अंजाम दे रहा था। वह दिल्ली के कल्याणपुरी का रहने वाला है और नोएडा में वारदात कर वापस दिल्ली चला जाता था।

पुलिस ने बताया है कि 19 जून की देर रात थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एफएनजी रोड पुस्ता के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया। दोनों रुकने की बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में प्रकाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस तथा चोरी की मोटरसाइकिल और लूट के चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। कल्याणपुरी का ही रहने वाला उसका साथी मनीष मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश के लिए कॉम्बिंग की जा रही है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रकाश उर्फ चूहा (25) और उसका साथी मोबाइल लूट और अन्य वारदातों में लंबे समय से संलिप्त हैं। पुलिस कई दिनों से उन्हें पकड़ने की कवायद कर रही थी। प्रकाश पर लूट के एक दर्जन से ज्यादा मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास आम लोगों को मिलेंगे सस्ते घर

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अपने मकान का सपना देखने वाले प्रदेश के लोगों के लिए यह हकीकत बन सकता है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जल्द ही एक प्लॉट स्कीम लाने जा रहा है, जिसमें करीब 6 हजार प्लॉट्स को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि यीडा क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकासकर्ता के चयन के बाद प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित विभिन्न संपत्तियों के आवंटन के लिए जन सामान्य ने रुचि दिखाई है। प्राधिकरण की विगत आवासीय भूखंड योजना में लगभग 1.50 लाख से अधिक आवेदकों द्वारा भूखंड आवंटन के लिए आवेदन किया गया था। इसके बाद से ही प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आर्थिक रूप से दुर्बल एवं निम्न आय वर्ग के लिए छोटे आकार के भूखंडों का नियोजन और आवंटन किए जाने की आवश्यकता जताई जा रही है।

**30 वर्ग मीटर का हो सकता है भूखंड**

यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण तेजी से इस योजना की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण के द्वारा सेक्टर 16, 17, 18, 20 व 22डी में 60 वर्ग मीटर से 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के लगभग 28900 भूखंडों का आवंटन किया गया है, जिसमें इनफॉर्मल सेक्टर के लिए चिह्नित भूमि पर 30 वर्ग मीटर के भूखंडों की योजना लाई जानी प्रस्तावित है। प्राधिकरण की ओर से कोशिश की जा रही है कि छोटे प्लॉट्स आम आदमी की पहुंच में हों। 30 वर्ग मीटर के एक भूखंड का कुल प्रीमियम वर्तमान आवंटन दर पर 25,900 रुपए प्रति वर्ग मीटर के अनुसार 7 लाख 77 हजार रुपए होगा। यमुना एक्सप्रेसवे दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ के बीच स्थित है। यह फरीदाबाद से भी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसलिए यह स्कीम बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**यमुना सिटी में 6000 सस्ते प्लॉट्स की योजना प्रस्तावित, यीडा जल्द कर सकता है घोषणा**

**योजना के तहत केवल 7.77 लाख रुपए में जेवर एयरपोर्ट के पास मिल सकेगा अपना प्लॉट**

**यीडा क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मियों को मिलेगा आरक्षण**

इस योजना में आरक्षण का भी प्राविधान किया जाना प्रस्तावित है। इसमें सर्वाधिक 25 प्रतिशत आरक्षण उन वर्कर्स को दिया जाएगा जो यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही 5 प्रतिशत आरक्षण यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत संस्थानों के कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 5 प्रतिशत एक्स सर्विस मैन को, 5 प्रतिशत वॉर विडो, 5 प्रतिशत एससी-एसटी को, 4 प्रतिशत दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। शेष 51 प्रतिशत जनरल आवेदकों को भूखंड आवंटित किया जाएगा।

**योग्य आवेदक ही कर सकेंगे आवेदन**

आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए। उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकेगा। किसी भी स्कीम में प्लॉट या फ्लैट पाने वालों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक की आय तीन लाख रुपए से प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाणपत्र भी आवेदन के साथ अटैच होना चाहिए। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा निवास प्रमाण पत्र भी होना चाहिए। इसके साथ ही योजना के तहत सभी सफल आवेदकों और आवंटी 10 वर्ष तक आवंटित प्लॉट को ट्रांसफर नहीं कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आवंटन के 60 दिनों के अंदर आवेदकों को रजिस्ट्रेशन फीस समेत टोटल प्रीमियम की 30 प्रतिशत राशि और जीएसटी (यदि देय हो तो) जमा करानी होगी। शेष 70 प्रतिशत राशि दस समान किस्तों में 10 प्रतिशत ब्याज पर चुकानी होगी।

# नगर निगम की दुकानों के किराये के मुद्दे को लेकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से व्यापार मंडल मिला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद नगर निगम की 1702 दुकानों के किराए के मुद्दे को लेकर व्यापार मंडल द्वारा व्यक्तिगत रूप से लखनऊ पहुंचकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की।

अपनी परेशानियों से अवगत कराया उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों को फोन किया और इस समस्या को जल्द से जल्द निस्तारित करने के लिए कहा और व्यापारियों को आश्वस्त किया कि जो कार्य होगा वह व्यापारियों के हित में होगा।



राजू छाबड़ा युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष ने बताया कि इस विषय को लेकर उच्च अधिकारियों से मुलाकात की और सभी समस्याओं से अवगत करवाया व्यापारियों द्वारा भी आश्वासन दिया गया है कि नियम अनुसार ही किराया बढ़ाया जाएगा साथ में राकेश स्वामी,रमते राम रोड अध्यक्ष, सुरेश महाजन, महानगर चेयरमैन, संजीव लाहोरिया ,गोल मार्केट अध्यक्ष) सुरेश गुप्ता रामानुज दयाल मार्केट व्यापार मंडल,से उपस्थित रहे।

# GIMS द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** रक्त के लिए बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर GIMS द्वारा आयोजित किया गया , ग्रेटर नोएडा ने 20-06-2024 को आईटीओ में जे के टायर कॉपोरेट कार्यालय में सहयोग में ग्रेटर नोएडा किया था। शिविर डॉ शालिनी बहादुर, प्रभारी, रक्त बैंक और डॉ शालिनी शुक्ला, सहायक प्रोफेसर, रक्त बैंक के साथ-साथ जीआईएमएस के ट्रांसफ्यूजन सेंटर के कर्मचारियों के साथ आयोजित किया गया था। शिविर का उद्घाटन हरि शंकर सिंघानिया द्वारा किया गया था। शिविर में कुल 89 इकाइयां रक्त एकत्र की गई थीं। हम प्रियंका बंगा, शिविर के संचालन के निदेशक सरकोमा कैंसर देखभाल फाउंडेशन के लिए बहुत आभारी हैं।



# जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान और प्रख्यात कॉर्पोरेट ट्रेनर व प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा की फर्म डायनेमिक इंडिया इनफोनेट प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता पर हुए हस्ताक्षर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान (जीआईएमएस) और डायनेमिक इंडिया इनफोनेट प्राइवेट लिमिटेड के बीच आधिकारिक रूप से साझेदारी करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।





इस अनुबंध के अनुसार, संस्थानों का उभय उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न मापदंडो द्वारा व्यवहार कुशलता प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है इस अनुबंध के अनुसार, छात्रों को व्यावसायिक सफलता और प्रचलित परिप्रेक्ष के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स, जैसे संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमताएं, टीमवर्क और अनुकूलता, में पारंगत किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा इस मौके पर बोलते हुए जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के निदेशक डॉ भूपेंद्र कुमार सोम ने कहा कि "इस साझेदारी से हमारा उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक कुशलताओं में भी प्रशिक्षण प्रदान करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है।

हमारे पाठ्यक्रम में व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित व्यवहार कुशलता प्रशिक्षण को सम्मिलित करके, हम छात्रों को व्यावसायिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करने का लक्ष्य रखते हैं।"डायनेमिक इंडिया इनफोनेट प्राइवेट लिमिटेड, जो प्रोफेशनल, प्रशिक्षण और विकास समाधानों में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है, के संस्थान प्रमुख सोनू शर्मा के अनुसार, हम इस पहल में जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के साथ साझेदारी कर-के खुश हैं एवं छात्रों के विकास हेतु व्यवहार कुशल प्रशिक्षण के तर्कसंगत मापदंडों को विकसित करने एवं कक्षा में उसके प्रभावशाली अनुप्रयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं । हम आश्वस्त हैं कि हमारा यह संयुक्त प्रयास अपने उद्देश्यपूर्ती में अवश्य सफल होगा।

अनुबंध हस्ताक्षर के कार्यक्रम की श्रृंखला में संस्थान के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सोनू शर्मा ने शिक्षण एवं अध्ययन प्रक्रिया के विभिन्न आयामों एवं वर्तमान में शिक्षण एवं अध्ययन में आ रही चुनौतियों एवं इसके समाधानों पर विस्तृत चर्चा की । शर्मा ने अपने व्यक्तव्य में व्यवसाय के अकादमिक ज्ञान एवं व्यावहारिक ज्ञान में निरंतर बढ़ रही दूरी को विशेष रूप से रेखांकित किया और अपने मौलिक विचारों से इस समस्या के संभावित समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दौरान उपस्थित श्रोताओं ने अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं जिन पर सोनू शर्मा ने विस्तार पूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अवसर पर संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने शर्मा को पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर स्वागत और अभिनन्दन किया एवं अपने वक्तव्य में इस साझा प्रयास की उपयोगिता एवं आवश्यकता को रेखांकित किया ।

स्वदेश कुमार सिंह ने इस प्रयास का मूल उद्देश्य छात्रों का सर्व समावेशी विकास है, और संस्थान अपने इस वचन के लिए पूर्णतया कटिबद्ध है. संस्थान ये आश्वासन देता है कि छात्रों के हित में सदैव ऐसे नवीन एवं बहु आयामी प्रयासों के लिए भविष्य में अग्रसर रहेगासंस्थान के इस कुशल भागीरथ प्रयास के लिए संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर राजेश गुप्ता व वाईस चेयरमैन गौरव गुप्ता ने सराहना की एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की ।कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षक एवं शिक्षेतर अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सिल्की गौर एवं धन्यवाद् ज्ञापन डॉक्टर शालिनी शर्मा ने किया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 15 गांवों में लगा रहा सीवर का नि:शुल्क कनेक्शन शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 15 गांवों में सीवर कनेक्शन के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्राधिकरण की तरफ से यह शिविर 07 जून से शुरू हुआ है और 30 जून तक चलेगा। ग्रेटर नोएडा के गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सीवर कनेक्शन के लिए मुहिम चलाने के निर्देश दिए हैं। जल-सीवर विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने बताया कि विगत 07 जून से 15 गांवों में शिविर लगाया जा रहा है, जो कि 30 जून तक चलेगा। ये गांव अजायबपुर, हजरतपुर, मकोड़ा, रिठौरी, डाबरा, इमलिया, पौव्वारी, घोड़ी-बछेड़ा, मायचा, खैरपुर गुर्जर, चौगानपुर, तुस्याना, लड़पुरा, घंघोला एवं थापखेड़ा हैं। सीवर कनेक्शन के लिए प्राथमिक विद्यालय/ बरातघर में शिविर लगाया जा रहा है। आवेदक अपना आधार व फोटो साथ शिविर में आकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सीवर कनेक्शन में किसी प्रकार की असुविधा होने पर सहायक प्रबंधक हरिंद्र सिह (7827104579), सहायक प्रबंधक पीपी मिश्रा (9810380863), प्रबंधक शुभांगी तिवारी (7000881709), प्रबंधक कनुप्रिया श्रीवास्तव (8874343300) और वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार के मोबाइल नंबर (9205691408) पर संपर्क किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने का कहना है कि ग्रामीण शिविर में जाकर सीवर के कनेक्शन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने गांवों की स्वच्छता के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है।



# गलगोटियास विश्वविद्यालय ने दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियास विश वविद्यालय ने 20 जून 2024 से 21 जून 2024 तक "आउटकम-आधारित मूल्यांकनः प्रभावी प्रश्न डिजाइन के रहस्यों को उजागर करना झ ज्ञान और कठिनाई का संतुलन" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में अजय भागवत जी इनपॉड्स इंडिया (पुणे) के निदेशक मुख्य मुख्य वक्ता के रूप में पहुँचे। इस कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और मूल्यांकन डिजाइनरों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रश्न तैयार करने के उनके कौशल को बढ़ाना। प्रभावी प्रश्न डिजाइन के माध्यम से विभिन्न स्तरों के ज्ञान और संज्ञानात्मक क्षमताओं का सही तरीके से मूल्यांकन करना।प्रतिभागियों को प्रश्न निर्माण में उन्नत तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं से सशक्त बनाना।यह सुनिश्चित करना कि प्रश्न निष्पक्ष, स्पष्ट और चुनौतीपूर्ण हों ताकि वास्तविक समझ का प्रभावी रूप से मूल्यांकन किया जा सके। प्रश्न डिजाइन में शामिल बारीकियों की व्यापक समझ प्रदान करना।

मूल्यांकन को कठोर, न्यायसंगत और शैक्षिक मानकों के अनुरूप बनाना। सत्र की शुरूआत सुबह 10:30 बजे विशेष अतिथि अजय भागवत इनपॉड्स इंडिया (पुणे) के निदेशक का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुई। कुलपति, प्रो. (डॉ.) के. मल्लिकाजुर्ना बाबू ने कार्यशाला के महत्व और छात्रों के सीखने की संस्कृति और मूल्यांकन के प्रभाव पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रो-वाईस चांसलर, प्रो. (डॉ.) अवधेश कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की सफलता के लिए अपनाए गए नवीन दृष्टिकोणों के बारे में विस्तार से चर्चा की। लगभग 60 संकाय सदस्य, जिनमें विभिन्न स्कूलों के डीन और विभागाध्यक्ष शामिल थे, जो आज के इस सत्र में शामिल हुए। कल 21 जून को होने वाले सत्र में भी लगभग 60 संकाय सदस्य भाग लेंगे इस प्रकार से इस दो दिवसीय कार्यशाला में कुल 130 संकाय सदस्य भाग लेंगे। अजय भगवत ने विभिन्न सीखने के स्तर, उनके मूल्यांकन और प्रत्येक स्तर से जुड़ी क्रियाओं पर चर्चा की। उन्होंने यह भी समझाया कि इन सीखने के स्तरों को पाठ्यक्रम के साथ कैसे जोड़ा जाता है और अंत में उपयुक्त प्रश्नों का निर्माण करके इन सीखने के स्तरों का मूल्यांकन कैसे किया जाए।सत्र के दूसरे भाग में, संकाय सदस्यों को अपने-अपने विषयों के लिए विभिन्न कठिनाई स्तरों पर प्रश्न बनाने के लिए कहा गया।



**प्रतिबद्ध** | योगी सरकार प्रदेश के हर मरीज के इलाज और जांच पर दे रही जोर

# प्रदेश को वर्ष 2027 तक मलेरिया मुक्त करेगी योगी सरकार

**ममदूद वारसी**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में इस साल अब तक 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं।

केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर दिया जा रहा जोर मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर जोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। साथ ही सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है। साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दशार्यी है। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए हर मामले की जांच और पूरा इलाज किया जाता है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों, संबंधित कर्मचारियों और प्रथम पंक्ति के कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया है और सभी जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

**मच्छर नियंत्रण के लिए की जा रही फॉगिंग**

राज्य मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है।

**सीएम योगी के निर्देश पर मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान**

**राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है**

इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां भी पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है। इसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है। लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। समुदाय को जागरूक करने के लिए गोष्ठियां की जा रही हैं। शहरी क्षेत्र में इन्सेक्ट कलेक्टर द्वारा उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां मच्छरों का घनत्व अधिक है और वहां पर प्रॉयरिटी के आधार पर इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। शहरी क्षेत्र में यह काम नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में समुदाय को बताया जा रहा है एवं बुखार पीड़ितों की रैपिड डायग्नोस्टिक किट के द्वारा मलेरिया की जांच की जा रही है।



**यह हैं मलेरिया के लक्षण**

सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना
तेज सिर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना
थकान, चक्कर आना, कमजोरी बढ़ना
उल्टी आना
थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐंठन होना ।

**ऐसे करें खुद का बचाव**

घर व आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें
गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामाग्री में पानी को एकत्र न होने दें
कूलर का पानी जल्दी-जल्दी बदलते रहें, समय-समय पर मिट्टी का तेल डालते रहें
सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्वायल का प्रयोग करें
पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढककर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए
गर्भवती इनसेक्टीसाइड ट्रीटेड मच्छरदानी

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकना हम सभी की जिम्मेदारीः डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महात्मा गाँधी, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, गाजियाबाद की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के साथ-साथ उपभोक्ता प्रतिनिधि, प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मण्डल, गाजियाबाद, प्रतिनिधि औषधि विक्रेता संघ गाजियाबाद उपस्थित रहे। बैठक में अधिक टर्नओवर वाले खाद्य कारोबारियों द्वारा खाद्य रजिस्ट्रेशन लेकर कारोबार किये जाने के द्दष्टिगत प्रतिवर्ष 12 लाख रुपए से अधिक टर्नओवर वाले खाद्य कारोबारकताओं को खाद्य लाइसेन्स लेकर अपना खाद्य कारोबार संचालन किये जाने हेतु चर्चा हुयी। ड्रग मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा जनपद में अवैध मेडिकल स्टोरो के विरूद्ध जाँच कर कार्यवाही किये जाने एवं रजिस्ट्रर्ड दवा विक्रेताओं द्वारा ऐसे अवैध मेडिकल स्टोरों को दवा बिक्री न किये जाने का मुद्दा उठाया गया। जिसके सम्बन्ध में औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा द्वारा तत्सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा आने वाले दिनों में एक चुनौती है जिसे मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं बिक्री के स्तर पर सतर्क, सावधान एवं सचेत रहते की आवश्यकता है। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिसूचना के आधार पर सामान्य खाद्य कारोबार कर्ताओ समेत मीड-डे-मील सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों एवं बाल विकास पुष्टाहार में विभाग द्वारा वितरित किये जाने वाले खाद्य पदार्थो लगातार कार्यवाही किये जाने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मिलावट का कार्य करने वाले, उस मिलावटी समान को विक्रय करने वाले एवं जांच अधिकारियों को यह सोचते हुए कार्य करना चाहिए कि जिस पर वे यह गलत कार्य कर रहे हैं, कोई और भी उन्हीं की तरह अपने फायदे के लिए अन्य खाद्यय पदार्थों में मिलावट कर रहा होगा और किसी ना किसी रूप में हम ,वह स्वयं, भी उपभोक्ता हैं। इसलिए अपने कर्त्तव्य के प्रति ईमानदार रहे और नियमानुसार कार्य करें।

किसी भी खाद्यय पदार्थ में यदि मिलावट पाई जाती हैं तो उसके लिए टोल फ्री नं0-1800-180-5533 पर कॉल करें। खाद्यय पदार्थों में मिलावट रोकना की हम सभी की जिम्मेदारी है।उक्त बैठक में अपरजिलाधिकारी (नगर) गम्भीर सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-द्वितीय, औषधि निरीक्षक एवं समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि सुशील अरोडा, संदीप बंसल, प्रवीन मित्तल, राजीव त्यागी इत्यादि मौजूद रहे।

## कौन हैं तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम कुमार? जिस पर नीट पेपर लीक कांड करने और लाखों बच्चों के भविष्य से खेलने के संगीन आरोप लगे हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** प्रीतम कुमार (52 साल) बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। अगस्त 2022 में उन्हें नई पदस्थापना मिली और तेजस्वी यादव का निजी सचिव (सरकारी) बनाया गया. प्रीतम के पिता का नाम सुभाष चंद्र निराला है वे बिहार के मुंगेर के रहने वाले हैं।

दरअसल, प्रीतम और NEET पेपर लीक कांड का मास्टरमाइंड सिकंदर प्रसाद यादवेंदु आपस में रिश्तेदार हैं। यादवेंदु ने कमरा बुक करवाने में प्रीतम से मदद मांगी थी यादवेंदु ने इसी गेस्ट हाउस में अपने भतीजे अनुराग यादव समेत तीन अन्य परीक्षार्थियों को ठहराया था। गेस्ट हाउस की बुकिंग के कच्चे बिल और रजिस्टर में एंट्री मिली है। यह गेस्ट हाउस पटना चिड़ियाघर और पटना हवाई अड्डे के पास स्थित है और ठळअक के गुलजारबाग डिवीजन का है।

## आईएमए गाजियाबाद द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आईएमए द्वारा 19 एवं 20 तारीख को आडू पार्क राज नगर निकट आई एम ए भवन गाजियाबाद में सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक एक घंटा योग किया जा रहा है। यह योग शिविर आई एम ए गाजियाबाद एवं योग संस्थान गाजियाबाद मिलकर कर रहे हैं जिसमें योगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है 21 तारीख को योग शिविर का 19 तारीख को 20 एवं 20 तारीख को 25 लोगों ने योग किया। इस अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर वाणी पुरी रावत, सचिव डॉक्टर विजय बत्रा, कोषाध्यक्ष डॉक्टर रिनू गोयल, नवनियुक्त अध्यक्ष डॉक्टर राजीव गोयल, यूपी आई एम ए सचिव डॉक्टर विश्व बंधु जिंदल, डॉक्टर मुकेश अग्रवाल, डॉक्टर संदीप वार्ष्णेय डॉक्टर सीमा वार्ष्णेय, डॉक्टर सलभ गुप्ता डॉ प्रमोद सभरवाल डॉक्टर सरला मेहता डॉक्टर प्रहलाद एवं सीमा चावला डॉक्टर अर्चना शर्मा डॉक्टर शालिनी अग्रवाल आदि एवं योग संस्थान के पदाधिकारी ने योग शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं योग के लाभ पर विभिन्न जानकारियां प्रदान की ।कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर का समापन किया जाएगा आप सभी प्रातः 6:30 बजे आडू पार्क निकट आई एम ए भवन में पर आमंत्रित है धन्यवाद टीम आई एम ए गाजियाबाद।





## डीएम की अध्यक्षता में भूजल निष्कर्षण एन0ओ0सी0 धारक कम्पनियों की बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भूजल निष्कर्षण एन0ओ0सी0 धारक कम्पनियों की बैठक आहूत हुई।

**बैठक में एनओसी धारक 20 कम्पनियों में से 19 को नोटिस देने हेतु लिया निर्णय एक सप्ताह के नोटिस के बाद, शर्ते पूर्ण ना होने की दशा में किये जाएं बोरवेल सील्डः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

हरिओम, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, गाजियाबाद,नोडल अधिकारी द्वारा एनओसी प्राप्त 20 कम्पनियों को कितना–कितना भूजल दोहन करने की अनुमति प्राप्त है व उनके द्वारा भूजल का स्तर बनाये रखने हेतु नियमानुसार दी गयी शर्तों का पालन किया जा रहा है या नहीं, की जानकारी ली गयी। जिसमें पाया गया कि मोहन मीकिन्स, मोहन नगर द्वारा नियमों व शर्तों का पालन किया गया अन्य 19 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके द्वारा शर्तों के अनुरूप कार्य करने की प्रक्रिया जारी है, तो किसी ने कहा कि कार्य पूर्ण हो चुका हैं आप जांच करवा सकते हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह सहित कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा सभी तथ्यों को ध्यानपूर्वक सुना गया जिसके बाद निर्णय लिया गया कि शेष 19 फर्मो में जिन फर्मो ने जांच कराने की बात कही है उनकी जांच की जायेगी यदि जांच में शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया उन्हें और जिन कम्पनियों द्वारा शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है उन्हें एक सप्ताह के अन्दर कार्य पूर्ण करने का नोटिस दिया जायेगा और एक सप्ताह बाद बोरवेलों को सील्ड कर दिया जायेगा। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि कम्पनियों के द्वारा नियमानुसार शर्तों को जितने मानकों में पूरा किया जा रहा है उनकी कम्पनी के उतने बोरवोलों को सील्ड ना किया जाए। यह बोरवेल तब तक सील्ड रहेंगे जब तक उनके द्वारा नियमानुसार शर्तों का पालन नहीं किया जाता।





बैठक में अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, हरिओम, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, गाजियाबाद,नोडल अधिकारी, ग्रा0वा0पोर्टल, एवं भूजल निष्कर्षण एन0ओ0सी0 धारक 20 कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग लिया गया।

## स्वागत समारोहः शहर की हर समस्या का समाधान भी जल्दी ही किया जाएगाः सांसद अतुल गर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्वागत समारोह में गाज़ियाबाद नगर के सम्मानित वरिष्ठ उधोगपति और समाज सेवी व्यक्तियों ने भाग लिया ।

सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि मेरे दरवाजे सब के लिये खुले हैं । सांसद अतुल गर्ग का स्वागत सभी प्रतिष्ठित नागरिकों ने किया जिसमें सभी वैश्य समाज के लोग नजर आए सांसद अतुल गर्ग ने कहां की मैं गाजियाबाद की जनता का आभारी रहूंगा जिन्होंने अपना विश्वास मुझ पर जता कर यह साबित कर दिया है की शहर की जनता आज भी मेरे लिए स्नेह रखती है सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि शहर की हर समस्या का समाधान भी जल्दी ही किया जाएगा अगर उनके पास कोई आम नागरिक भी समस्या लेकर आता है तो उसका तुरंत समाधान किया जाएगा सांसद अतुल गर्ग ने शहर की जनता के लिए कहा की मेरे लिए कोई छोटा बड़ा नहीं है मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले हैं सभी के लिए खुले हैं और खुले ही रहेंगे और सभी के लिए जैसी संभव हो सकेगी मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे गाज़ियाबाद के सभी लोगों की बात सुनी जा रही है । लोहा व्यापार के अध्यक्ष अतुल जैन , एस.वी. पी ग्रुप के विजय जिन्दल द्वारा सांसद का स्वागत करते हुए सांसद अतुल गर्ग को गाज़ियाबाद की शान बताया अनुज मित्तल ,राजेंद्र मोदी वाले ,आलोक गर्ग राकेश झारियाँ ,भँवर पाल सिंह जालौन ,उपेन्द्र गोयल , विजय गर्ग ,दिनेश बंसल , निर्मल अग्रवाल ,प्रदीप बंसल , राकेश मित्तल ,गुलशन भाँवरी ,प्रमोद गुप्ता ,राम निवास बंसल ,विजय जिन्दल ,योगेश गर्ग ,रोटेरियन विनीत माहेश्वरी व रोटरी क्लब से संजय अग्रवाल द्वारा सांसद अतुल गर्ग का स्वागत मैं उपस्थित रहे।

## 13 वर्षीय दिव्यांशु सोलंकी ने जीती ब्राउन बेल्ट प्रथम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद शास्त्री नगर महिंद्रा एंक्लेव स्थित युवान कराटे स्कूल गाजियाबाद में बेल्ट टेस्ट हुआ । जिसमें दिव्यांशु सोलंकी ने 97 प्रतिशत भारी अंक प्राप्त करके ब्राउन बेल्ट हासिल की ।युवान कराटे स्कूल के अध्यक्ष एवं मुख्य कोच कृष्ण रावत ने बताया यह बेल्ट प्रशिक्षण लगभग तीन से चार घंटे चला इसमें दिव्यांशु सोलंकी ने कड़ी मेहनत के बाद यह बेल्ट परीक्षा पास किया ।दिव्यांशु सोलंकी अब तक 50 से ज्यादा चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं जिसमें उन्होंने जिला, स्टेट और नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल निकालकर अपना व अपने जिले का कई बार नाम रोशन किया है ।आपको बता दें दिव्यांशु सोलंकी शास्त्री नगर महिंद्रा एंक्लेव स्थित सिल्वर शाइन स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र हैं पढ़ाई लिखाई में भी सबसे आगे हैं और खेलकूद में भी सबसे आगे हैं 'हाल ही में हुई 12 में 2024 को नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल निकलने पर सिल्वर शाइन स्कूल के मैनेजर प्रियदर्शन वशिष्ठ के द्वारा इनको मेडल,पहनाकर सम्मानित भी किया गया था ।दिव्यांशु के पिता राजीव सोलंकी जोकि नोएडा अथॉरिटी में कार्यरत हैं उन्होंने बताया कि दिव्यांशु का बचपन से ही खेल के प्रति रुझान रहा है और कराटे इसके लिए अच्छा विकल्प है। आगामी महीने जुलाई 2024 में जुजुत्सु जिला स्तरीय चैंपियनशिप होने जा रही है जिसमें दिव्यांशु सोलंकी हिस्सा लेंगे व जीतकर अपने जिले का नाम रोशन करेंगे ' इस अवसर पर स्कूल के सभी पदाधिकारी महेश सोनी, लक्ष्मी वर्मा , राजुल आलम ने दिव्यांशु सोलंकी को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।



## प्रचंड गर्मी का कहरः अस्पताल पहुंचते पहुंचते लोग तोड़ रहे हैं दम पोस्टमार्टम हाउस में शो पीस बने है डीप फ्रीजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** इन दिनों गर्मी की चपेट में आकर लगातार मौतें हो रही हैं। अस्पतालों में बेहोशी की हालात में मरीजों को लाया जा रहा है जो अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड रहे हैं। मरने वालों में कई ऐसे भी हैं जिनकी पहचान तक नहीं हो पा रही है। इसके चलते इन शवों का पहचान और मरने की सटीक वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। लेकिन

पोस्टमार्टम हाउस का भी हाल बेहाल है। भीषण गर्मी होने के कारण शवों को अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता। लेकिन पोस्टमार्टम हाउस में ड्रीप फीजर खराब पड़े हैं। पोस्टमार्टम हाउस में वर्तमान में दस डीप फ्रीजर हैं जिसमें से महज चार ही संचालित हैं बाकी के फ्रीजर खराब पडे हैं ।ऐसे में शवों को अधिक समय तकरखने में परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं पिछले 24 घंटे में करीब एक दर्जन शव पोस्टमार्टम के लिएपहुंचे हैं, जिन्हें रखने में स्टाफ को समस्या का सामना करना पड रहाहै। उस पर कटौती होने के चलते ड्रीप फ्रीजर भी पूरी क्षमता से कामनहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल के डॉ. विनोद चंद्र पांडेय ने बताया कि अस्पताल में सडक पर बेहोश मिले कई लोगों को भर्ती कराया गया है जिनकी मौत हो गईथी। उनकी पहचान और मौत की सही वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्था को लेकर उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। जिला अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण मौतों की संख्या बढी हैं ।हालांकि पूरा प्रयास किया जा रहा है कि शवों का समय से पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कराया जाए।शवों की संख्या बढने के कारण पोस्टमार्टम हाउस में डॉक्टर्स की एक अतिरिक्त टीम लगाई गई है ।सहयोगी स्टाफ भी बढाया गया है ताकि 24 घंटे के अन्दर पोस्टमार्टम हो सके। डीप फ्रीजर को लेकर उन्होंने दावा किया कि एक दो फ्रीजर खराब हैं बाकी सभी सहीकाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा किभीषण गर्मी में लोग डिहाईड्रेशन कीचपेट में अधिक आ रहे हैं, एकदम से शरीर में पानी की कमी होने से मौत तक भी हो रही हैं। ऐसे में लोगअधिक से अधिक पानी पीएं।




## राष्ट्रीय जनशक्ति संगठन ने रिद्धिमा तकियार उनकी माताजी और बड़ी बहन को सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह भेटकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय जनशक्ति संगठन द्वारा गाजियाबाद का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप प्रधान, संरक्षक हरिकांत शर्मा, भोला दास , महावीर आर्य ,दोनों महामंत्री राजीव कुमार व प्रोफेसर योगेश शर्मा, चौधरी देवेन्द्र सांगवान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा चंद्रवीर एवं जिला अध्यक्ष राजा दीवान के अतिरिक्त अनेक कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम रिद्धिमा तकियार उनकी माताजी और बड़ी बहन को साथ सभी का परिचय कराया गया तथा सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह भेटकर परिवार को सम्मानित किया व भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। रिद्धिमा की माताजी ने 2019 में अपने पति स्व विश्वजीत टकियार के स्वर्गवास के उपरांत की परिस्थितियों, संघर्ष तथा अपने परिवार को आत्म सम्मान के साथ चलाने के बारे में बताया। अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रिद्धिमा व परिवार को तन मन धन से हर संभव सहायता के लिए संगठन के हर समय तैयार रहने का वचन दिया। रिद्धिमा व उनकी माता जी ने सभी पदाधिकारीयों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।






**आयोजन** | **हमारे समाज में शुरू से ही नारी को पुरूष से अधिक महत्व दिया गया है**

# कन्या भ्रूण हत्या से बड़ा कोई पाप नहीं हैः महंत नारायण गिरी महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के कन्या भ्रूण हत्या क्यों जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे महाराजश्री।

गाजियाबाद प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा गुरूवार को नवयुग मार्केट में कन्या भ्रूण हत्या क्यों जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप व पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ अनिल अग्रवाल रहे। महंत नारायण गिरी महाराज ने कहा कि कन्या भ्रूण अपराध ही नहीं बहुत बडा पाप है। जन्म लेने से पहले ही किसी जीवन को खत्म करने का पाप करने वालों को भगवान कभी माफ नहीं करता है और उसे जन्म.जन्मांतर तक कष्ट भोगने पडते हैं। महाराजश्री ने कहा कि नारी ही प्रकृति है। नारी के बिना जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। सृष्टि को पैदा करने वाली नारी ही है और इसी कारण प्राचीन काल में हमारा समाज नारी प्रधान था और नारी का इतना आदर मान सम्मान था कि उसे देवी का दर्जा दिया गया है। अनादि काल से चली रही शक्ति पूजा भी इस बात को स्पष्ट करती है कि हमारे समाज में शुरू से ही पुरूष की अपेक्षा नारी को अधिक महत्व दिया गया है। यहां तक कहा गया है कि पिता असत्य हो सकता हैए मगर मां कभी भी असत्य नहीं हो सकती है। समाज का जबसे नैतिक पतन हुआ, तभी से समाज पुरूष प्रधान हो गया और नारी को अबला का दर्जा दे दिया गया जबकि नारी अबला नहीं है क्योंकि पूरी सृष्टि ही नारी पर टिकी हुई है। यही कारण है कि जब भी देवताओं पर कोई संकट आया तो उन्हें देवी की शरण में ही जाना पडा। कन्या माता लक्ष्मी का रूप है और जिस घर में आती है उस घर में सुख समृद्धि अपने आप आ जाती है। उन्होंने कल्पना चावला किरण बेदी दुर्गा भाभी रानी लक्ष्मीबाई तीजन बाई आदि अनेक उदाहरण देकर बताया कि अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। बल्कि पुरुषों से अधिक मान सम्मान कमा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्या का जो पाप हो रहा था, उसी का परिणाम था कि वर्ष 2011 में पुरूष व महिला का अनुपात 1000 व 900 थाए मगर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार के सख्त कानूनों तथा बेटियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया और आज 1000 पुरूष व 1020 नारी हैं। कन्या भ्रूण हत्या के प्रति समाज को जागरूक करने में प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन व उसके संस्थापक बी के शर्मा हनुमान का भी अहम योगदान है, जो पिछले कई वर्षो से लोगों के बीच जाकर उन्हें कन्या भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से लोगों की समझ में आ रहा है कि बेटे व बेटी में कोई अंतर नहीं हैं। दोनों समान हैं और आज की बेटी बेटे से भी बढकर है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप व पूर्वराज्यसभा सदस्य डॉ अनिल अग्रवाल ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या पाप ही नहीं महापाप है। जो इसके जिम्मेदार होंगे, उनको इसकी सजा अवश्य मिलेगी। बेटी को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मर्षि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि उनकी संस्था पिछले 33 वर्षों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संकल्प दिवस का आयोजन करती आ रही है। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों में जागरूकता का संदेश दिया जाता है। उन्होंने महाराजश्री व अन्य अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। समाजसेविका वंदना चौधरी, विनीता पाल, बीके यशपाल, छोटेलाल कनौजिया, एडवोकेट सतीश भारद्वाज, डॉ जहीर अहमद, डॉ एस पी पाल, डॉ एके जैन, डॉ मिलन मंडल, डॉ एसपी गुप्ता, डॉ आरपी शर्मा, डॉ सुबोध त्यागी, डॉ नूर मोहम्मद, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ विनीत कुमार शर्मा, डॉ केपी सरकार, डॉ बी पी सिंह, डॉ देवाशीष ओझा, डॉ निशा चौधरी, डॉ सुभाष शर्मा, डॉ दिलीप कुमार, डॉ बिल्लू कुमार प्रजापति, डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ सुनीता बहल, डॉ एस निशा, डॉ एन एस तोमर, डॉ फरहा खान, डॉ फुरकान अली, डॉ श्याम लाल सरकार, डॉ सपन सिकदर, डॉ श्रीकांत मलिक, डॉ उस्मान अली आदि भी मौजूद रहे।





# बिजली के ट्रांसफार्मर की जाली में उतरे करंट की चपेट में आकर बैल की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- धौलाना के गांव खिचरा में ट्रांसफार्मर लगी जालियों में आचनक उतरा करंट
- बेल की दर्दनाक मौत से गांव में मचा हड़कंप
- बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । धौलाना के गांव खिचरा में मुख्य रास्ते पर लगे विद्युत ट्रान्सफार्मर के जाल में आचनक विद्युत करंट उतर आया । वही कुछ दूरी पर खड़े एक बेल की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई । घटना के बाद गांव में हड़कंप मचा गया । बिजली विभाग को सूचना देकर विधुत आपूर्ति बंद कराई गई । बैल के मालिक आरिफ पुत्र हाजी मलखान ने बताया की ट्रान्सफार्मर में अचानक जोरदार करंट उतरने के कारण बैल की मौत हो गई । यही नहीं नाली में भी करंट उतर रहा है । जिससे गांव में दहशत का माहोल उत्पन्न हो गया । ट्रांसफार्मर के पास देखने में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि लाइन से जो केबिल की लीड ट्रांसफार्मर पर लगी है वह अधिक गर्मी पड़ने के कारण पिघल गई थी और वह जाली से टच हो गई । जिससे जाली में करंट उतर गया है । विद्युत विभाग ग्रामीण क्षेत्र के जई रविन्द्र कर्दम ने बताया कि लीड जल जाने के कारण करंट उतर आया है । लीड को तत्काल प्रभाव से बदला जा रहा है । विद्युत आपूर्ति भी जल्द सुचारू कर दी जायेगी । तथा मृतक बैल का पोस्टमार्टम भी कराया जाएगा । जिससे उसके स्वामी को कुछ आर्थिक मदद मिल सके ।



# सीडीओ ने सीएचसी व ग्राम मीरापुर गढ़ी का औचक निरीक्षण किया सीएचसी में लैब टेक्निशियन तैनात करने के सीएमओं को दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने पिलखुवा में संचालित सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व धौलाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मीरापुर गढ़ी का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को सीएचसी में लैब टेक्निशियन तैनात करने के निर्देश दिये। गुरुवार को सीडीओ आईएएस अभिषेक कुमार ने पिलखुवा स्थित सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण में साफ सफाई ठीक नहीं मिलने पर सफाई कर्मी से सफाई सुनिश्चित कराने,मरीजों ने बताया कि उनका ठीक ढंग से उपचार व दवाई मिल रही है। लैब टैक्निशियन का स्थानान्तरण होने पर सीएमओ को लैब टैक्निशियन तैनात करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सक डा.शेखर व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।




दूसरी ओर सीडीओ ने धौलाना विकास खंड के गांव मीरापुर गढ़ी का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बहुत कम हो रही है। तभी सीडीओ ने अधिशासी अधिकारियों को नियमानुसार गांव में विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिये। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि गांव जल निकासी की समस्या है। ग्राम सचिव ने बताया कि जिला पंचायत द्वारा नाला निर्माण कराया जा रह है। जिसके बनने से जल निकासी की समस्या खत्म हो जायेगी। इस अवसर पर बीडीओ अभिमन्यु सेठ,ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**दूसरी ओर सीडीओ ने धौलाना विकास खंड के गांव मीरापुर गढ़ी का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बहुत कम हो रही है। तभी सीडीओ ने अधिशासी अधिकारियों को नियमानुसार गांव में विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिये**

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान...जिला क्षय रोग विभाग की टीम ने गांव सावई व हुमायूपुर गांव में की स्क्रीनिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- वर्ष 2025 तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराना लक्ष्य
- जिले में पांच ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी है

**हापुड़।** आगामी वर्ष 2025 तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराना है। जिसके लिए ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में बृहस्पतिवार को जिला क्षय रोग विभाग की टीम ने जिला क्षय रोग अधिकारी डा.राजेश सिंह ने नेतृत्व में गांव सावई व हुमायूपुर पहुंचकर स्क्रीनिंग की। स्क्रीनिंग के दौरान जांच के लिए 60 से अधिक स्पुटम लिए गए। जबकि गांव की आबादी 1960 है। मानक के अनुसार एक हजार की आबादी पर कम से 30 व्यक्तियों की जांच करने पर सभी जांच यदि निगेटिव आती हैं,तो ऐसी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त माना जाएगा। डीटीओ डा. राजेश सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को गति देने के लिए ऐसे गांवों की स्क्रीनिंग की जा रही है,जहां टीबी रोगी कम हैं,और काफी समय से कोई नया रोगी भी सामने नहीं आया है।

गुरुवार को अभियान में सावई हुमायूपुर गांव में विभाग की टीम ने लोगों की स्क्रीनिंग करने हुए ग्रामीणों का टीबी के प्रति संवेदीकरण किया गया। उन्हें बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार रहना, खांसी में बलगम या खून आना, रात में सोते समय पसीना आना, सीने में दर्द रहना, अचानक वजन कम होना या थकान रहना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से एक भी लक्षण आने पर टीबी की जांच कराना आवश्यक है।



जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि जनपद की पांच ग्राम पंचायतें 24 मार्च, 2024 को विश्व टीबी दिवस के मौके पर टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। इन ग्राम पंचायतों में गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक से लोधीपुर और कल्याणपुर एवं सिंभावली ब्लॉक से नवादा कलां, अट्टा धनावली और असरा ग्राम पंचायत शामिल हैं। इस अभियान का सफल बनाने के लिए जन सहयोग जरूरी है,जो लक्षण आने पर तुरंत जांच कराकर किया जा सकता है। टीबी की जांच और उपचार की सुविधा जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान धीरज सिरोही,जिला क्षय रोग विभाग से एसटीएस हसमत अली,दीपक कुमार, राकेश बैसला आदि मौजूद रहे।

# फरियादी या कर्मचारी से कराये बात... शासन द्वारा निगरानी करने से अधिकारियों में मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- शासन से विकास भवन में कई अधिकारियों के पास आया फोन
- जनसुनवाई के समय जनता की शिकायतें सुनकर करें निस्तारण

**हापुड़।** शासन द्वारा निर्धारित जन सुनवाई के समय कार्यालय से अधिकारियों के नदारद रहने से जनता की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए शासन ने अधिकारियों की निगरानी करनी शुरू कर दी है। शासन द्वारा निगरानी करने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कि जन सुनवाई के समय जनता की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें। आपको बता दें,कि लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में भाजपा को प्रदर्शन के मुताबिक सीटें नहीं मिली। जिसका एक कारण जन सुनवाई के समय अधिकारियों का कार्यालयों से नदारद रहना,जनता की शिकायतों का निस्तारण नहीं होना भी माना जा रहा है।



अब लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद शासन से अधिकारियों पर निगरानी शुरू कर दी है। शासन द्वारा फोन के माध्यम से अधिकारियों पर निगरानी शुरू कर दी है,कि अधिकारी कार्यालय में किस समय पहुंचते है। गत गुरुवार को शासन द्वारा विकास भवन में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को फोन करके जाना कि वह कार्यालय में मौजूद है,तो वहां मौजूद फरियादी से बात कराये,फरियादी नहीं है,तो कार्यालय के कर्मचारी से बात कराये। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया,कि वह जन सुनवाई के समय कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करें।

# सरस्वती ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन, में "स्टार ऑफ द मन्थ" का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सरस्वती इन्स्टीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेस, अनवरपुर,(हापुड) "स्टार ऑफ द मन्थ" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ० जे० रामाचन्द्रन, उपाध्यक्षा राम्या रामाचन्द्रन एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ० जे०के० गोयल उपस्थित सभी कर्मचारियों को सम्बोधित किया।

संस्थान की उपाध्यक्षा राम्या रामाचन्द्रन ने कहा कि हमें "स्टार ऑफ द मन्थ" कार्यकम की शुरूआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी संस्था में नॉन टीचिंग कर्मचरियों के उत्कृष्ट योगदान को प्रोत्साहित करने की एक पहल है। जिसके कम में सम्मानित किया गया। 14 कर्मचारियों को उनके सहरानीय कार्य के लिये इस मौके पर संस्था की कार्यवाहक प्रधानाचार्या डॉ० बरखा गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ० जे०के० गोयल, फामेर्सी कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ० नितिन कुमार, नर्सिग कॉलिज की प्रधानाचार्या श्रीमती मनोहरी, डायरेक्टर- आर० दत्त, सचिव एम० नटराजन, एच०आर० मैनेजर डी० लुकरेशिया रूबावथी, चिकित्सकगण, एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।



# सीडीओ ने बीडीओ को लगाई कड़ी फटकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- सीडीओ को ग्राम पंचायतों में नहीं मिली साफ-सफाई
- बीडीओ 10 से 12 बजे कार्यालय में जन सुनवाई करें

**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने ग्राम पंचायतों में साफ सफाई नहीं मिलने पर खंड विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए गांवों व तालाबों की साफ सफाई सही ढंग से कराने के निर्देश दिये।

गुरुवार को विकास भवन सभागार कक्ष में सीडीओ अभिषेक कुमार ग्राम्य विकास,पंचायती राज विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन 10 से 12 बजे कार्यालय में बैठकर जन सुनवाई कर शिकायतों को निस्तारण करें,मनरेगा के तहत कराये जा रह विकास कार्यों का लक्ष्य के अनुसार प्रतिमाह निरीक्षण करें,बरसात से पूर्व अमृत सरोवरों की मनरेगा से सफाई कार्य कराये,जिन अमृत सरोवर का निर्माण कार्य प्रगति पर है,बरसात से पूर्व उनका निर्माण पूर्ण कराये,सभी कार्यों का समय से भुगतान करें,शौचालयों की जीओ टैगिंग करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आज शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में योग दिवस का आयोजन करें,बरसात में सभी सरकारी भवनों की छतों की सफाई कराने व ग्राम पंचायतों में एक गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डीडीओ देवेन्द्र प्रताप सिंह,जिल पंचायत रात अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला व सभी बीडीओ मौजूद रहे।



ब्रांड एंबेसडर | ईओ ने ब्रांड एंबेसडर का प्रमाण पत्र व आई कार्ड प्रदान किया गया

# ब्रांड एंबेसडर बने दानिश कुरैशी व अनीता सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग द्वारा प्रदेश के नगर निगम व नगर पालिकाओं में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किये जा रहे हैं। ताकि ब्रांड एम्बेसडरों के माध्यम से लोगों में जागरूकता उत्पन्न हो सके व उत्तर प्रदेश पूरे भारत में स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम आ सके।

आपको बता दें,कि नगर पालिका परिषद हापुड़ के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वैलफेयर सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी व मां लक्ष्मी एरिया लेवल फेडरेशन की अध्यक्ष अनीता सिंह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। जिन्हें अधिशासी अधिकारी/ उप जिलाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा ब्रांड एंबेसडर का प्रमाण पत्र व आई कार्ड प्रदान किया गया



मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश सिंह व सफाई निरीक्ष राजकुमार ने दोनों ब्रांड एंबेसडरो से अनुरोध किया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के प्रति आम जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करें,कि नगर पालिका परिषद हापुड़ को प्रदेश स्तर पर ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नंबर वन लाने में सहयोग करें।

ब्रांड एंबेसडर दानिश कुरैशी ने कहा कि उनकी सोसाइटी पिछले 7-8 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी रहकर निःस्वार्थ भाव से कार्य कर आम जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर रही है। उन्हें पूर्व में भी नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा स्वच्छता योद्धा नियुक्त किया गया था। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन अमित कुमार,सेनेटरी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार तेवतिया, नीरज कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त, व्यक्ति द्वारा दहेज की मांग करने पर तत्काल सूचित करें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** समाज में दहेज लेने व देन जैसी कुरीतियों व घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी डिप्टी कलेक्टर ईला प्रकाश को नियुक्त किया है। जो जिला प्रोबेशन अधिकारी का कार्यभार भी देख रही है। जनपद की नव नियुक्त जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी ईला प्रकाश ने बताया कि जिले में कोई भी व्यक्ति दहेज की मांग करता है,तो वह दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत अपराध की श्रेणी में आयेगा। जिले में महिला को सुसराल पक्ष द्वारा दहेज से सम्बंधित पीड़ित किया जाता है,तो वह तत्काल जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी से लिखित में प्रार्थना पत्र विकास भवन के कमरा नंबर 30 में दे सकती है।



उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला अपनी शिकायत जनपद में संचालित वन स्टॉप सेन्टर के टॉल फ्री नंबर 181 पर दर्ज करा सकती है। इसके अलावा

**निराश्रित महिला से पुर्न विवाह करने पर दाम्पति पुरस्कार मिलेगा**

महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना संचालित की जा रही है। निराश्रित महिला से पुर्न विवाह करने पर व्यक्ति को दाम्पति पुरस्कार दिया जायेगा।

In my Army Record my wife's name is wrongly mentioned as FARHA KHATOON, whereas my wife's correct name is FARHA BEGUM. Service No. JC775234X Rank SUB Mainuddin Ali S/o Late Meharban Ali, R/o.- Village - Tayala, PO & Dist - Hapur, UP, 245101.

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# तगड़ा घोटाला हुआ



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जब भी कभी हम किसी प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर सुनते हैं, तो सबके मन में व्यवस्था को लेकर काफी सवाल उठते हैं। इससे पूरी व्यवस्था में फैले हुए भारी भ्रष्टाचार का प्रमाण मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी खबरें कुछ ज्यादा ही आने लगी हैं। सोचने वाली बात है कि इससे देश के युवाओं पर क्या असर पड़ेगा? महीनों तक परीक्षा के लिए मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के मन में इस बात का डर बना रहेगा कि रसूखदार परिवारों के बच्चे पैसे के बल पर उनकी मेहनत पर पानी फेर देंगे? मध्य प्रदेश में हुए व्यापम घोटाले के बाद अब एक बार फिर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए 'नीट परीक्षा में हुए घोटाले पर जो बवाल मचा है, उससे तो यही लगता है कि चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। साल 2016 में पहली बार मेडिकल एंट्रेंस के लिए 'नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी नीट की शुरूआत हुई। पहले तीन वर्षों में इसे सीबीएसई द्वारा संचालित किया गया परंतु साल 2019 से इन इम्तिहानों की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को दी गई। जब से नीट की परीक्षा लागू हुई है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इस परीक्षा की कटऑफ इतनी हाई गई है। यदि एनटीए की मानें तो 'नीट कटऑफ कैंडिडेट्स की ओवरऑल परफॉम्रेस पर निर्भर करती है। कटऑफ बढ़ने का मतलब है कि परीक्षा कंपटीटिव थी और बच्चों ने बेहतर परफॉर्म कियाइ। परंतु क्या यह बात सही है? गौरतलब है कि इस बार की नीट परीक्षा में 67 ऐसे युवा हैं, जिन्हें 720 अंकों में से 720 अंक मिले हैं। ऐसे कई युवा भी हैं, जिन्हें 718 और 719 अंक प्राप्त हुए हैं, जो परीक्षा पद्धति के मुताबिक असंभव है। 720 के टोटल मार्क्स वाली नीट परीक्षा में हर सवाल 4 अंक का होता है। गलत उत्तर के लिए 1 अंक कटता है। अगर किसी स्टूडेंट ने सभी सवाल सही किए तो उसे 720 में से 720 मिलेंगे। अगर एक सवाल का उत्तर नहीं दिया, तो 716 अंक मिलेंगे। अगर एक सवाल गलत हो गया, तो उसे 715 अंक मिलने चाहिए। लेकिन 718 या 719 किसी भी सूरत में नहीं मिल सकते। जाहिर है कि तगड़ा घोटाला हुआ है। जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष नीट परीक्षा दी उनसे जब यह पूछा गया कि इस बार की परीक्षा कैसी थी? तो उनका जवाब था कि इस बार की परीक्षा काफी कठिन थी, कटऑफ काफी नीचे रहेगी। एनटीए द्वारा एक और स्पष्टीकरण भी दिया गया है जिसके मुताबिक इस बार टॉप करने वाले कई बच्चों को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए हैं। इसका कारण है कि फिजिक्स के एक प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। ऐसा इसलिए है कि फिजिक्स की एक पुरानी किताब, जिसे 2018 में हटा दिया गया था, अभी भी पढ़ी जा रही थी। परंतु यहां सवाल उठता है कि आजकल के युग में जहां सभी युवा एक दूसरे के साथ सोशल मीडिया के किसी न किसी माध्यम से जुड़े रहते हैं, या फिर जहां कोचिंग लेते हैं, वहां पर सबसे संपर्क में रहते हैं। फिर ये कैसे संभव है कि छह साल पुरानी किताब को सही नहीं कराया गया होगा? अगला सवाल यह भी उठता है कि एनटीए द्वारा किस आधार पर ग्रेस मार्क्स दिए गए? जबकि मेडिकल परीक्षाओं में ग्रेस मार्क्स देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 2018 के एक आदेश का संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार यदि प्रशासनिक लापरवाही के कारण परीक्षार्थी का समय खराब हो तो किन विद्यार्थियों को किन परिस्थितियों में कितने ग्रेस मार्क्स दिया जा सकते हैं। परंतु गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का यहां उल्लेख किया जा रहा है वह कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) के लिए था, उसी आदेश में यह साफ-साफ लिखा है कि यह आदेश मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा परंतु एनटीए ने न जाने किस आधार पर इस आदेश को संज्ञान में लिया।

# विश्व संगीत दिवस- संगीत है शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम



ललित गर्ग

संगीत मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है ह्लएक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करनाह्व
संगीत दिवस को ह्यफेटे डी ला म्यूजिकह्ण के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है ह्यसंगीत उत्सवह्ण। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समवर्ग, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कोस्टारीका, इजाराइल, चीन, लेबनाम, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।
विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलों के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है ह्व विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।



भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्त्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।
संगीत आपके मूड, भाव और विचारों पर असर डालने की ताकत रखता है। एक अध्ययन के अनुसार, जोशीला संगीत कुछ समय में ही मूड को तरोताजा कर देता है। संगीत के सात स्वर बीमारियों को छूमंतर कर सकते हैं। संगीत मन के भाव को बयां करने का बेहद सरल तरीका है। संगीत में लय, ताल का समावेश है तो संगीत थिरकने पर मजबूर कर देता है। लेकिन यही संगीत हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकता है। वैदिक काल में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह पूरी तरह से प्रमाणित होता है कि उस समय संगीत चिकित्सा शिखर पर रही होगी। ऊं का नाद स्वर इसी संगीत चिकित्सा का सर्वोपरि उदाहरण है। संगीत के हर राग में रोग निरोधक क्षमता है। राग पूरिया धनाश्री अनिद्रा दूर करता है, तो राग मालकौंस तनाव से निजात दिलाता है। राग शिवरंजिनी मन को सुखद अनुभूति देता है। राग मोहिनी आत्मविश्वास बढ़ाता है। राग भैरवी ब्लड प्रेशर और पूरे तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित रखता है। राग पहाड़ी स्नायु तंत्र को ठीक करता है। राग दरबारी कान्हड़ा तनाव दूर करता है तो राग अहीर भैरव व तोड़ी उच्च रक्तचाप के लिए कारगर है। दरबारी कान्हड़ा अस्थमा, भैरवी साइनस, राग तोड़ी सिरदर्द और क्रोध से निजात दिलाता है।
आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें। बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं।

## अध्ययन की अलखग जगा

मन के सारे संशय मिटा दे,
भ्रम जाल भव बंधनों को हटा दें,
तू अध्ययन की अलख जगा,
ज्योति यह ज्ञान की भीतर सुलगा ।

मन मंदिर में धुनी यह चिंतन रमा,
कर्तव्यनिष्ठ हो अपने को आजमा,
मेहनत के दिन-रात घोड़े भगा,
जैसे अर्जुन का तीर निशाने लगा ।

ध्यान से ध्यान कर पुंज ये भीतर खिला,
डर को पूर्ण त्याग आत्मविश्वास झिलमिला,
ताम-झाम सब छोड़कर कर्म ये श्रेष्ठ अपना,
यूं बुद्धिमत्ता से मुकद्दर को अपना बना ।

परिश्रम और धैर्य का पाठ पढ़ता जा,
जीवन को इंद्रधनुषी रंगो सा सजा,
सुरली धुन पर मन मयूर को यूं नचा,
समय का सदुपयोग कर कीर्तिमान रचा ।

कंटीले कष्टप्रद पथरीले रास्ते हैं तो क्या हुआ,
प्रकाशित हो तू जैसे ध्रुवतारा टिमटिमाता हुआ,
हौसला बुलंद रख कठिनाइयों से मत घबरा,
जीवन में तेरे "आनंद" अमृत का रस हो भरा ।

अविराम अनंत आकाश की ओर बढ़ता जा,
सपनों की उन्मुक्त उड़ान पंख फैलाए भरता जा,
बड़ी से बड़ी मुश्किल का हल ढूंढता जा,
परीक्षाओं को लग्न से उत्तीर्ण करता जा ।



मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# भीषण गर्मी से खुला काम करने वाले मजदूरों को सबसे ज्यादा नुकसान क्यों ?



प्रियंका सौरभ

भारत में हाल ही में आई भीषण गर्मी ने कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा दिया है , जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं । ये नौकरियाँ लचीलापन प्रदान करती हैं , लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है।
अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अक्सर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं।
ऐसे विपरीतसमय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करनाबहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए: राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा। वर्कर्स के लिए एक न्यूनतम वेतन नीति स्थापित करना ताकि एक स्थिर आय और न्यूनतम भुगतान किए गए घंटे या कमाई सुनिश्चित हो सके। जैसे सिंगापुर के प्रस्तावित विधायी परिवर्तनों में श्रमिकों के लिए कार्य-चोट बीमा और पेंशन कवरेज का विस्तार करना शामिल है, जिसका भारत भी अनुकरण कर सकता है। वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता देना या उन्हें समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करना समय की मांग है।

## शुक्रवार का राशिफल

मेष- विदेश सेवा संबंधी कार्यों सफलता मिलेगी, करियर में सौ प्रतिशत देंगे, घूमने फिरने का मन होगा। भाग्य प्रतिशत- 81

वृषभ- क्रिएटिव कार्य व नई व्यवसायिक योजना बनाने के लिए दिन शुभ है, घर के मसले सुलझ जाएंगे, रूठे लोगों से बातचीत होगी।
भाग्य प्रतिशत- 72

मिथुन- मन सुखी रहेगा, करियर में उन्नति होगी, परिवार के लोगों से मिलना होगा, आपकी योजना सफल होगी।
भाग्य प्रतिशत-73

कर्क- मित्र व नए लोगों से मदद मिलेगी, इंटरव्यू दे सकते है, तर्क क्षमता अच्छी होगी, गले मे परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-70

सिंह- अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करेंगे, इंडिपेंडेंट कार्य शुरू कर सकते है, धन काम को बढ़ाने के लिए मिलेगा, सरकार से फायदा होगा।
भाग्य प्रतिशत- 89

कन्या- व्यवसाय मे चतुरता दिखाएंगे, बड़े लाभ दिख रहे है, राजनीति में रुझान बढ़ेगा, दायरा बढ़ेगा।भाग्य प्रतिशत-78

तुला- अचानक कोई खुशखबरी मिल सकती है भाग्य का साथ मिलेगा, फैशन, ज्वैलरी, कपड़ा व्यवसाय से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत- 81

वृश्चिक- क्रोध बढ़ेगा, रक्त की कमी हो सकती है, सरकारी अधिकारियों से मेलजोल होगा, शिक्षा को बढ़ायेंगे।
भाग्य प्रतिशत- 76

धनु- बुखार से बचे, परिवार को लेकर चिंतित रहेंगे, कमीशन कार्य से लाभ होगा, अपने कार्य मे उन्नति होगी।भाग्य प्रतिशत-52

मकर- धन खर्च बढ़ेगा, चिंता रहेगी पत्नी के परिवार से सहयोग मिलेगा, सुख प्राप्ति के लिए परिश्रम बढ़ेगा।भाग्य प्रतिशत-49

कुम्भ- धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों से लाभ होगा, पथरी, गुर्दे, हार्मोन की समस्या से बचे, धन खर्च बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

मीन- सन्तान की उन्नति होगी, साझेदारी व्यवसाय व नौकरी अच्छी चलेगी, मन मे अच्छे विचार व किसी को सलाह देंगे।
भाग्य प्रतिशत-88



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# संवेदनशील प्राणी "हाथी" के साथ मजाक एवं क्रूरता महंगी पड़ेगी



डॉ. बी.आर. नलवाया,
प्राध्यापक-वाणिज्य,मंदसौर

अति प्राचीन काल से हमारी यह धारणा रही है कि संसार में भावनाएं सिर्फ मनुष्य में ही पाई जाती है, किंतु बाद में पता चला की भावनाएं केवल इंसानों में ही नहीं बल्कि जानवरों में भी होती है। फिर जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास किया एवं पेड़ पौधों पर अध्ययन किए गए तो पेड़ पौधों में भी भावनाओं का पाया जाना स्पष्ट हो गया। अब यह तयशुदा बात है की भावनाएं अथवा संवेदनशीलता सभी प्राणियों में पाई जाती है।
आपने भी कई बार अपने आसपास उपस्थित जानवरों में भावनाओं को महसूस किया होगा, कभी अपने पालतू जानवर को अपनों से बिछड़ने पर रोते हुए देखा होगा। जानवरों में कौन कितना अधिक भावुक है इसकी व्याख्या कुछ वर्षों पूर्व अमेरिका की विलियम एंड मैरी कॉलेज की मानव विज्ञान की प्रोफेसर बारबरा किंग ने अपनी एक पुस्तक "हाउ एनिमल्स ग्रीव" में की है। अपनी इस पुस्तक में उन्होंने जानवरों की अनेक प्रजातियों पर किए गए अध्ययन को लोगों के साथ शेयर किया है। उनकी व्याख्या बताती है कि दुख व्यक्त करने में हाथी सबसे अधिक भावुक जानवर है। किताब में उन्होंने जानवरों की अनेक प्रजातियों के द्वारा अपनों से बिछड़ने के शौक को व्यक्त करने के तरीकों का वर्णन किया है, जिसमें हाथी द्वारा भावनाएं प्रकट करने का तरीका अचरज भरा था। उन्होंने बताया कि हाथी के शव को रेत में छोड़ दिए जाने पर पाया गया कि हाथियों के पांच अलग-अलग परिवार उस हाथी के शव के पास आए और सभी ने अलग अलग तरीके से अपनी भावनाएं व्यक्त की। किसी ने शव के चारों ओर चक्कर लगाकर दुख व्यक्त किया तो किसी ने चुपचाप उसके पास खड़े रहकर तो किसी ने अन्य तरीके से सूंड उठाकर अपनी अपनी संवेदना प्रकट की। बारबरा का कहना है कि वे यह नहीं मानती कि जानवरों का शोक प्रकट करने का तरीका इंसानों की तरह का है किंतु कुछ प्रजातियों में दुख व्यक्त करने की भावनाएं वास्तविक होती है।
राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने पिछले दिनों गज उत्सव 2023 के उद्घाटन के अवसर पर असम स्थित काजीरंगा नेशनल पार्क में एक हाथी को पुचकारा और उसे केला खिलाया। उन्होंने बताया कि मानव हाथी संघर्ष का गहन विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि हाथियों के प्राकृतिक गलियारों में अवरोध है, इसके लिए मनुष्य जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि लोगों को हाथियों के साथ दया का व्यवहार करना चाहिए। हाथी हमारा राष्ट्रीय विरासत पशु है इसकी रक्षा करके हम अपनी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा कर सकते हैं। हाथी झुंड में रहते हैं और यदि किसी एक हाथी पर भी मुसीबत आती है तो दूसरे उसकी मदद करते हैं। मनुष्यों को इससे सीख लेनी चाहिए।
विगत 2 सप्ताह पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें जंगल में एक हाथी धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है एवं उसके आगे चल रही एक विदेशी लड़की अपने एक हाथ में केले का एक पूरा डंकल और दूसरे हाथ में केला लेकर हाथी को खिलाने की कोशिश कर रही थी। लड़की केला खिलाने के लिए हाथी को आगे बुला रही थी, उसका यह वीडियो कोई मोबाइल कैमरे में शूट कर रहा था। वह लड़की हाथी को अकेला दिखा कर बार-बार आगे बुलाने के लिए प्रेरित तो करती रही परंतु केला नहीं खिलाया। लड़की की इस हरकत से हाथी क्रोधित हो गया और उसने अपनी सूंड से लड़की पर हमला करके लड़की को थोड़ी दूर गिरा दिया और उसे चोट भी आई।
स्पष्ट है कि एक हाथी को लोग मूर्ख नहीं बना सकते, भले ही वह पालतू हो। कैद में रहने वाले सबसे बुद्धिमान जानवर में हाथी प्रमुख है। हाथी मनुष्य की गंध को 3000 फीट दूर से भी महसूस कर लेता है। हाथी जब मद में आता है तो उसे संभालना बहुत कठिन हो जाता है। कुछ हाथियों को संभालने के मामले में 64 वर्ष की उम्र में भी डॉक्टर कुशलकुंवर शर्मा का विश्व कीर्तिमान स्थापित है। वह कहते हैं कि हाथी को संभालना है तो उसके मुड़ को भांपना बहुत जरूरी है। हाथी कोई मशीन नहीं है, बल्कि एक जीव है। आप उसके साथ जैसा पेश आएंगे बदले में वह भी वैसा ही बर्ताव करेगा। हाथी बहुत संवेदनशील जीव है जो आप की क्रिया को देखकर सब कुछ भांप जाता है।
हाथी भी उन प्रजातियों की सूची में सम्मिलित है जिनके विलुप्त होने का खतरा है। दक्षिण एशिया में अभी करीब 48000 हाथी है और इनमें से 30000 हाथी अकेले हमारे देश में है। इतनी बड़ी तादाद में हाथी हमारे पास है लेकिन हमारे संरक्षित वन कम हो रहे हैं, मानव जाति की संख्या बढ़ रही है, वहीं जंगल सिकुड़ते जा रहे हैं।
हाथी झुंड में रहते हैं एवं हाथीयो की टोली का नेतृत्व नर हाथी नहीं बल्कि मादा हथिनी करती है। हाथी परिवार में सत्ता नर कि नहीं बल्कि मादा की होती है वहीं अपने परिवार की मुखिया होती है। हाथी लंबी दूरी पर मौजूद अपने झुंड के हाथी और दूसरे झुंडों के हाथियों से संपर्क रखते हैं। हाथी कम फ्रीक्वेंसी वाली आवाज निकालते हैं जिसे इंसान सुन नहीं पाते। जंगली हाथी की औसत उम्र 45 से 60 वर्ष व पालतू हाथियों की औसत उम्र 70 से 80 वर्ष की होती है। हाथी की सूंड में 40000 मांसपेशियां होती है। सूंड की नोक से हाथी सुई भी उठा सकता है। हाथी की सूंड के विविध उपयोग होते हैं जिसमें सूँघना,पानी पीना, भोजन ग्रहण करना, नहाना आदि शामिल है।
हाथी एक ऐसा जानवर है जो कभी कूद नहीं सकता, परंतु हाथी को जल क्रीड़ा में बहुत आनंद आता है। हाथी एक विशुद्ध शाकाहारी प्राणी है और मांसाहार से सदैव दूर रहता है। वृक्षों की छाल, फल, गन्ना हाथी को विशेष प्रिय होता है और नमक हाथी का पसंदीदा भोजन कहा गया है।
हाथी एक दिन में 190 लीटर पानी पीता है जो कि उसे जल के किसी भी खुले स्त्रोत से मिल जाता है। हाथी धरती का सबसे विशाल प्राणी है एवं उनकी स्मरण शक्ति भी अन्य जानवरों से काफी अधिक है। अब इंसान को यह समझना आवश्यक है कि हाथी काफी विनम्र एवं शांत स्वभाव वाला एक भोला प्राणी है, यदि मनुष्य इसके साथ क्रूरता करता है तो उसके परिणाम भी उसे भुगतने पड़ेंगे।

# अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकालने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांधला।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकालने के मामले में पीडिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

नगर के मौहल्ला खैल निवासी समरीन पुत्री इशाक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका लगभग एक वर्ष पूर्व अपनी मर्जी से गांव गढीदौलत निवासी शोएब पुत्र इरफान से किया था। निकाह के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया था तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रूपए व सामान की मांग करनी शुरू कर दी। उसकी ससुराल पक्ष से इरफान, सास तहिरा, ननद मुस्कान, जेठ फरमान व उस्मान मारपीट करने लगे, तथा दहेज की मांग को लेकर दो माह पहले उसे घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से वह अपने मायके में ही रह रही थी। इस दौरान उसके परिजनों ने कई बार उसकी ससुराल में बात कर समझौता करने का प्रयास किया। किन्तु उन्होंने बिना एक लाख रूपए व दहेज के सामान के उसे रखने से मना कर दिया है। पीडिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडिता को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## मारपीट के मामले में दो लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** बाग में घुसकर आम तोडने से रोकने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। कस्बे के मौहल्ला गुडवान निवासी दानिश पुत्र महताब ने गांव पंजोखरा में रामधन का बाग ठेके पर लिया हुआ है। बुधवार को दानिश अपने नौकर आशु के साथ बाग में कार्य कर रहा था। इसी दौरान गांव माल्हीपुर निवासी कृष्ण पुत्र कल्लू व कल्लू पुत्र नामालूम उनके बाग में घुस आए थे तथा आम तोडने लगे थे। उनके द्वारा विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उन्हे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीडित ने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है।

# दबंगों ने बीच बाजार में किया हथियारों का प्रदर्शन, वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** दबंगों के द्वारा बाजार में लाठी डंडें व धार धार हथियार लेकर हंगामा कर दहशत फैलाने की कोशिश की मामले को लेकर व्यापारियों ने पुलिस चौकी पर सूचना देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दबंग युवकों की तलाश में जुटी हुई है।



गुरूवार को नगर पंचायत एलम के बाजार में दर्जनों युवक हाथों में लाठी डंडें लहराते हुए हंगामा कर बाजार में दहशत फैलाने का प्रयास करने लगे। उपरोक्त युवकों के द्वारा बार - बार बाजार में चक्कर लगाकर हंगामा करने पर व्यापारियों ने मामले की सूचना पुलिस चौकी पर दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से ही पूर्व ही आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। व्यापारियों ने घटना की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। वही किसी के द्वारा उपरोक्त वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने व्यापारियों ने जल्द ही घटना में कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी दबंग युवकों की तलाश में जुटी हुई है पुलिस का दावा है कि जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दालों व हरी सब्जियों पर महंगाई की मार: एक सप्ताह में बढ़े दाम, टमाटर 60 रुपये प्रति किलो

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ ।** पिछले एक महीने में सभी खाद्यान्नों के भाव बढ़ गए हैं। दालें 30 से 40 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। एक सप्ताह में सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। हरा धनिया फुटकर में 180 रुपये प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। टमाटर 60 रुपये किलो हैं। मसाले और ड्राईफ्रूट भी आम आदमी के बजट से बाहर हो रहे हैं।

आसमान से बरस रही आग से जहां आम आदमी झुलस रहा है, वहीं महंगाई भी बढ़ रही है। नवीन सब्जी मंडी में लौकी 40 से 50 रुपये किलो और शहर की विभिन्न गलियों में 70 रुपये प्रति किलो बेची जा रही है। नवीन सब्जी मंडी संगठन के संरक्षक ओमपाल सैनी ने बताया कि गर्मी में सब्जियों का उत्पादन गिर रहा है। मंडी में आवक कम हो गई है।

ये बोले उपभोक्ता गर्मी में बीमारी से बचाव के लिए हरी सब्जी अधिक खाई जाती हैं। दाल, ड्राईफ्रूट, मसाले सभी महंगे हैं।

**-वर्षा त्यागी, शास्त्रीनगर**

सब्जी हो या दाल व ड्राईफ्रूट, सभी महंगे हैं। इतनी महंगाई में रसोई का बजट बिगड़ना तय है।

**-प्रीति राणा, डिफेंस एंक्लेव**

हम जैसे तैसे रसोई का बजट बनाती हैं, आए दिन बिगड़ जाता है। सभी खाद्यान्न के रेट बढ़ने से बड़ी समस्या है।

**-योगिता**

सरकार को खाद्य सामग्री पर एक मुनाफा निर्धारित करना चाहिए। मुनाफाखोरी में जनता लुट रही है।

**-प्रतिभा**

## पति व ससुरालियों पर दहेज मांगने का आरोप कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकालने के मामले में पीडिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

नगर के इदरीश बेग विहार कॉलोनी निवासी सानिया पुत्री मुस्तकीम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह लगभग चार वर्ष पूर्व कादिर पुत्र गय्यूर निवासी मंसूरपुर निवासी मुजफ्फरनगर के साथ हुआ था। निकाह के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया था तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रूपए तथा मोटर साईकिल मांग करनी शुरू कर दी। उसकी ससुराल पक्ष से कादिर, हारूण पुत्रगण गय्यूर, नजमा पत्नी हारूण, तालिब पुत्र हारूण, इकरा पुत्री हारूण के द्वारा मारपीट करते हुए बुधवार को उसे उसके मायके के बाहर छोडकर भाग गए। पीडिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडिता को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ कर भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है,जिसके कब्जे से पुलिस ने हजारों का मादक पदार्थ बरामद करते हुए उसके विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। गुरुवार की सवेरे पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में गस्त कर रही थी, गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सलेमपुर मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर उप निरीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस टीम के साथ ने कार्रवाई करते हुए मौके से एक युवक को पकड़ लिया और थाने ले आई। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए युवक के कब्जे से 7 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम सावेज, पुत्र बबलू निवासी मोहल्ला गुजरान बताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

# पुलिस ने चलाया अभियान,आधा दर्जन से अधिक वारंटी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहे हैं पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक वारंटियों को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर सभी वारंटियों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दे रखे हैं कि अपने-अपने क्षेत्र से वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। गुरुवार को थाना पुलिस ने अभियान चलाकर एक ही रात में सात वारंटी गिरफ्तार कर लिए। पकड़े गए वारंटियों ने अपने नाम, सत्यपाल, जयकुमार, रखमा, बनारसी, जयपाल, कन्नू,होक्का, बताया है, पुलिस ने पकड़े गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कार्य जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि पकड़े गए अभियुक्तों पर विभिन्न मामले दर्ज हैं। सभी आरोपी कोर्ट से जमानत मिलने के बाद हाजिरी नहीं दे रहे थे, वारंट जारी होने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# सड़क हादसे में रिटायर्ड इंजीनियर की मौत,परिजनों ने लगाया जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** साइकिल से घर लौट रहे रेलवे के रिटायर्ड इंजीनियर की सड़क हादसे में मौत हो गई। सरधना मार्ग पर क्रय केंद्र के पास मुल्हेड़ा की तरफ से आ रही दूध के ड्रम से लदी पिकअप गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल हालत में परिजन उन्हें लेकर अस्पताल दौड़े, जहां रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना से गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने सरधना मुल्हेड़ा मार्ग पर जाम लगा दिया। अधिकारियों ने आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

छुर निवासी 70 वर्षीय रामवीर सिंह पुत्र दुर्गा सिंह बुधवार सुबह साइकिल से अपने खेत पर गए थे। वहां से लौटते समय वह सरधना मुल्हेड़ा मार्ग पर पहुंचे तो मुल्हेड़ा की ओर से तेजगति से आ रही दूध के ड्रम से लदी पिकअप ने उनको टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। टक्कर लगने के बाद रामवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पीछे गांव का कपिल बाइक से आ रहा था। वह भी पिकअप की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। कपिल ने गांव में घटना की सूचना दी तो ग्रामीण मौके पर दौड़े। रामवीर को लेकर मेरठ के अस्पताल के लिए चल दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर11 जुलाई को मेरठ बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने कहा है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर 11 जुलाई को मेरठ बंद रहेगा। कलक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन होगा। दर्जन भर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में रविन्द्र गुर्जर ने कहा 11 जुलाई को सामाजिक संगठनों के समर्थन से ऐतिहासिक आंदोलन होगा। मेरठ बंद रहेगा। प्रदेश में भी बंद का आह्वान किया जाएगा। जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर 11 जुलाई को देशभर के जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देने की रूपरेखा बनाई गई है। मेरठ जिला बंद रहेगा। दावा किया कि दोनों संयुक्त व्यापार संघ, आईएमए, नर्सिंग होम एसोसिएशन, भारतीय किसान यूनियन (भानू), शिव मार्किट व्यापार संघ, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद,विश्व हिन्दू महासंघ, अखिल भारतीय गुर्जर महासभा, जाट समाज रोहटा रोड, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एन्टी करप्शन मूवमेंट भारत आदि सभी संगठनों ने समर्थन पत्र प्रदान किए हैं। इस अवसर पर संगठन महासचिव अहलकार सिंह नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मसिंह फौजी, संगठन मंत्री गोपाल सिंह, प्रदेश मंत्री लवकुश शास्त्री, महानगर अध्यक्ष सचिन सिरोही, जिला अध्यक्ष सतीश भड़ाना आदि के समर्थन का वादा किया।

### साढ़े चार लाख रुपये के आभूषण चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित यशोदा कुंज कॉलोनी में बेखौफ बदमाशों ने बंद मकान का ताला तोड़कर साढ़े चार लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। वहीं कॉलोनी के मुख्य गेट पर सुरक्षाकर्मियों के होने के बावजूद भी चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

यशोदा कुंज कॉलोनी में असीम कुमार श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ रहते हैं। बीती 14 जून को वह अपने परिवार के साथ गढ़मुक्तेश्वर गए थे। इस दौरान बेखौफ बदमाशों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए घर को पूरी तरह से खंगाल डाला। बदमाश घर में रखे चांदी के बर्तन, चार जोड़ी चांदी की पायल, छह चांदी के सिक्के, चांदी की छह बिछिया, एक सोने का मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए।

वहीं जब असीम कुमार दो दिन पूर्व अपने घर वापस लौटे तो उन्हें मामले की जानकारी हुई। उधर, यशोदा कुंज कॉलोनी में चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वहीं पीड़ित के मुताबिक, बदमाश करीब साढ़े चार लाख रुपये की कीमत के आभूषण चोरी करके ले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया। वहीं वन गेट की यशोदा कुंज कॉलोनी में हमेशा सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं, इसके बावजूद भी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे डाला। इसके चलते कॉलोनी के लोगों में हडकंप मचा हुआ है।

### आयुक्त व आईजी ने की अभियोजन कार्यों की मंडलीय समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0 व आईजी नचिकेता झा द्वारा समस्त जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षको के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार का माफिया चाहे वह भू-माफिया हो या खनन माफिया समस्त जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि इस प्रकार के प्रकरण पर प्रभावी एवं लगातार कार्यवाही चलती रहे। आयुक्त ने कहा कि आगामी दिनो में कांवड यात्रा, मोहर्रम इत्यादि त्यौहारो का आयोजन होना है जिसके लिए अभी से जनपद स्तर पर तैयारी की जाये। उन्होने कहा कि कांवड यात्रा के लिए रूट प्लॉन, ट्रैफिक डायवर्जन तथा पिछले वर्ष की गई कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा कर ली जाये तथा संबंधित अधिकारियो द्वारा रूट का भ्रमण करते हुये आवश्यक व्यवस्थाओ सडक मरम्मत, पानी, स्ट्रीट लाईट, बिजली के तार व पोल, मेडिकल कैम्प, वीआईपी विजिट हेतु स्थानो का चिन्हांकन, संवेदनशील स्थानो का चिन्हांकन, शिविर आयोजक के साथ बैठक इत्यादि मुख्य बिन्दुओ पर तैयारी शुरू कर दी जाये। आईजी ने कहा कि आगामी पर्वो को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तैयारियो को आगे बढाया जाये। उन्होने कहा कि जनपद की सीमाओ, मिश्रित आबादी व संवेदनशील स्थानो पर विशेष सतर्कता बरती जाये।

# काशी टोल पर होगा चौधरी जयंत का स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ ।** एनडीए सरकार में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्य शिक्षा मंत्री बनने के बाद रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह का गुरुवार को पहली बार मेरठ आगमन होगा। इस दौरान रालोद कार्यकर्ता काशी टोल प्लाजा पर उनका भव्य स्वागत करेंगे। यह जानकारी रालोद प्रदेश मीडिया संयोजक सुनील रोहटा ने दी।

उन्होंने बताया कि रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह दिल्ली से मेरठ होते हुए सहारनपुर स्थित हथिनीकुंड बैराज पहुंचेंगे। वह वहां विभागीय अधिकारियों के साथ वर्तमान में बैराज में जलाभाव और दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में की जाने वाली संपूर्ण जलापूर्ति में आ रही समस्याओं की समीक्षा करने के उपरांत उनके निदान पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

मानसून में बढ़ने वाले जलस्तर और बाद में बचाव के लिए किए जाए रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करेंगे। हथिनी कुंड बैराज से कम पानी छोड़े जाने के कारण किसानों को सिंचाई में हो रही दिक्कतों और बरसात के समय बाढ़ से बचाव के लिए कुशल जलप्रबंधन योजना के निरीक्षण के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया।

# केंद्र सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे छात्र, जमकर हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** आम आदमी के तमाम मुद्दों को लेकर ब्रहस्पतिवार को विश्वविद्यालय के छात्रों ने सड़क पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर तमाम भर्ती और किसानों व अन्य लोगों की समस्याओं को उठाते हुए इनका समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



विश्वविद्यालय के छात्र नेता अभिषेक भाटी के नेतृत्व में दर्जनों छात्रों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अभिषेक भाटी ने आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों में 41 प्रतियोगी परीक्षाएं हुईं, जिनमें सभी के पेपर लीक हुए। केंद्र सरकार लगातार युवाओं और बेरोजगारों को रोजगार देने के नाम पर छलने का काम कर रही है। हाईवे पर सड़कों का जाल बिछाया गया। लेकिन, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का हाल बेहाल है। उधर, हाईवे पर भी सड़क पर चलने के लिए नागरिकों को महंगा टोल चुकाना पड़ रहा है। जिले का ऊर्जा मंत्री होने के बावजूद मेरठ जिले में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बेहद खराब है। मलिन बस्तियों में टूटी सड़कें और जल भराव सरकार के झूठे वादों की पोल खोलते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में भाजपा ने अपने द्वारा किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया। जिसके चलते आज छात्रों ने इस ज्ञापन के माध्यम से इन सभी समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो छात्र सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

**रोजगार** | ग्रामीण युवाओं का भविष्य सुधारने के लिए यूपी में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का सफलपूर्वक किया जा रहा संचालन

# दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना में 2.35 लाख से ज्यादा युवा हुए प्रशिक्षित, 1.25 लाख को मिला रोजगार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत योगी सरकार ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,25,822 युवाओं को सेवायोजित किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों (महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष), मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित अथवा स्कूल ड्रॉपआउट को लक्ष्य बनाती है। उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 98वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित की जा रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को आधुनिक कक्षाओं और लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। विभिन्न विषयों जैसे अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

- **योगी सरकार योजना के तहत ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही**
- **बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों, 15-45 वर्ष की महिलाओं, मनरेगा श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित या स्कूल ड्रॉपआउट को लक्षित कर रही योजना**



इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने हुनर से स्वाबलंबी बनाकर विकास के कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम बनाना है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले युवाओं को कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से कौशल से सशक्त बन रहे युवा बेहतर कल का निर्माण कर रहे हैं, जिससे विकसित गांव और विकसित प्रदेश का सपना साकार हो रहा है।

# संभल जिले को मिली थी लगभग 114 अमृत सरोवरों की सौगात

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**संभल/बहजोई।** आजादी के 75वीं वर्षगांठ मनाने से पहले अमृत महोत्सव काल में केंद्र सरकार ने संभल जिले को 114 अमृत सरोवरों की सौगात दी थी, जिसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के साथ साथ मछली पालन, सिंघाड़े की खेती, खेतों की सिंचाई आदि था` लेकिन संभल जिले में अफसरों ने सरोवर निर्माण के नामपर ढांचा खड़ा कर करोड़ों रुपये का बंदरबांट कर दिया।

# एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकते है थाने मे रिपोर्ट:अमरिंदर सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** थाने में आप एफआईआर दर्ज नहीं करवा पा रहे हैं तो प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवाने की भी सुविधा दी है। आप अपने मोबाइल में यूपीकॉप एप डाउनलोड कर उसमें ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं।इसके अलावा आपके द्वारा दर्ज करवाई गई एफआईआर की स्थिति भी जांच सकते हैं। ये जानकारी एएसपी अमरिंदर सिंह आईपीएस ने विद्यार्थियों को एक कार्यक्रम में दी है । उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। राजकीय पॉलीटेक्निक मुरादाबाद में पुलिस की पाठशाला में बोलते एएसपी अमरिंदर




सिंह ने कहा कि आप किसी भी थाने में जाकर भी एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। इसे जीरो एफआईआर कहा जाता है। इसके बाद पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह उसे संबंधित थाने में स्थानांतरित करवाए। उन्होंने विद्यार्थियों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की भी जानकारी दी। अमरदिंर सिंह ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में घबराने के बजाय पुलिस से मदद मांगे। शहर में सात से आठ मिनट और ग्रामीण क्षेत्र में 14 मिनट में पुलिस पीड़ित के पास पहुंचकर उनकी समस्या का समाधान करती है। इस दौरान प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार यादव, ज्योति, चंद्रशेखर, दीपक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# अपनी बदहाली पर आशू बहा रहे है, अमृत सरोवर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई।** अमृत सरोवर बनने से एक तरफ किसानों को फायदा होगा तो वहीं दूसरी तरफ पशु पक्षी भी अपनी प्यास बुझा सकेंगे लेकिन अक्सर विकास खंडो के ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा हुआ है जिसमे स्थानीय ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों और सचिवों के माध्यम से व्यापक भ्रष्टाचार का खेल खेला जाने की बात सामने आ रही है संभल जिले के आठ ब्लॉक के गांवों

### प्रधानमंत्री की महात्वाकांक्षी योजना को प्रधान सचिव तथा अफसरो ने मिलकर लगाया बट्टा

में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए तालाबों की हालत दयनीय है।

सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर जिस उद्देश्य के लिए इन तालाबों का निर्माण कराया था उनमें से एक भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो रही है. फिलहाल ये तालाब सूखे पड़े हैं. इस भीषण गर्मी में लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं,जब बुलंद सन्देश अखबार की टीम ने संभल जिले के ब्लाको के -अलग गांवों में बने अमृत सरोवरों की पड़ताल की जिसमें हैरान कर देने वाले कई तथ्य सामने आये हैं. अमृत सरोवर योजना के तहत पंचायत विभाग द्वारा सरोवरों का निर्माण तो कराया गया लेकिन निर्माण ऐसा कराया की चंद दिनों में उसने अपना अस्तित्व खो बैठा,जिसका कारण मानक के अनुसार नहीं हुआ कार्य। जिसमें लेकिन अधिकांश सरोवर सूखे पड़े हुए हैं,कुछ में इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि अगर कोई गिर जाये तो मसीन से ही बाहर निकाला जा सकता है। अगर जल संरक्षण, मछली पालन, सिंचाई,





सिंघाड़े की खेती आदि उद्देश्यों को लेकर बनाये गए सरोवरों में एक बूंद पानी को संरक्षित नहीं किया जा सका है` जल संरक्षण के नाम पर सरोवरों का सिर्फ ढांचा तैयार कर योजना की राशि का बंदरबांट कर लिया गया है` तालाब निर्माण के बाद बारिश के दौरान जलभराव के अलावा प्रधान सचिव और जनपद के अफसर यहां झांकने भी नहीं आए, नतीजा यह हुआ कि पीएम की महत्त्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई. अमृत सरोवर योजना से जिले मे लगभग 6 करोड़ अनुमानित राशि खर्च करने के साल भर बाद ही अमृत सरोवर साबित हो रही है।\ हम बात करे पंवासा विकास खंड के गांवों की जिसमें ग्राम पंचायत मोहम्मद पुर वावई में दो अमृत सरोवर बनाये गये है जिसमें जो गांव के नजदीक है उसमें खन्न करने बालो ने उसे सुरंग में तब्दील कर दिया जनपद के अमृत सरोवर में की जो गाटरों के साथ तार कशी की गई बह भी गायब है। रजपुरा विकास खंड में एक अमृत सरोवर नदी की जमीन में ही बना दिया जो जिंदा रेते में बना दिया बह कागजों में ही दर्ज है धरातल पर मैदान साफ। हम बात करे बहजोई विकास खंड की ग्राम पंचायत चितौरा की बहा अमृत सरोवर में उपले पाथे जा रहे है और उसमें निकासी के लिए लगाये गये पाइप इधर-उधर भटक रहे हैं, तलाब के ओर पास उपलों के वोगे आदि लगा रखे हैं अमृत सरोवर के नाम पर सरकार के साथ किया जा रहा है विश्वास घात।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई अमृत सरोवर योजना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई ।** केंद्र और राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार अमृत सरोवर योजना संभल जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। जिले के आठ ब्लॉक के गांवों में बने अमृत सरोवरों की पड़ताल की है, जिसमें हैरान कर देने वाले कई तथ्य सामने आये हैं. संभल जिले में अमृत सरोवर योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में विभाग के द्वारा सरोवरों का निर्माण कराया गया है और एक सरोवर के निर्माण में औसतन चालीस से पचास लाख रुपये खर्च किये गए हैं, लेकिन अधिकांश सरोवर सूखे पड़े हुए हैं. जल संरक्षण, मछली पालन , सिंचाई , सिंघाड़े की खेती आदि उद्देश्यों को लेकर बनाये गए सरोवरों में एक बूंद पानी को संरक्षित नहीं किया जा सका है. जल संरक्षण के नाम पर सरोवरों का सिर्फ ढांचा तैयार कर योजना की राशि का



बंदरबांट कर लिया गया है.ढांचा तैयार कर निकाल ली योजना की राशि।

अगर हम बात करे बहरोली ताहरपुर जिला मुख्यालय से महज दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है इस ग्राम पंचायत में लगभग दो साल पहले करीब 57 लाख रुपये की लागत से अमृत सरोवर योजना के तहत सरोवर का निर्माण कराया गया था, जिसमें जिम्मेदार विभाग के अधिकारीयों द्वारा किस कदर भ्रष्टाचार किया गया है इसका अंदाजा सरोवर की तस्वीरों को देखकर बड़ी आसानी से लगाया जा सकता है` यह सरोवर पूरी तरह से तैयार भी नहीं हुआ, ना ही इसमें मिट्टी का काम पूरी तरह से हो पाया,लेकिन भ्रष्टाचार की चलते इससे कागजों में तैयार दिखा दिया गया। इतनी सख्त सरकार होने के बाबजूद भी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को नही है सरकार का भय, जिले की अमृत सरोवर योजना को इस कदर पलीता लगाया गया है कि अगर जिलाधिकारी इसकी बारीकी से जांच कराये तो सारी सच्चाई सामने आ सकती है।

# किस विकास खंड में अमृत सरोवर के नाम पर कितना पैसा निकाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** सरकार की अमृत सरोवर योजना को ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से लेकर संबंधित अधिकारियों भेंट चढ़ गई, सरकार ने अमृत सरोवर योजना के लिए अपने खजाने के सभी दरवाजे खोल दिए परन्तु सरकार की योजना को इन सभी ने मिलकर बंदर बांट कर लिया। आपको बता दें कि जनपद संभल में 8व्लाक जिसमें सात ब्लाकों में लगभग 112अमृत सरोवर बनाये गये जिसमें गुन्नौर ब्लाक के आंकड़े नहीं मिल पाये आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं। पंवासा विकास खंड में 73लाख 19हजार रुपये अमृत सरोवर के नाम पर निकाले गए। असमोली विकास खंड में 75 लाख 5297 रुपये निकाले गए,बहजोई विकास खंड में 47लाख 99हजार रुपए निकाले गए।वनिया खेड़ा विकास खंड में 53लाख 811रुपये निकाले गए। जुनावई विकास खंड में 69लाख5957रुपये निकाले गए। रजपुरा विकास खंड में 51 लाख 19000रुपये निकलें गये।संभल विकास खंड में 80लाख20000हजार रुपए निकाले गए। हम बात करे गुन्नौर की तो वहां की फिगर नही मिल पाई, सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना के लिए इतना पैसा दैने के बाद भी धरातल पर धराशाई हो गया, ऐसे भी अमृत सरोवर है जिसमें उपले पाथे जा रहे है उसमे से मिट्टी खोदते खोदते सुरंगें बना दी परन्तु संबंधित अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नही पूरी अमृत सरोवर योजना को कागजों में कैद कर दिया है। पानी की एक एक बूंद को तरस रहे है अमृत सरोवर।

# पानी की तरह बहाए करोड़ों रुपए, फिर भी ज्यादातर तालाब सूखे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ।** अमृत सरोवर बनने से एक तरफ किसानों को फायदा होगा तो वहीं दूसरी तरफ पशु पक्षी भी अपनी प्यास बुझा सकेंगे लेकिन अधिकतर विकासखंडो के ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है जिसमे स्थानीय ग्राम पंचायत

### प्रधानमंत्री की महात्वाकांक्षी योजना को प्रधान सचिव तथा अफसरो ने मिलकर लगाया बट्टा

जनप्रतिनिधियों और सचिवों के माध्यम से व्यापक भ्रष्टाचार का खेल खेला जाने की बात सामने आ रही है बहजोई ब्लॉक में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए तालाबों की हालत दयनीय है. सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर जिस उद्देश्य के लिए इन तालाबों का निर्माण कराया था उनमें से एक भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो रही है. फिलहाल ये तालाब सूखे पड़े हैं. इस भीषण गर्मी में लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं अमृत सरोवरों की पड़ताल करने पर हैरान कर देने वाले कई तथ्य सामने आये हैं. अमृत सरोवर योजना के तहत पंचायत विभाग द्वारा सरोवरों का निर्माण तो कराया गया, लेकिन अधिकांश सरोवर सूखे पड़े हुए हैं` जल संरक्षण, मछली पालन, सिंचाई, सिंघाड़े की खेती आदि उद्देश्यों को लेकर बनाये गए सरोवरों में एक बूंद पानी को संरक्षित नहीं किया जा सका है` जल संरक्षण के नाम पर सरोवरों का सिर्फ ढांचा तैयार कर योजना की राशि का बंदरबांट कर लिया गया है`



तालाब निर्माण के बाद बारिश के दौरान जलभराव के अलावा प्रधान सचिव और जनपद के अफसर यहां झांकने भी नहीं आए, नतीजा यह हुआ कि पीएम की महत्त्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई. अमृत सरोवर योजना जिले मे (अ)-मृत सरोवर साबित हो रही है।

**निर्माण स्थल पर लगे बोर्ड दे रहे हैं भ्रष्टाचार की गवाही**

संभल जिले के बहजोई विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बहरोली ताहरपुर में गांव के बाहर जंगल के बीच करीब पचास लाख रुपये की लागत से अमृत सरोवर योजना के तहत सरोवर का निर्माण कराया गया था. जिसमें दूर-दूर तक एक बूंद पानी भी आपको नजर नहीं आयेगा. निर्माण स्थल के पास योजना से संबंधित लगे बोर्ड खुद ही भ्रष्टाचार की गवाही दे रहे हैं` यह बोर्ड जमीन पर पड़े हुए हैं आपको पहली नजर में देखने पर यह बोर्ड दिखाई भी नहीं देंगे।

# योग दिवस की पूर्व संध्या पर किया योग विचार गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के गौशाला रोड स्थित अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में श्री नारायण सेवा समिति, चंदौसी' के तत्वावधान में योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग विचार गोष्ठी आयोजित की गई । जहां गायत्री मंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि उत्तरी गोलार्ध में जिस प्रकार 21 जून को दिन सबसे लंबा होता है उसी प्रकार योग भी लोगों को दीघार्यु बनाता है । एस. एन. शर्मा ने कहा कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र की 177 सदस्यों द्वारा योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली । हरीश कठेरिया एडवोकेट ने कहा कि योग दिवस को मनाने के स्वरूप में योग, ध्यान, सामूहिक मंथन, विचार विमर्श तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। डॉ. डी. के. अग्निहोत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। शिखा रावत ने कहा कि योग का अर्थ केवल व्यायाम के करने से ही नहीं है, यह अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है । डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि ने योग का अर्थ ही है जोड़ना अर्थात शरीर को स्वास्थ्यप्रद क्रियाओं से जोड़कर सुगम बनाना । इसके अतिरिक्त के.जी. गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, वंदना गर्ग व श्याम सुंदर दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए । योग को जीवन में अपनाने के लिए सभी को योग शपथ दिलाई गई ।

अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने की तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया । पहले शांति पाठ तथा उसके उपरांत वंदे मातरम के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# मन की शान्ति के लिए करे योग: देवकली गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के आवास विकास स्थित संत तुकाराम पार्क में जायंट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली के तत्वाधान में चल रहे साप्ताहिक योग शिविर के छठे दिन योग शिविर में महिला ,पुरुष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं योगाभ्यास किया ।

सर्वप्रथम योग प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता व यूनिट डायरेक्टर, सीमा बर्मा ने दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया` योग शिविर में प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता ने बताया कि मंडूकासन करने से पेट की मांसपेशियां टोन होने के साथ बैली फैट कम करने में मदद मिलती है ।पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे -गैस ,कब्ज और अपच से छुटकारा मिलता है ।डायबिटीज रोगियों को फायदा मिलता है यह पैनक्रियाज को उत्तेजित कर डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद करता है। शशकासन ,मुद्रा आसन ,भुजंगासन इनके माध्यम से किडनी को स्वस्थ रखा जा सकता है साथ ही इस योग आसन के माध्यम से इम्यूनिटी बढ़ायी जा सकती है । साथ ही पाचन तंत्र भी सही रहता है । इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रहीं। यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा,ब्रांच ऑफि सर अंजू राजपूत, अध्यक्ष रीता बुदियाल, सविता भटनागर, हंसमुखी, अलका, सोनाक्षी शर्मा, मीनू सिंह, , यशी सक्सेना, शारदा गोयल, उत्कर्ष भटनागर, सतीश चंद्र वार्ष्णेय, बृजेंद्र सिंह यादव, मुकेश बाबू वार्ष्णेय, आदि मौजूद रहे।

# शासन ने कक्षा एक में दाखिले के लिए दी 3 महीने की छूट

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक में दाखिले के लिए बच्चों की उम्र में तीन महीने की छूट दी गई है। पहले के आदेश के अनुसार एक अप्रैल, 2024 को छह वर्ष पूरे होने पर ही नामांकन करने का आदेश था। अब शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने सिर्फ शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 31 जुलाई तक का समय निर्धारित कर दिया है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने प्रदेश के सभी बीएसए को आदेश दिया है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा एक में ऐसे छात्र- छात्राओं का नामांकन किया जा सकता है, जिनकी आयु 31 जुलाई तक छह वर्ष पूर्ण हो रही हो। यह आदेश केवल शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए ही प्रभावी होगा।

# मुख्यालय पर निवास न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अब होगी कार्रवाई: मुख्य सचिव

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि मुख्यालय में निवास न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सुधार न होने पर उनका स्थानांतरण किया जाए। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त जन समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। जनप्रतिनिधियों का फोन अवश्य रिसीव करें", मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि थाना दिवस एवं तहसील दिवस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक समाधान हो और शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। भ्रष्टाचार के मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। निजी व सरकारी वाहनों में प्रेशर हॉर्न और हूटर का प्रयोग नहीं हो। सभी सदर मालखानों का निरीक्षण कर निर्माण की आवश्यकता होने पर प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जाए। सभी जिलों में सामूहिक योग कार्यक्रम में गैर सरकारी संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। कार्यक्रम के फोटो व वीडियो को आयुष कवच एप पर अवश्य अपलोड कराएं। वहीं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित राशि के सापेक्ष समस्त जिले अपनी कार्ययोजना बनाते हुए शत-प्रतिशत व्यय कराना सुनिश्चित करें।

# निर्माण स्थल पर लगे बोर्ड दे रहे हैं भ्रष्टाचार की गवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** जिले के बहजोई विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बहरोली ताहरपुर में गांव के बाहर जंगल के बीच करीब पचास लाख रुपये की लागत से अमृत सरोवर योजना के तहत सरोवर का



निर्माण कराया गया था. जिसमें दूर-दूर तक एक बूंद पानी भी आपको नजर नहीं आयेगा. निर्माण स्थल के पास योजना से संबंधित लगे बोर्ड खुद ही भ्रष्टाचार की गवाही दे रहे हैं` यह बोर्ड जमीन पर पड़े हुए हैं आपको पहली नजर में देखने पर यह बोर्ड दिखाई भी नहीं देंगे।

**धरना प्रदर्शन** धरने पर बैठे नाराज किसानों से चोरी का जल्द खुलासा करने के लिए कोतवाल ने मांगा 12 दिन का समय

# गेहूं चोरी मामले में एक माह से नहीं हुई करवाई, किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चंदौसी।** बीते 9 मई को चोरी हुए 80 कुंतल गेहूं के मामले का खुलासा न होने पर भाकियू अराजनैतिक द्वारा मंडी समिति में धरना प्रदर्शन किया गया जहां चोरी का जल्द खुलासा न होने को लेकर चन्दौसी कोतवाली का घेराव करने की चेतावनी भी दी गई थी जिसको लेकर गुरुवार को मंडी समिति चंदौसी में किसान एकत्रित हुए और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदौसी को भी पंचायत में पहुंचाने का एक घंटे का समय दिया गया , लोगों की अधिक संख्या को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह फोर्स सहित मंडी समिति पहुंचे जहां किसानों के नेता रमेश्वर यादव ने कहा कि ग्राम बर्रई थाना कोतवाली चन्दौसी में बीते 9 मई की देर रात 80 कुंटल गेहूं की चोरी हुई थीं जिसकी तहरीर कोतवाली चन्दौसी में दी गए एक माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी कोई चोरी का खुलासा नहीं किया जबकि जिन लोगों पर शक है उन्हें पुलिस पूरा संरक्षण दे रही है इस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने चोरी का जल्द खुलासा होने का आश्वासन देते हुए किसान भाइयों से 12 दिन का समय मांगा है और किसानों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि चोर व माल की बरामदगी जल्द की जाएगी और जिसके पश्चात पंचायत स्थितिगत की गई। साथ ही पंचायत में 5 जुलाई को स्वर्गीय हरिशंकर यादव नेताजी की मूर्ति का अनावरण करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान जिसको लेकर किसानों को जिम्मेदारी भी दी गई, पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने की संचालक कौशल क्रांतिकारी ने किया इस दौरान बैठक में मौजूद रहे मंडल अध्यक्ष संजीव यादव, कुमारपाल सिंह, युवा जिलाध्यक्ष . राशिद खानमंडल सचिव, रजत यादव मंडल महामंत्री, सबाब जिला उपाध्यक्ष, जसवीर, सलमान बॉबी, रामेश्वर यादव, रजनीश यादव ,मुनेस यादव,इच्छा राम, आलम, सलमान सिंह प्रधान रौदाश यादव ,भगवान सिंह, शेष कुमार, कंवरपाल सिंह ,सत्यपाल सिंह, बिशाला चौधरी, तेजपाल सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी की कई वारदातो का किया खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा कर अपराधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है। पकड़े गये सभी गैंग के सदस्य लक्ष्मनगंज, पजाया, सीकरी गेट चन्दौसी के हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना के आधार पर चोरी के गैंग को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गयी है। जिन्होंने 17 जून 2024 को अकरम पुत्र मौ0 यासीन नि0 जारई गेट चन्दौसी के कारखाने से सामान चोरी किया था। 18 जून को चोरों द्वारा शकील पुत्र रमजानी नि0 भैंतरी फाटक चन्दौसी के यहां से चोरों ने एलईडी टी0वी0, कुंडल, रुपये, पायजेब, गैस सिलिण्डर आदि सामान चोरी किया था। 15 मई को इस गैंग ने आशीष गुप्ता पुत्र स्व0 रामप्रकाश गुप्ता के घर से ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरा, सिलिण्डर व गल्ले में रखे 5000 रु0 नकद चोरी करके ले गये। 01 जून 2024 को ब्रह्मनंद शर्मा पुत्र प्रेमशंकर नि0 नगलिया बल्लू थाना बनियाठेर वादी की दुकान से नकब लगाकर माइक्रोटैक कंपनी का इन्वर्टर बैटरा, स्टेब्लाइजर को चोरी किया गया। इन सब चोरी की वारदातों में आधा दर्जन लोग शामिल थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना का अनावरण एएसपी श्रीशचंद्र की उपस्थिति में किया गया। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों में समीर पुत्र इस्तेखार नि0 मौहल्ला हाता, सोहिल पुत्र हबीब नि0 असर्फी चैक तेली मौहल्ला, नाजिम पुत्र कुदरत अली नि0 पजाया मौहल्ला, सोहिल पुत्र रियासत नि0 पजाया मौहल्ला, अरबाज पुत्र हबीब नि0 असर्फी चैक तेली मौहल्ला, सोईब पुत्र असब्बर नि0 पजाया मोहल्ला थाना चन्दौसी जिला संभल शामिल रहे। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 राधेश्याम शर्मा, उ0नि0 रमनपाल सिंह, उ0नि0 अंकुर तोमर, उ0नि0 हिमांशु गौतम, हे0का0 जयवीर सिंह, का0 ब्रजेश तोमर, का0 भूपेश कुमार, का0 धर्मेन्द्रदत्त शर्मा, का0 विवेक कुमार का सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी की बैठक में दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में



पीसीपीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अल्ट्रासाउण्ड के पंजीकरण व नवीनीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों के संबंध में निरीक्षण कर आख्या दो दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि पंजीकरण व नवीनीकरण के संबंध में कार्रवाई की जा सके।

पीसीपीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 के अन्तर्गत आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अल्ट्रासाउण्ड व आईवीएफ के नवीनीकरण व पंजीकरण का कार्य पीसीपीएनडीटी अधिनियम में निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में उन्होंने दो दिन बाद पुन बैठक बुलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अब्दुल सलाम, कौशल गुप्ता ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ0 कप्तान सिंह सहित अन्य अधिकारी, सलाहकार समिति के सदस्य व आवेदक अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री द्वारा फीता काट कर किया जिला प्रदर्शनी का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)।** जिला कृषि, औद्योगिक एव सांस्कृतिक प्रदर्शनी, परिसर में मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एव जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश एव जनपद प्रभारी मंत्री डा0 अरुण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में जिला प्रदर्शनी का फीता काटकर व हवन पूजन के साथ कबूतर एव गुब्बारों को उड़ाकर शुभारम्भ किया गया, उक्त के पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व सुभाष चन्द्र बोस तथा डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही निकुँज हाल में मां सरस्वती की प्रितिमा पर दीप प्रज्वलित भी किया गया।

उक्त के पश्चात निकुंज हाल में रागिनी श्रीवास्तव की टीम द्वारा रामायण की नृत्य नाटिका एव रामलीला का मंचन किया गया।

मा0 मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद बुलंदशहर में 142 वर्षो से प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है, जो जनपदवासियों की धरोहर है। इसमें



ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद एव अन्य उत्पादों के बिक्रेताओं को रोजगार प्राप्त होता है और इस प्रदर्शनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है जिससे भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने जिलाधिकारी और उनकी टीम तथा जनपदवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने मा0 मंत्री महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अग्रिम प्रदर्शनी सुधार हेतु जनपदवासियों से सुझाव हेतु सुझाव पेटिका के माध्यम से सुझाव लिए जायेगे, प्राप्त सुझाव के अनुसार प्रदर्शनी को और बेहतर बनाया जायेगा।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को बधाई भी दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, मा0 विधायक अनिल शर्मा, मा0 विधायक संजय शर्मा, मा0 विधायक लक्ष्मी राज सिंह, मा0 विधायक मीनाक्षी सिंह, मा0 विधायक प्रदीप चौधरी अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 प्रशान्त कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश प्रियदर्शी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देवर भाभी की प्रेम कहानी जहर खाकर खत्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** हवस और वासना की आग में जलते रिश्ते कभी भी पनप नहीं सकते और आखिरकार मौत ही इलाज बचता है ऐसा ही मामला प्रकाश में आया कि जब देवर भाभी ने विषैला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। करीब ढेड़ महीने पहले धर पर फरार हुए जोगी रमपुरी निवासी प्रेमी युगल देवर भाभी ने गढमलपुर फ्लाईओवर के नीचे विषैला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया तेईस वर्षीय डेविड अपने तहेरे भाई अजय कुमार की पत्नी के प्रेम प्रसंग में फंस गया और डेढ़ महीने पहले धर से लेकर फरार हो गया और फिर फ्लाईओवर के नीचे जाकर विषैला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी तभी सूचना पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो दोनों बेहोशी के हालात में मिलें तभी पुलिस ने समीपवर्ती सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां रास्ते में ही दोनों ने दम तोड दिया मजदूर पेशा परिवार के डेविड ने तहेरे भाई की पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग किया और अपनी भाभी



और प्रेमिका राखी को लेकर इधर उधर धूमते रहे लेकिन लोकलाज से कब तक बचते जबकि भाभी राखी का अजय से पूर्व में प्रेम विवाह हुआ था इसी बीच दोनों परिवार सहमत नहीं थे तो अजय संग राखी ने नहर में कूद कर छलांग लगा लिया था तब जाकर दोनों का विवाह कर दिया गया था लेकिन डेविड और अजय एक ही हवेली में साथ रहते थे तो राखी और डेविड का प्रेम प्रसंग शुरू हो गया जबकि राखी के सात वर्ष और पांच वर्ष के दो बेटे हैं और डेविड अविवाहित हैं और राखी ने परिवार और बच्चों की परवाह किए बिना प्यार में अंधी होकर डेविड संग फरार हो गयी और आखिर कार मिली मौत जबकि दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है और घटना से परिवार गहरी चिंता मैं हैं और गांव में घटना को लेकर चर्चा है।

# आज अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विशेष : रोग के खिलाफ योग,नहीं तो फिर भोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर।** यह योग ही ऐसा होता है ,जो हर रोग पर विजय पता है । वह चाहे शारीरिक रोग हो या मानसिक रोग। इसका आध्यात्मिक पक्ष ही यह भी प्रमाणित करता है कि योग से सब कुछ किया और पाया भी जा सकता है।

मृत्यु के खिलाफ भी जीवन का यह योग हर रोग के खिलाफ भी सफलता प्रदान करने वाला होता है। माना जाता है कि जीवन में योग नहीं है । इसीलिए रोग है और जब रोग है तो फिर उसका भोग भी है । मतलब योग की उपेक्षा करने वाले को रोग भोगना ही पड़ता है। अगर जीवन में योग है तो फिर असमय मौत पर विजय पाने के साथ ही असंभव को संभव भी बनाया जा सकता है। यहां तक की न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है ,बल्कि जीवन यात्रा को भी उम्र बढ़ाने के रूप में और ज्यादा लंबा किया जा सकता है। आज 21 जून को पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। यह योग ही ऐसा होता है ,जो हर रोग पर विजय पता है । वह चाहे शारीरिक रोग हो या मानसिक रोग। इसका आध्यात्मिक पक्ष ही यह भी प्रमाणित करता है कि योग से सब कुछ किया और पाया भी जा सकता है। मृत्यु के खिलाफ भी जीवन का यह योग हर रोग के खिलाफ भी सफलता प्रदान करने वाला होता है। माना जाता है कि जीवन में योग नहीं है । इसीलिए रोग है और जब रोग है तो फिर उसका भोग भी है । मतलब योग की उपेक्षा करने वाले को रोग भोगना ही पड़ता है, और अगर जीवन में योग है तो फिर असमय मौत पर विजय पाने के साथ ही असंभव को संभव भी बनाया जा सकता है। यहां तक की न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है ,बल्कि जीवन यात्रा को भी उम्र बढ़ाने के रूप में और ज्यादा लंबा किया जा सकता है।

अगर योग के महत्व पर और चर्चा करें तो फिर भारत के प्रतिनिधित्व वाली यह वैश्विक परिघटना प्राचीन भारतीय योग पद्धति तथा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर इसके गहन प्रभाव को मान्यता देती है। योग शब्द संस्कृत शब्द 'युज' से निकला है, जिसका अर्थ है 'जोड़ना' या 'एकजुट करना', तथा यह मन, शरीर और आत्मा में सामंजस्य लाने के दर्शन का प्रतीक है।

एक तरह से योग केवल शारीरिक आसनों से कहीं अधिक है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण है, जो श्वास व्यायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांतों को एकीकृत करता है। योग शास्त्रों के



अनुसार योग का अभ्यास व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ जोड़ता है, जो मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है।

जैसा कि विद्वान मनीषी भी जानते हैं कि योग भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। युगों पहले से ऋषि मुनि यहां योगाभ्यास करते आए हैं, लेकिन अब भारत से निकलकर योग दुनिया के तमाम हिस्सों में पहुंच चुका है।

जहां तक भारत में योग दिवस को मनाने का सवाल है । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस को मनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को जाता है। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 में संयुक्त महासभा में दुनिया के तमाम देशों से योग दिवस को मनाने का आह्वान किया था। पीएम मोदी के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार कर तीन माह के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का भी ऐलान कर दिया था। जिसके बाद ही पहली बार 21 जून 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हर साल योग दिवस के लिए एक अलग थीम निर्धारित की जाती है। साल 2024 की थीम - 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। "स्वयं और समाज के लिए योग" विषय इस प्राचीन अभ्यास के सार को पूरी तरह से दर्शाता है।

जो लोग योग की महिमा को जानते हैं ,उनके मुताबिक योग केवल व्यक्तिगत कल्याण के बारे में नहीं है, यह आंतरिक आत्म और बाहरी दुनिया के बीच संबंध को बढ़ावा देता है। योग को एक संतुलनकारी क्रिया के रूप में कल्पना करें, जो मन और शरीर में सामंजस्य स्थापित करती है, विचार को क्रिया के साथ जोड़ती है, तथा अनुशासन को व्यक्तिगत पूर्णता के साथ जोड़ती है। शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और आत्मिक पहलुओं को एकीकृत करके, योग स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र मार्ग प्रदान करता है, जो हमारे तेज-रफ्तार जीवन में शांति का एक अत्यंत आवश्यक स्रोत है।

आज 21 जून को मनाया जा रहा योग दिवस भारत समेत दुनियाभर में दसवां योग दिवस है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को योग के जरिए स्वस्थ और निरोगी जीवन के प्रति जागरुक करना है।

योग के संदर्भ में एक सवाल यह भी कि 21 जून की तारीख ही क्यों.? तो फिर ऐसा इसलिए क्योंकि 21 जून को साल का सबसे लंबा दिन माना जाता है। इसे ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। इसके बाद सूर्य धीरे-धीरे दक्षिणायन होने लगता है। इस दिन को योग और अध्यात्म के लिए बेहद खास माना जाता है। यही वजह है कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। - - - और अब अगर योग परंपरा की चर्चा की जाए तो फिर यह परंपरा- योग एक ऐसी प्रथा है, जिसकी उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले भारत में हुई थी। इसे मनाने से इसके ऐतिहासिक महत्त्व को स्वीकार किया जाता है। समग्र स्वास्थ्य- योग शारीरिक व्यायाम से कहीं आगे जाता है। इसमें मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को सम्मिलित किया गया है, तथा समग्र कल्याण की भावना को बढ़ावा दिया गया है। दुनिया का लगभग हर व्यक्ति किसी ने किसी रोग से पीड़ित है। और अगर इसके खिलाफ कोई है तो वह है योग। मतलब रोग के खिलाफ योग ,नहीं तो फिर दुख दर्द ,तनाव और अशांति भोग।



सुनील बाजपेई
(कवि ,गीतकार , लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार), कानपुर।

# टी0जी0टी0-पी0जी0टी0 के रिक्त पदों को स्थान्तरण या समायोजन से भरने की मंशा में निदेशालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशालय में बैठकर वर्ष 2016 और 2021 टीजीटी पीजीटी अभ्यर्थियों के

**निदेशक डॉ महेंद्र देव की करतूतों से परेशान टी0 जी0 टी0 पी0 जी0 टी0 अभ्यार्थी**

रिक्त पदों को स्थानांतरण नीति 2024 से भरने की मंशा कर रहे हैं जबकि अध्यचित सीटों को स्थानांतरण नीति से नहीं भरा जा सकता है जबकि टीजीटी पीजीटी के अभ्यर्थी माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉक्टर महेंद्र देव से मिलने के बाद भी हतोत्साहित हो रहे हैं, जिसकी वजह सकारात्मक रवैया का ना होना है।

विद्यार्थियों को निदेशक ने अपने दफ्तर से बाहर का रास्ता दिखा दिया प्रशिक्षु और प्रवक्ता पद के लिए चयनित हुए अभ्यर्थियों ने निदेशक के हाथ जोड़कर अनुनय विनय के साथ उनके पांव तक पकड़े लेकिन इसका भी उन पर कोई सकारात्मक प्रभाव नजर नहीं आया यहां तक की अभ्यर्थियों ने अंत में मुख्यमंत्री जी के जनता दरबार की रहा की लेकिन 11 जून को उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से नहीं हो सकी फिर भी




उन्होंने अपना ज्ञापन विशेष कार्यकारी अधिकारी मुख्यमंत्री एनकेएस चौहान को प्रेषित किया अभ्यर्थियों की बात सुनी जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि अब उनको निदेशक महोदय पर भरोसा नहीं है चुनाव से पहले निदेशक ने कहा था कि जल्द ही काउंसलिंग कराई जाएगी लेकिन वह अपनी बात से विचलित हो गए हैं गौर तलब है कि अभ्यर्थी लखनऊ से लेकर प्रयागराज की सड़कों पर भीषण गर्मी में घूमते हुए नजर आ रहे हैं निदेशक महोदय कभी शासन से अनुमति की बात करते हैं कभी काउंसलिंग कराने की बात करते थे अब ऐसा प्रतीत होता है वह अपनी बात से विचलित हो गए अभ्यर्थियों का कहना है निदेशक महोदय बेरोजगारों पर रहम करिए ।

# दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना में 2.35 लाख से ज्यादा युवा हुए प्रशिक्षित, 1.25 लाख को मिला रोजगार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत योगी सरकार ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,25,822 युवाओं को सेवायोजित किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों (महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष), मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित अथवा स्कूल ड्रॉपआउट को लक्ष्य बनाती है। उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 98वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित की जा रही है। युवाओं को प्रदान किया जा रहा विभिन्न रोजगारपरक कोर्सेज में प्रशिक्षण

- **ग्रामीण युवाओं का भविष्य सुधारने के लिए यूपी में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का सफलपूर्वक किया जा रहा संचालन**
- **योगी सरकार योजना के तहत ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को आधुनिक कक्षाओं और लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

विभिन्न विषयों जैसे अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

**विकसित गांव, विकसित प्रदेश का सपना हो रहा साकार**

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने हुनर से स्वाबलंबी बनाकर विकास के कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम बनाना है।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले युवाओं को कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से कौशल से सशक्त बन रहे युवा बेहतर कल का निर्माण कर रहे हैं, जिससे विकसित गांव और विकसित प्रदेश का सपना साकार हो रहा है।

# अवैध क्लीनिक सील होने के बाद भी झोलाछाप डॉक्टर कर रहा था इलाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हल्दौर।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों पर छापा मारी अभियान चलाया गया था जिसके चलते एक क्लीनिक सील कर दिया गया था लेकिन झोलाछाप डॉक्टर के होंसले इतना बुलंद हैं कि सरकारी सील को तोड़कर प्रेक्टिस कर रहा था और शिकायत पर जिला अधिकारी बिजनौर ने मामले का संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर कार्यवाही शुरू करते हुए झोलाछाप डॉक्टर तौसीफ के क्लीनिक पर छापा मारा तो भनक लगते ही झोलाछाप डॉक्टर भाग गया जबकि टीम ने फिर से क्लीनिक सील कर दिया और पुलिस द्वारा झोलाछाप डॉक्टर को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है जबकि गठित टीम में डाक्टर आर पी विश्वकर्मा नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह शामिल रहे

# गायब हुई बच्ची का शव नहर से बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अफजलगढ।** थाना क्षेत्र के हिदायतपुर मै एक मासूम बच्ची अपनी मां के साथ बुआ के धर आईं हुईं थीं तभी उसकी मां नहर किनारे कपड़े धोने चली गई और मासूम बच्ची भी साथ चली गई इसी बीच किसी तरह मासूम बच्ची नहर में चली गई और लापता देखकर मां ममता मैं चीख पुकार करते हुए परेशान हो उठीं लेकिन एक दिन बीत गया मासूम का पता नहीं चल पाया तो पुलिस सूचना पर गोताखोर नहर में कूद पड़े और बच्ची का शव नहर से बरामद कर लिया तभी परिवार में कोहराम मच गया।

# सैफी निकाह मिन सुन्नति ग्रुप के माध्यम से 700 रिश्ते हुए मुकम्मल, सैफी समाज ने अख्तर सैफी की कोशिश को सराहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं (रफीक अहमद)।** कौन कहता है आसमां में छेद नहीं हो सकता, एक पत्थर तबीयत से उछालो तो यारो।

कवि दुष्यंत कुमार का ये शेर मुरादाबाद निवासी जनाब अख्तर सैफी पर बिल्कुल सही बैठता है, 2020 में लॉकडाउन पीरियड में *सैफी निकाह मिन सुन्नति* नाम से एक ग्रुप बनाया था ताकि सैफी बिरादर के लड़के लड़कियों के रिश्तों में आसानी पैदा हो, उनकी ये छोटी सी कोशिश आज एक बड़ा नाम बन चुकी है इसकी जितनी तारीफ की जाए वो कम है। सैफी निकाह मिन सुन्नति के नाम से आज पूरे भारत में बीस से ज्यादा व्हाट्स एप ग्रुप चल रहे हैं जिनको अलग अलग एरिया के हिसाब से बांटा गया है जिनको कई एडमिन हजरात चला रहे हैं । इसमें आल मुस्लिम निकाह मिन सुन्नती ग्रुप, विधुर विधवा ग्रुप भी चल रहे हैं ।



सैफी निकाह मिन सुन्नती ग्रुप के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अख्तर सैफी साहब ने बताया कि अब तक 4 वर्ष मे ग्रुप के माध्यम से 700 रिश्ते मुकम्मल हो चुके हैं यह बिल्कुल फ्री सेवा है हम सैफी समाज के अलावा सभी मुस्लिम समाज के लिए भी अपनी खिदमतों को अंजाम दे रहे हैं समाज मे विधुर विधवा तलाक शुदा लोगों के लिए भी ग्रुप अपना काम कर रहा है अख्तर सैफी ने बताया कि हम समाज में उम्र दराज हो रहे लडके और लड़कियों के लिए फिक्र मंद है हम चाहते हैं कि लोग सही समय पर शादी के बन्धन में बंध सकें हमारा मिशन समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करना भी है फिजूल की रस्मों और दहेज की मांग ने आज शादी को बहुत मुश्किल बना दिया है हमारी मुहिम है कि निकाह आसान हो ताकि वक्त पर लोग निकाह कर सकें । उन्होंने बताया जिस तरह हमे समाज और एडमिन साहब का सहयोग मिल रहा है उसके लिए हम उनके शुक्रगुजार हैं उम्मीद है उनका साथ हमें आगे भी मिलता रहेगा । अख्तर सैफी ने मुस्लिम समाज से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा आप अपने बच्चों के बायो डाटा हमारे पास भेज दें ताकि रिश्तों में आसानी हो यह सेवा बिलकुल फ्री है किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है।

# दंपति ने दुकान पर खड़े व्यक्ति के साथ की मारपीट

**कांधला।** दुकान पर खडे व्यक्ति के साथ दम्पत्ति ने अभद्रता तथा मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गांव गंगेरू निवासी आलम पुत्र नाजिम अली ने बताया कि वह गुरूवार को मौहल्ला तेलियान स्थित अपनी दुकान पर खडा था। इसी दौरान गांव निवासी अरशद अपनी पत्नी रूकसाना के साथ मौके पर आया तथा आते ही उसके साथ अभद्रता तथा गाली गलौच करनी शुरू कर दी।

**जागरूकता शिविर** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में योग दिवस के भव्य आयोजन के निर्देश दिए हैं

# जल योग से शुभारम्भ हुआ स्वस्थ, खुशहाल जीवन का दोगुना लाभ का जागरूकता शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** वर्ष 2014 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत के बाद पूरे देश मे हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में योग दिवस के भव्य आयोजन के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ स्थित शहीद भगत सिंह तरणताल, महानगर में रमेश कुमार सौनी, दिनेश चन्द्र गुप्ता, अवधेश शुक्ला, अरूण पाण्डे ,भरत वर्मा, डॉ मोहम्मद कामरान, आरिफ आदि ने जलयोग के शिविर का शुभारम्भ करके इसकी महत्ता के बारे में लोगो को अवगत कराया। साधारण योग की तुलना में जलयोग करने से स्वास्थ्य में दोगुना लाभ प्राप्त होता है परन्तु जलयोग में बहुत ही एकाग्रता और मानसिक संतुलन की आवश्यकता होती है इसलिए अगर योग का दोगुना लाभ पाना चाहते हैं तो शहीद भगत सिंह तरणताल, महानगर लखनऊ में आकर जलयोग के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जल योग से सम्बंधित शिविर आगामी एक माह तक चलता रहेगा जिसके माध्यम से तैराकी सीखने वाले प्रशिक्षुओं को जल योग से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जल योग से न सिर्फ




शरीर में ठंडक रहेगी बल्कि आये दिन होने वाली डिप्रेशन जैसी कई समस्याओं से छुटकारा भी प्राप्त होगा। विगत 20 वर्षों से जल योग करने वाले दिनेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि जल योग करने से उनका शरीर लचीला हो गया है और घुटने आदि के दर्द से निजात मिल गया है, अभिनय कौशल और गीत संगीत के लिए देश विदेश मे।मशहूर शख्सियत के रूप में विख्यात रमेश कुमार सैनी के अनुसार जलयोग से पूरे शरीर को आराम मिलता है और मांसपेशियों में संगीत की धुनों की नई तरंगे बजने लगती है, व्यवसायी अवधेश शुक्ल के अनुसार जलयोग से न सिर्फ गर्मी से निजात मिलती है बल्कि थकान और तनाव से मुक्त होकर पूरा दिन आराम से गुजरता है।डॉ मोहम्मद कामरान जिनको जल में उतरें मात्र एक वर्ष ही गुजरा है उनके अनुसार पानी मे हाथ पैर चलाने से न सिर्फ घुटने के लिगामेंट समस्या से आराम मिला है बल्कि पानी मे बैठकर प्राणायाम करने से सांस, गुर्दा, दिल आदि अनेक असाध्य रोगों से छुटकारा मिल सकता है। चौक क्षेत्र से आने वाले व्यवसायी जनाब आरिफ साहब के अनुसार उनके लिए जलयोग अत्यंत लाभकारी है और प्रतिदिन कंधे तक भरे पानी में बैठ कर कपालभाति करने से तमाम तरह की बीमारियों को दूर तो भगाते है वहीं शहीद भगत सिंह तरण ताल के समस्त सदस्यों के साथ हँसते खिलखिलाते जिंदगी के नए बुलबुले बनाते हुए जलयोग को आगे बढाने का नित्य प्रयास किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से विमल कुमार की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ रोड पर पेपर मिल चौराहा के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से 23 वर्षीय युवक विमल कुमार की मौत हो गई। बाइक पर बैठा युवक का बड़ा भाई घायल हो गया। दोनों भाई शेरुआ स्थित अपनी रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। बुधवार सुबह पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के महलकपुर निजामपुर निवासी विमल कुमार हलवाई था। वह गांव में ही एक मिठाई की दुकान पर काम करता था। परिवार में पत्नी निशु और छह माह की एक बेटी है। परिजनों के मुताबिक शेरुआ धर्मपुर में विमल के मौसेरी ससुर रहते हैं। रात करीब 11 बजे विमल और उसका भाई अनुज शेरुआ में एक रिश्तेदार को छोड़ कर घर लौट रहे थे। पेपर मिल से पहले दून ढाबे के सामने पीछे से किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। जबकि बाइक सवार विमल और अनुज घायल हो गए। दोनों को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात विमल की इलाज के दौरान मौत हो गई। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



# पूजन करके जिलाधिकारी ने फावड़ा चलकर किया नदी का प्रारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** विकासखंड के ग्राम हुसैनपुर नरोंदा मार्ग पर बड़ी संख्या में समारोह पूर्वक ग्राम प्रधान पूर्व ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य खंड विकास अधिकारी कुन्दरकी चैतन्य पाठक, ब्लॉक स्टाफ के साथ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा नायब तहसीलदार कुन्दरकी लोकेश कुमार प्रभारी निरीक्षक मैनाठेर जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा मिथिलेश सक्सेना लोकेश कुमार जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सेवा भारती जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा पूर्व सेवा प्रमुख कुन्दरकी ठाकुर मुकेश राघव ठाकुर शीशपाल सिंह पूर्व प्रधान नरोंदा ग्राम प्रधान हुसैनपुर रजनी देवी प्रधान पति एवं बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर ने भाग लिया। पूजन एवं हवन के पश्चात जिलाधिकारी ने फावड़ा लेकर आरिल नदी को बरसात से पहले अस्तित्व में लाने के लिए खुदाई करने हेतु शुरूआत की। इससे पूर्व मंच पर जिलाधिकारी एवं सभी मंचासीन अतिथियों का कुन्दरकी ब्लॉक की ओर से पुष्प के गुलदस्ता राधे-राधे अंकित पटका भेंट कर स्वागत किया गया।

21 जून विश्व योग दिवस को संपन्न करने हेतु जिलाधिकारी ने सभी से आग्रह किया कार्यक्रम के बाद सभी को ग्राम प्रधान की ओर से भीषण गर्मी से बचाव हेतु शरबत पिलाया गया। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों को शांतिकुंज हरिद्वार की पत्रिका अखंड ज्योति एवं विद्या भारती के द्वारा शैक्षिक पंचांग भेंट किया।







# सरकार ने शैक्षिक भ्रमण को खोल खजाना, राजकीय विद्यालयों के 5611 बच्चे शैक्षिक भ्रमण को जाएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के बच्चों को जल्द ही शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने खजाना खोल दिया है।राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत साढ़े चार लाख बच्चों के विजिट के लिए 22 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि मंजूर हुई है। राज्य परियोजना निदेशक ने इसको लेकर सूबे के सभी डीआईओएस को पत्र भी जारी कर दिया है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को प्रदेश के उच्च संस्थानों में एक दिवसीय अध्ययन यात्रा कराई जाएगी। यहशैक्षिक भ्रमण अपने जिले से बाहर के उच्च शिक्षा संस्थानों मेंकराया जाएगा। शैक्षिक भ्रमण में पीएमश्री योजना वाले विद्यालयोंके बच्चे शामिल नहीं होंगे। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत सूबे के 452283 बच्चों के लिए प्रति बच्चे 500 रुपये के हिसाब से 22 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि की मंजूरी मिली है। इसमें ज्ञान के साथ-साथ राज्य की विभिन्नताओं, विज्ञान और गणित उन्मुखी प्रतिष्ठानों, कार्य प्रणाली तथा उनसे जुड़ी व्यावहारिक जानकारी देनी होगी।

# छात्रवृत्ति की दरों में होगी वृद्धि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी में चालू वित्त वर्ष में छात्रवृत्ति की दरों में वृद्धि होगी। केंद्र सरकार अगले माह अपनी नई दरें जारी करेगी। इन्हें प्रदेश में भी लागू करने पर विचार किया जा रहा है। प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों को ढाई लाख रुपये तक और अन्य वर्गों के लिए दो लाख रुपये तक सालाना आय होने पर छात्रवृत्ति के साथ शुल्क भरपाई करती है। वर्ष 2023-24 में कक्षा-9 व 10 के छात्रों का शैक्षणिक भत्ता 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपये किया गया था। इसके अलावा दशमोत्तर कक्षाओं की छात्रवृत्ति की दरों में भी विभिन्न स्लैब में बढ़ोतरी की गई थी। समाज कल्याण विभाग के सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार एक बार फिर छात्रवृत्ति की दरें बढ़ाने जा रही है। राज्यों के साथ बैठक में इसकी जानकारी दे दी गई है। माना जा रहा है कि 10 जुलाई तक केंद्र की नई दरें आ जाएंगी। उन दरों को यूपी में भी स्वीकार किया जाएगा।

# राज्य पक्षी सारस की गणना हुई प्रारंभ

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर जनपद में आज से राज्य पक्षी सारस की गणना शुरू हो गई है। गणना लगातार दो दिन चलेगी और सुबह-शाम दो बार होगी। इसमें वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही व विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा।प्रदेश में वर्ष में दो बार (ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन) गणना होती है। वर्ष 2023 में हुई गणना में प्रदेश में 19,522 सारस मिले थे। प्रभागीय वनाधिकारी अपने प्रभाग में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक (ईको विकास), लखनऊ को उपलब्ध कराएंगे ' सारस गणना 21 जून को समाप्त होगी।इसके लिए प्रत्येक प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अपने-अपने त क्षेत्रों के कोऑर्डिनेटर होंगे। वन रक्षक गणना टीम का नेतृत्व करेंगे। इनके कार्यक्षेत्र में कई वेटलैंड होने पर एक से अधिक टीम गठित की जाएंगे। इसके लिए जनसामान्य को भी जागरूक किया जाएगा। व गणना में स्कूल, कॉलेज के बच्चों, प्रकृति प्रेमियों व एनजीओ भी हिस्सा ले सकते हैं। इन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।



# कॉलेज मे विश्व योग सप्ताह की तैयारी की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** विद्या भारती से संबंध शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ग्राम भारती पिलखुआ हापुर ग्रामीण शिक्षा अंतर्गत श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी मे छात्र छात्राओ को योग करना सिखाया गया । गुरुवार को कॉलेज परिसर मे योग कक्षा में छात्र छात्राओ को गुरूओं ने योग करना सिखाया । कालेज के प्रधानाचार्य ने इस दौरान बच्चों से कहा की अपने-अपने गांव में चयनित स्थान पर घर एवं मौहल्ले के लोगों को एकत्रित करके प्रातः काल दशम विश्व योग दिवस के लिए हरसोलाशपूर्वक योग के अनेक कार्यक्रम संपन्न कराने हैं। कॉलेज परिसर मे अनुलोम विलोम कपालभाति भ्रामरी प्राणायाम ताड़ासन एवं सूर्य नमस्कार आसन सिखाया गया 21 ग्रामों में मंदिर पार्क संस्कार केंद्र एकल विद्यालय अभिभावक एवं पुरातन छात्र के सहयोग से पूर्ण करना है । विभिन्न गांवों में विश्व योग के कार्यक्रम भी होने हैं । इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





# एस.एस.पी ने राजीव कुमार शर्मा को कुन्दरकी थाने की कमान सौंपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने जिले भर मे थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा को कुन्दरकी प्रभारी नियुक्त किया । एस एस पी ने कुन्दरकी के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल को कोतवाली कटघर का चार्ज सौंप दिया है । ब्लॉक क्षेत्र के कोतवाली मैनाठेर के प्रभारी निरीक्षक सवेंद्र कुमार शर्मा को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने थाना सोनकपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया । जबकि थाना सोनकपुर के प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह को कोतवाली मैनाठेर का कार्यभार सौंपा है । नवनियुक्त कुन्दरकी और मैनाठेर के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा और किरनपाल सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है ।





नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा कुन्दरकी व नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह मैनाठेर

# परिषदीय विद्यालयों में 28 जून को बच्चों का टीका लगाकर होगा स्वागत, मिड डे मील में मिलेगा हलवा, खीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय 28 जून से पुनः खुलेंगे। इस दौरान विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया जाएगा और विद्यालय आने वाले बच्चों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। साथ ही मध्याह्न भोजन में बच्चों के लिए हलवा, खीर आदि बनाया जाएगा।28 और 29 जून को विद्यालय सुबह 7.30 बजे से 10 बजे तक संचालित होंगे। इस दौरान विद्यालय स्तर पर समरकैंप आयोजित होगा। भीषण गर्मी एवं लू (हीट वेव) के दृष्टिगत ग्रीष्मावकाश के उपरांत विद्यालयों का संचालन 28 जून से होना है।25 जून सेअध्यापकों को विद्यालय आना अनिवार्य होगा। ग्रीष्मावकाश में विद्यालय बंद रहने के उपरांत पुनः खुलने पर परिसर गंदा रहेगा। इसको देखते हुए 25 जून से 27 जून तक परिसर की समुचित साफ- सफाई कराकर विद्यालय को सुंदर एवं आकर्षक बनाना होगा।




# टीएमयू का सासाकावा लैप्रोसी फाउंडेशन के संग एमओयू साइन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और सासाकावा इंडिया लैप्रोसी फाउंडेशन, नई दिल्ली के बीच एमओयू साइन हुआ है। एमओयू के तहत लैप्रोसी के तहत अवेयरनेस कैंप, यूथ फेस्टिवल, स्टुडेंट्स के लिए छात्रवृत्ति, लैप्रोसी पीड़ित बस्तियों में कैंप, न्यू कमर्स स्टुडेंट्स के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम आदि पर सहमति बनी है। टीएमयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, जबकि सासाकावा इंडिया लैप्रोसी फाउंडेशन की ओर से सीओई श्री गौरव सेन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, प्रोग्राम सुपरवाइजर मिस चन्द्र किरन, रीजनल मैनेजर श्री तंजील खान, इवेंट मैनेजर श्री आफताब पाशा, प्रोग्राम ऑफिसर मिस अन्वेशा बरूआ आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एमओयू हस्ताक्षर होने के बाद सासाकावा का यह प्रतिनिधिमंडल वीसी कार्यालय में प्रो. वीके जैन से भी मिला। प्रो. जैन ने सासाकावा फाउंडेशन के सीईओ श्री गौरव सेन को यूनिवर्सिटी का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

टीएमयू और सासाकावा के बीच रिश्तों की डोर दिनों-दिन प्रगाढ़ हो रही है। सासाकावा के यूथ फेस्टिवल में पैरामेडिकल के स्टुडेंट्स न केवल भाग ले चुके हैं, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के बूते पर विजेता भी रहे हैं। सासाकावा के प्रतिनिधि भी समय-समय पर टीएमयू के पैरामेडिकल में गेस्ट लेक्चर्स के जरिए स्टुडेंट्स के ज्ञान का संवर्धन करते रहते हैं। उल्लेखनीय है, 2006 में स्थापित, सासाकावा-इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में काम करता है। ससाकावा स्वरोजगार के लिए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए तकनीकी सहायता और सूक्ष्म अनुदान प्रदान करना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा तक पहुंच प्रदान करना, आजीविका गतिविधियों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण देती है। सासाकावा देश के 18 सूबों के 214 जिलों में सक्रिय है। देशभर की 278 कॉलोनियों में फैली 356 से अधिक लैप्रोसी परियोजनाएं चलाते हैं।



# भीषण गर्मी तप्ती धूप में राहगीरों को ठन्डा पानी पिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** आशिकाने रसूल की दीनी तहरीक दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जिसका काम है लोगो की सेवा करना यह संस्था मुख़्तलिफ तरीको से समाज की सेवा करती है ।

सर्दी के मौसम में गरीबो बेसहारो को कम्बल बाँटना, गर्मी के चिलचिलाती धूप में प्यासों को पानी पिलाना, पौधरोपण के समय मे पौधा लगाना, और हेल्थ की समस्या से परेशान लोगो के लिए हेल्थ कैम्प लगाना, समय - समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाना इसी तरह गरीबो में राशन किट बांटना यह संस्था कार्य है ।

गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के बैनर तले जलालपुर चौराहा नेशनल हाईवे जीरो पॉइंट पर ठंडे पानी की सबील लगाई गई जिससे लोगों ने पानी पीया और गर्मी से राहत पाई । मकामी लोगो ने जी एन आर एफ के इस काम को सराहा और हौसला अफजाई की । इस काम से लोगो को राहत पहुंची और पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाने की कोशिश की गई । इस मौके पर संस्था के इमरान अत्तारी कारी मोहम्मद रफी जावेद अत्तारी अरकान कादरी मोहम्मद इन्तजार आदि जिम्मेदारों ने उपस्थित हो कर इस पुण्य के काम मे अपना सहयोग दिया ।









# चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** पुलिस ने पिछले महीने चोरी की गई बाइक को बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार किया है 'थाना छजलैट के गांव रमपुरा निवासी अजीत कुमार पुत्र स्व जसपाल 4 मई को शाम करीब 4.30 बजे कस्बा कांठ मे घरेलू सामान खरीदने एच आर ट्रेडर्स पर कांठ आया था। उसने मोटरसाईकिल को दुकान पर खडा किया और सामान लेने अन्दर चला गया। वापिस आया तो दुकान से बाहर बाइक नही मिली सीसीटीवी कैमरों मे देखा तो दो अज्ञात लोग बाइक को चोरी करके ले जाते हुये साफ दिखाई दिए। तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया एसएसपी को प्रार्थना पत्र देने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया आज पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उससे बाइक बरामद कर ली पकड़े गए युवक ने अपना नाम केशव देवल उर्फ बिट्टू पुत्र महेंद्र निवासी देहरी जुम्मन बताया। पकड़े गए युवक के खिलाफ पहले से ही अलग-अलग थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने आरोपी युवक का चालान किया है।



## ज्ञापन — आधार कार्ड सेंटर तहसीन कांठ में खोला जाए

# भारतीय किसान यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय किसान यूनियन ने आज किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार सिंह को दिए ज्ञापन में बताया गया कि जिला सहकारी बैंक से किसान फसली ऋण लेते हैं जिसका ब्याज तीन प्रतिशत जमा होता है इस वर्ष भी 15 जून तक किसानों से तीन प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा था लेकिन 15 जून से शासन का आदेश बताकर किसानों से सात प्रतिशत ब्याज मागा जा रहा है जबकि ऐसा कोई शासनादेश नहीं है इस पर हत्काल अंकुश लगाकर किसानों को राहत दी जाए समिति कर्मचारियों द्वारा सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है।बिजली घर कांठ में अंग्रेजों के शासन काल का बना हुआ है जिसके लिए आज तक भी रास्ता नहीं बना है मशीनों की स्थिति खराब है तहसील फीडर खराब हो चुका है कई बार कहने के वावजूद भी नहीं ठीक हो रहा है अधिकारियों द्वारा पैसे की कमी कारण बताया जाता है, इसलिए भाकियू ने निर्णय लिया है कि उक्त कार्य को कराने के लिए भाकियू के कार्यकर्ता नगर कांठ में भीख मांग कर एस०डी०ओ० को पैसे देंगे। दो-दो हजार के बिल पर लाइन काटी जा रही है पूछने पर शासन का आदेश बताते हैं। किसान सम्मान निधि से हजारों किसान बंचित है तहसील काठ में कैम्प लगाकर किसानों को निधि दिलाई जाए। आधार कार्ड सेंटर तहसीन कांठ में खोला जाए। कांठ में सरकारी अस्पताल एवं आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टरों के न बैठने की शिकायते मिल रही हैं इसकी जाच कराई जाए' इस मौके पर सुमन कुमार (सोनू) तहसील उपाध्यस,महेन्द्र सिह रन्धावा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), जितेन्द्र विश्नोई जीतू (महासचिव मुरादाबाद मण्डल), आदि लोग मौजूद रहे।



# एसएसपी ने दो प्रभारी निरीक्षक को हटाया,कई थाना प्रभारी को किया इधर से उधर, लखपत सिंह बने छजलैट के थाना प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम कटघर और सिविल लाइंस थाने के प्रभारी निरीक्षकों को एसएसपी हेमराज मीना ने हटा दिया है। कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। तीन थाना प्रभारियों को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया। उनका तबादला पहले ही हो चुका था।कटघर थाना में लूट, चोरी और हत्या की घटनाएं बढ़ गई थीं। भैसिया गांव के इमाम मोहम्मद अकरम की हत्या का अभी तक पदार्फाश नहीं हो सका। इसके अलावा और भी आपराधिक मामले लंबित चल रहे हैं। इसी प्रकार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा था। इसी महीने कई बड़ी चोरियां हो गई हैं। दीनदयाल नगर में रिटायर्ड बैंक अफसर के घर चोरी की घटना का पुलिस सुराग तक नहीं लगा सकी है। सीआरएस के यहां चोरी की घटना को पुलिस बेहद हल्के में ले रही थी। एसएसपी हेमराज मीना ने कटघर थाना प्रभारी तेजवीर सिंह को हटाकर क्राइम ब्रांच में नियुक्त कर दिया है। कुंदरकी थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल को कटघर थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार सिविल लाइंस इंस्पेक्टर आरपी शर्मा को चुनाव सेल का प्रभारी बना दिया गया। सिविल लाइंस थाने में सर्विलांस सेल प्रभारी संदीप मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है। साइबर क्राइम थाने में तैनात इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा को कुंदरकी थाना प्रभारी बनाया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार को डिलारी थाना प्रभारी बनाया गया। डिलारी थाना प्रभारी पवन कुमार को साइबर क्राइम थाना भेज दिया।पाकबड़ा के कस्बा चौकी प्रभारी एसआइ कुलदीप कुमार को मुगलपुरा थाना प्रभारी बनाया गया। इंस्पेक्टर मुगलपुरा मनोज कुमार को एएचटीयू का प्रभारी बनाया गया। एचटीएयू प्रभारी रहे लखपत सिंह को छजलैट थाना प्रभारी बना दिया। मझोला थाने पर तैनात इंस्पेक्टर उमाशंकर को नागफनी थाना प्रभारी बनाया गया। इंस्पेक्टर मैनाठेर सर्वेंद्र कुमार शर्मा को सोनकपुर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। सोनकपुर थाना प्रभारी किरनपाल सिंह को मैनाठेर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। चुनाव सेल प्रभारी राजीव चौधरी को ठाकुरद्वारा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मोहित चौधरी को साइबर क्राइम थाना प्रभारी, ठाकुरद्वारा इंस्पेक्टर शैलेंद्र पाल सिंह चौहान, छजलैट थाना प्रभारी अर्जुन त्यागी व नागफनी थाना प्रभारी चमन सिंह का गैर जनपद ट्रांसफर हो चुका था। तीनों को उनकी नई तैनाती वाले जिले को रिलीव कर दिया है।



# इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में क्यों डेब्यू कर रही हैं, पश्मीना रोशन ने किया खुलासा

सुपरस्टार ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने इस फिल्म को साइन किया।

इस फिल्म को डायरेक्ट निपुण धर्माधिकारी ने किया है।पश्मीना ने बताया कि किस वजह से उन्होंने इस फिल्म को हां कहा। उन्होंने कहा, सबसे पहले, ऐसी आइकोनिक फ्रेंचाइजी के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यह एक रोमांटिक फिल्म है और मेरी पसंदीदा शैली रोमांस और रोमांटिक कॉमेडी है।उन्होंने आगे कहा, यह हमारी जनरेशन के यूथ लव को दिखाता है। इसलिए इस प्रोजेक्ट को करना, कुछ ऐसा है जिससे हम सभी बहुत ज्यादा कनेक्ट होते हैं। भले ही ऐसी चीजें हमारे लाइफ में न हुई हो, जिनसे हमारा कैरेक्टर गुजरा है। लेकिन यह थीम जुड़ाव महसूस कराता है।

इसे एक बेहतरीन शुरूआत बताते हुए पश्मीना ने कहा, जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ीं, म्यूजिक आया, हमारे साथ बहुत अच्छा ट्रीट किया गया, हमारा बहुत ख्याल रखा गया... यह मेरा डेब्यू है और मुझे लगता है कि यह एकदम सही है... मेरे लिए सब कुछ सही रहा।पश्मीना ने कहा कि उन्हें कोई...मिल गया के सेट पर सिनेमा के प्रति लगाव अधिक बढ़ा।पश्मीना ने कहा, मैं और मेरी बहन सुरनिका सेट पर जाते थे, और यह हमारे लिए धरती पर सबसे खुशनुमा जगह हुआ करती थी। हमें ऐसा लगता था कि हमें अब कभी घर वापस जाने के लिए न बोला जाए। यहीं से मैंने सीखा कि मुझे सेट पर रहना अच्छा लगता है। मैंने स्कूल में थिएटर किया था। मेरी एक बहुत अच्छी टीचर मिसेज अमला थीं, जो काम के प्रति इतनी पैशनेट थी कि उन्होंने हममें भी वह पैशन भर दिया। मुझे लगता है कि उस क्लास का हर कोई क्रिएटिव फील्ड में चला गया है, और इसका काफी श्रेय उन्हें जाना चाहिए।उन्होंने कहा, इन दो उदाहरणों से मुझे पता चला कि परफॉर्मिंग आर्ट्स में होना कैसा होता है। मुझे हमेशा लगता था कि मैं किसी और चीज से ज्यादा एक कलाकार हूं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा खुशी देती है।पश्मीना ने आगे बताया कि उन्हें अपने बड़े भाई ऋतिक से क्या सलाह मिली है।


उन्होंने कहा, एक समय था जब मैं यह तय कर रही थी कि मुझे मार्केटिंग में अपना करियर बनाना चाहिए या नहीं। मैं खुद को लेकर कंफ्यूज थी कि मैं इस फील्ड में रहने के लिए अच्छी हूं या नहीं। उस वक्त, न केवल ऋतिक, बल्कि मेरे परिवार के सभी लोगों ने मुझे सलाह दी कि अगर आप हर दिन अपना मन किसी काम में लगाते हैं और वह काम करते रहते हैं तो आप जो चाहें हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, यह एक ऐसी बात है जिसे मैं सिर्फ फिल्मों के लिए ही नहीं, बल्कि जो कुछ भी काम मैं करती हूं, उसके लिए अपनाती हूं। अगर मैं कुछ करना चाहती हूं, तो मैं उसे पूरी लगन से करने की कोशिश करती हूं। मैं अपने गोल तक चलकर या दौड़कर जाऊंगी, अगर मैं दौड़ नहीं सकती, तो मैं रेंगकर जाऊंगी। यही सलाह मुझे दी गई और यही मैंने उन्हें करते देखा है।

टिप्स फिल्म्स के तहत रमेश तौरानी और जया तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म में रोहित सराफ, पश्मीना रोशन, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल नजर आने वाले हैं। यह आज 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# साड़ी पहन नेपाल की इस हसीना ने दिखाईं कातिलाना अदाएं, फोटोज देख हर अदाओं पर दिल हार गए फैंस

नेपाल की मशहूर अदाकारा अदिति बुधाथोकी आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। नेपाली एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स की तस्वीरें



इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका खूबसूरत अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि ना सिर्फ पंजाबी इंडस्ट्री बल्कि भोजपुरी इंडस्ट्री में भी एक्ट्रेस अपने हुस्न का जलवा बिखेर चुकी हैं।

तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है और साथ ही रेड कलर के ब्लाउज से उसे टीमअप किया है। कानों में झुमकें, माथे में बिंदी और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी हमेशा से ही लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं। वो अपनी ब्यूटी से हर किसी का दिल जीत लेती हैं। अदिति बुधाथोकी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या की पकड़ बरकरार, 60 करोड़ रुपये की ओर दैनिक कमाई

मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारों से सजी फिल्म मुंज्या का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।वीकेंड पर बढ़िया प्रदर्शन करने के बाद मुंज्या कामकाजी दिनों में भी बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छाप रही है।आइए जानते हैं फिल्म मुंज्या ने अपनी रिलीज के 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।



बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 58.80 करोड़ रुपये हो गया है।मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।दिनेश विजान इसके निमार्ता हैं। रूही और स्त्री के बाद यह दिनेश की तीसरी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। मुंज्या तूफानी रफ्तार से कमाई कर रही है. फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा कारोबार कर लिया है. वहीं अब ये फिल्म 60 करोड़ का आंकड़ा छूने से इंचभर दूर रह गई है. इसी के साथ ये फिल्म अब 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने की ओर बढ़ रही है. अब देखने वाली बात होगी की मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर शतक कब लगाती है.

7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित मुंज्या में शरवरी, अभय वर्मा, मोना सिंह, सत्यराज, सुहास जोशी और कई अन्य कलाकारों ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई है. इस फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजन और अमर कौशिक ने किया है. ये फिल्म मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की चौथी फिल्म है और यह भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित मुंज्या की कथा के इर्द-गिर्द घूमती है।

# बॉक्स ऑफिस पर कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन की दैनिक कमाई में गिरावट

कार्तिक आर्यन फिल्म चंदू चैंपियन को अपने करियर की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक मानते हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है।चंदू चैंपियन देश के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण जीतने वाले मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। मुरलीकांत की भूमिका में कार्तिक की मेहनत बड़े पर्दे साफ झलकती है।वीकेंड पर बढ़िया कारोबार करने के बाद अब कामकाजी दिनों में चंदू चैंपियन की दैनिक कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चैंपियन ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.25 करोड़ रुपये हो गया है।चंदू चैंपियन ने 4.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी।वीकेंड पर इस फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ।



शनिवार को यह फिल्म 7 करोड़ रुपये और रविवार को 9.75 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

चंदू चैंपियन का निर्देशन कबीर खान ने किया है, वहीं

**राजपाल यादव, विजय राज और भुवन अरोड़ा भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंदू चैंपियन अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे सकती है**

इसके निमार्ता साजिद नाडियाडवाला हैं।यह फिल्म गिरकर उठना और उठकर दौड़ना सिखाती है। ये कहानी है भारत के पहले पैरालम्पिक गोल्ड मेडल विजेता मुरलीकांत राजाराम पेटकर की। फिल्म की कहानी और कार्तिक की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है।राजपाल यादव, विजय राज और भुवन अरोड़ा भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंदू चैंपियन अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे सकती है।

# सुख-चैन छीन सकती है स्मार्टफोन की लत, शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर

जिस तरह स्मार्टफोन में हम दिन-रात खोए हैं, उससे सेहत को गंभीर और खतरनाक नुकसान पहुंच रहा है. कई रिसर्च में पता चला है कि लगातार फोन का इस्तेमाल या मोबाइल फोन के बिना एक पल भी न रह पाना नोमोफोबिया नाम की बीमारी हो सकती है. यह इतना खतरनाक है कि शरीर को बीमारियों का घर बना सकता है.



नामोफोबिया स्मार्टफोन की लत को कहते हैं. दुनियाभर में हुए एक सर्वे में 84त्न स्मार्टफोन यूजर्स ने माना कि वे अपने फोन के बिना एक दिन भी नहीं गुजार सकते हैं. नोमोफोबिया का निगेटिव असर शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत पर होती है. जानिए इसकी वजह से कौन-कौन सी बीमारियां हो सकती हैं...

**नामोफोबिया की वजह से होने वाली बीमारियां**

**1. बैक बोन पर असर**

यूनाइटेड कायरोप्रेक्टिक एसोसिएशन के अनुसार, लगातार फोन चलाने से कंधे और गर्दन झुक जाते हैं, जिसकी वजह से रीढ़ की हड्डी पर बुरा असर पड़ता है।

**2. फेफड़ों की समस्या**

लगातार फोन चलाने से गर्दन झुक जातीहै, जिसकी वजह से शरीर को पूरी या गहरी सांस लेने में दिक्कत होने लगती है. इसका फेफड़ों की सेहत पर असर पड़ता है.

3. टेक्स्ट नेक की प्रॉब्लम

फोन की स्क्रीन पर लगातार नजरें गड़ाए रखने से गर्दन के दर्द होने लगती है. जिसे टेक्स्ट नेक कहते हैं. लगातार टेक्स्ट मैसेज भेजने और वेब ब्राउजिंग करने वालों में ये समस्या ज्यादा देखने को मिलती है।

**4. कंप्यूटर विजन सिंड्रोम**

अमेरिकी विजन काउंसिल के सर्वे में पाया गया है कि 70त्न लोग स्मार्टफोन की स्क्रीन देखते समय अपनी आंखें सिकोड़ते हैं, जो आगे चलकर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम बन जाता है. इसमें आंखों में सूजन और धुंधला नजर आने की समस्या होती है।

**5. किडनी फेल हो सकती है**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में करीब 75त्न लोग अपना स्मार्टफोन बाथरूम में लेकर जाते हैं. जिससे हर 6 में से 1 फोन पर ई-कोलाई बैक्टीरिया मिल सकते हैं. इस बैक्टीरिया से डायरिया फैलने और किडनी फेल होने की आशंका रहती है।

**6. नींद की समस्या**

दो घंटे तक अगर फेस के सामने स्मार्टफोन की रोशनी पड़ती है तो 22 प्रतिशत तक मेलाटोनिन कम हो जाता है. जिससे नींद की समस्या शुरू हो जाती है. एक सर्वे में पाया गया है कि स्मार्टफोन के लत की वजह से 12 प्रतिशत लोगों की पर्सनल लाइफ प्रभावित हुई है।

**7. कॉन्फिडेंस कम होना**

एक सर्वे में 41 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने माना है कि किसी के सामने बेवकूफ लगने से बचने के लिए वे स्मार्टफोन चलाते रहते हैं. ऐसा करने से उनका कॉन्फिडेंस कम हो सकता है. इसलिए इससे बचना चाहिए.

**8. बढ़ सकती है चिंता**

एक सर्वे में 45 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स ने माना है कि उन्हें फोन खोने या बाकी चीजों की चिंता सताती रहती है. जिससे पता चलता है कि फोन स्ट्रेस को भी बढ़ाने का काम करत रहा है. एक्सपर्ट्स का मानना है कि जरुरत से ज्यादा फोन का इस्तेमाल फैमिली और फ्रेंड्स से दूर कर सकता है. इससे सामाजिक छवि भी बिगड़ सकती है।

# कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं तो सावधान हो जाइए, आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकती है ये आदत

गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक्स का ट्रेंड बढ़ जाता है। हर कोई दुकान पर कोल्ड ड्रिंक्स लेकर पीना पसंद करता है। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो सावधान हो जाइए. क्योंकि ये सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं. हाल ही में आई एक स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो लोग हफ्ते में दो बार कोल्ड ड्रिंक्स या मीठे पेय पीते हैं उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 50 प्रतिशत तक ज्यादा होता है। वैज्ञानिकों ने बताया मार्केट में आसानी से उपलब्ध कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा और मीठे पेय जैसे ऐडेड शुगर वाले ड्रिंक्स सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसकी थोड़ी सी भी मात्रा भी गंभीर और जानलेवा हो सकती है।

**कोल्ड ड्रिंक्स से हार्ट डिजीज का खतरा**

एक स्टडी रिपोर्ट में शोधकताओं ने पाया कि कम मात्रा में भी मीठे पेय पीना भी बहुत ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है. हार्वर्ड के टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में फूड्स और न्यूट्रिशन रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. लोरेना पचेको ने इन ड्रिंक्स के खतरों से आगाह किया है।

1 लाख से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है




नियमित तौर पर एक्सरसाइज करने वाले भी अगर हफ्ते में सिर्फ दो बार मीठे पेय पीते हैं, उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 15 प्रतिशत तक ज्यादा होता है. वहीं, जिन पार्टिसिपेंट्स ने हफ्ते में दो बार मीठे पेय लिए और एक्सरसाइज नहीं किया, उनमें हार्ट डिजीज का खतरा 50त्न ज्यादा देखा गया है। अध्ययनकताओं का कहना है कि अगर आप किसी रूप में चीनी का ज्यादा सेवन करते हैं, तो सेहत पर गंभीर नुकसान हो सकता है. लिक्विड के रूप में यह ज्यादा हानिकारक हो सकता है. डॉ. लोरेना पचेको के अनुसार, चीनी-मीठे पेय पदार्थों का सेवन करने से जितना संभव हो उतना बचना चाहिए. इससे दिल की बीमारियां ही नहीं, डायबिटीज, मोटापा और इंफ्लामेशन का रिस्क रहता है।

का कहना है कि हाई ग्लूकोज का लेवल और हाई इंसुलिन की वजह ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचने, डायबिटीज और इसकी जटिलताओं का जोखिम रह सकता है. इंसुलिन प्रतिरोध भी हार्ट डिजीज के लिए एक बड़ा रिस्क रहता है. प्रोफेसर स्टेनली सलाह देते हैं कि मीठी चीजों से, खासकर एडेड शुगर से दूरी बनाकर ही रखना चाहिए।

# वेब सीरीज मिजार्पुर 3 का टीजर जारी, इस बार आर या पार की होगी लड़ाई

अमेजन प्राइम वीडियो पिछले दो हफ्ते से मिजार्पुर 3 के पोस्टर और वीडियो के जरिए इसकी रिलीज डेट को लेकर लगातार दर्शकों को हिंट दे रहा है। इसी बीच अब मेकर्स ने हाल ही में मिजार्पुर 3 का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें पहले के दो सीजन से भी ज्यादा खौफ और भौकाल देखने को मिल रहा है।सामने आए टीजर ने दर्शकों का दिल और दिमाग झकझोर कर रख दिया है।

मिजार्पुर 3 के टीजर की शुरूआत जंगल में शेरों की झलकियों से होती है और बैकग्राउंड में बाउजी कुलभूषण खरबंदा की आवाज सुनाई दे रही है। जो सीरीज के सभी स्टारकास्ट की तुलना किसी न किसी जानवर से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। शेर से भिड़ने के लिए इस बार जंगल में जंगली बिल्लियां चालाक लोमड़ियां और तूफानी चीता तैयार है। इन सभी की नजरें मिजार्पुर के सिंहासन पर है। ट्रेलर में अपना दबदबा कायम रखने के लिए कहानी का हर किरदार नए दांव-पेंच लगाता नजर आ रहा है। अब देखने ये दिलचस्प होगा कि जंगली बिल्ली, चालाक लोमड़ी का रास्ता काट पाने में कितनी सफल होंगी, ये देखने के लिए आपको जुलाई तक का इंतजार करना होगा। फिलहाल मिजार्पुर 3 के टीजर ने आते ही सोशल



मीडिया पर घमासान मचा दिया है। फैंस टीजर को काफी पंसद कर रहे हैं। टीजर रिलीज ने फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है।

वहीं टीजर के साथ ही मिजार्पुर 3 सीरीज का प्रीमियर डेट भी सामने आ गया है। 10 एपिसोड की इस सीरीज का प्रीमियर 5 जुलाई को भारत और दुनिया भर में होने जा रहा है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और क्रिएट की गई इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज को दर्शकों ने काफी पसंद किया है, जिसका निर्देशन गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर ने किया है।

# दिल्ली में गिरते भूजल स्तर को लेकर मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा नेता व सांसद मनोज तिवारी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत और गिरते भूजल स्तर को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।भाजपा सांसद ने कहा, अरविंद केजरीवाल जी को दिल्ली में गिरते भूजल स्तर की चिंता है या नहीं? मैं उनसे कहना चाहता हूं कि दिल्ली की जनता आपको माफ नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी ने महज अपने आर्थिक फायदे के लिए लोगों को मिलने वाला पानी टैंकर माफिया को दे दिया।

उन्होंने कहा, गिरते भूजल को बचाने का सबसे अच्छा तरीका रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है, लेकिन केजरीवाल को इन सब चीजों से कोई लेना-देना नहीं है। वो और उनकी पार्टी के नेता सिर्फ और सिर्फ राजनीति करने में व्यस्त रहते हैं और बाकी दिल्ली की जनता कैसे रहेगी, इन्हें इन बातों से कोई लेना-देना नहीं है। यमुना का भी हाल बेहाल है। यमुना में लगातार पानी सूख रहा है। जल स्तर नीचे जा रहा है। यमुना में सिर्फ और सिर्फ नाली का पानी बह रहा है, लेकिन केजरीवाल सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है।

भाजपा नेता ने सवाल पूछते हुए कहा, कहां गया आपका विधानसभा का विशेष सत्र? आप लोग तो हर छोटी-छोटी बातों पर विधानसभा का सत्र आहूत करते हैं, लेकिन दिल्ली की जनता पिछले काफी दिनों से भीषण गर्मी की वजह से पानी की किल्लत का सामना कर रही है, लेकिन अभी तक आप लोगों ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना भी जरूरी नहीं समझा। इससे साफ जाहिर होता है कि आप लोग दिल्ली की जनता को लेकर कितने असंवेदनशील हैं।'

बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की किल्लत पैदा हो गई है। दिल्ली की जनता एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। कई दफा आम जनता पानी की किल्लत को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने उतर चुकी है, लेकिन केजरीवाल सरकार ने अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे आम लोगों को पानी की किल्लत से निजात मिल सके। बीते दिनों दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर पानी ना देने का आरोप लगाया था, जबकि बीजेपी का कहना है कि हरियाणा की ओर से दिल्ली के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाता है, लेकिन यहां केजरीवाल सरकार के संरक्षण में पल रहे वाटर टैंकर माफिया अब लोगों के हितों को ताक पर रखकर पानी का व्यापार करने पर उतारू हो चुके हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

# विदाई समारोह: थाना प्रभारी का तबादला होने पर दी विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**खानपुर (आरिफ अंसारी)।** थाना प्रभारी का तबादला होने पर थाना परिसर मे विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी। थाना प्रभारी रामवीर सिंह का तबादला अपराध शाखा विवेचना सेल मे हो गया है। गुरुवार को थाना परिसर मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ स्याना व थाने के समस्त स्टाफ द्वारा उन्हे फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह मे सीओ स्याना भास्कर कुमार मिश्रा, नये थाना प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम हिरेन्द्र कुमार,एस आई यूटी विकास कुमार, सोने लाल, कांस्टेबल पंकज सिंह, शिव कुमार, अतुल त्यागी, सुरेन्द्र कुमार, हरजीत सोलंकी व उमेश पाल आदि उपस्थित रहे।

# एक के बाद अवैध प्लाटिंग पर विकास प्राधिकरण की तबाड़ तोड़ कार्यवाही, 20 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में बुलन्दशहर विकास क्षेत्रान्तर्गत बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल द्वारा जोन- सिकन्द्राबाद में ग्राम चंदेरु, जिला कारागार से लगभग 100 मी० आगे श्री साजिद द्वारा लगभग 20 बीघा में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

उक्त अवैध निर्माण को बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं अन्य सहायक स्टाफ द्वारा एवं डेडीकेटिड फोर्स की उपस्थिति में ध्वस्त सील किया गया। सील ध्वस्तीकरण अभियान सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर चलाया जा रहा है। प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी श्री संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि सीलिंग ध्वस्तीकरण अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जनता से अपील की है कि वह बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण न करें।

# हरे भरे लहलहाते पेड़ों को काट कर बिना परमिशन भरान जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**नजीबाबाद।** समीपवर्ती ग्राम भागूवाला में हरिद्वार मार्ग पर स्थित होटल वालिया के पास आम की खड़ी फसल को बर्बाद करते हुए आम के बाग में बिना परमिशन मिट्टी भरान जारी है और मुख्य मार्ग पर खुले आम फसली आम के बाग को काटकर तेजी से भरान जारी है जबकि दोनों ही काम बिना किसी अनुमति के हो रहा है और हो रहा है तो क्यों जबकि अवैध मिट्टी खनन बंद है और खड़ी आम फसल को काटने की अनुमति कहां से है यह सवाल पैदा होता है लेकिन कालोनी बनाने वाले किस जुगाड से यह सब काम कर रहे हैं जनता में चर्चा है।

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय और अंजना वेलफेयर सोसायटी छात्रों के बीच भारतीय शास्त्रीय सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए किया समझौता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) और अंजना वेलफेयर सोसायटी ने छात्रों के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लक्ष्य से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को जीबीयु के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी और अंजना वेलफेयर सोसायटी की जीबीयू के डीन एकेडेमिक्स प्रो. एन. पी. मेलकानिया ने विश्वविद्यालय और अंजना वेलफेयर सोसायटी के बीच मुख्य उद्देश्यों पर जोर दिया। "हम वर्कशॉप्स, शिक्षा-अध्ययन कक्षाओं, और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हैं," उन्होंने टिप्पणी की।डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने भारत सरकार द्वारा भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने



संस्थापिका माया कुलश्रेष्ठ ने हस्ताक्षर किया। मयार्दा कुलश्रेष्ठ द्वारा स्थापित अंजना वेलफेयर सोसायटी युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्थान ने भारतीय धरोहर के लिए समर्पित विभिन्न पहलों का संचालन किया है।जीबीयू के कुलपति प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा ने समझौते के प्रति आशावाद व्यक्त किया और कहा की इस समझौते का बहुआयामी उद्देश्य है। इसे छात्रों के बीच सांस्कृतिक मानसिकता को विकसित करने की संभावना को महत्व देते हुए कहा कि "यह समझौता आगामी शैक्षिक सत्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत में प्रमाणपत्र और डिप्लोमा के पाठ्यक्रमों को छात्रों के लिए लायी जायेगी,"। सहयोग के शैक्षिक पहलू को उजागर करते हुए, पालिसी की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस समझौते का जीबीयु के छात्र समुदाय यह मकसद हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। "यह साझेदारी विश्वविद्यालय के कुलपति का ब्रेन चाइल्ड है इस समझौते से विश्वविद्यालय के छात्र समुदाय के बीच हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और प्रसारित करने के राष्ट्रीय प्रयासों से मेल भी खाती है।कार्यक्रम गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा, कुलपति; प्रो. एन. पी. मेलकानिया, डीन एकेडेमिक्स; डॉ. इंदु उप्रेती, डीन प्लानिंग और रिसर्च; के साथ ही अन्य विश्वविद्यालय के अधिकारी और समिति सदस्यों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में माया कुलश्रेष्ठ और अंजना वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## सीएम योगी के जीरो टॉलरेंस नीति को अमलीजामा पहनाने में फिर से जुटी यूपी पुलिस

# चुनाव खत्म होते ही ढेर होने लगे अपराधी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- **चुनाव बाद यूपी पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान हुआ तेज**
- **यूपी पुलिस : इलेक्शन संपन्न, एक्शन शुरू**
- **बैकफुट पर माफिया, 15 दिन में 9 पर कसा शिकंजा, एनकाउंटर में दो ढेर, 96 घायल**

**लखनऊ ।** यूपी में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के साथ ही विभिन्न पर्व-त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने वाली यूपी पुलिस का इकबाल एक बार फिर बुलंदी पर है। अपराध और आपराधियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी यूपी पुलिस की निगाहें अपराधियों के खिलाफ दोबारा टेढ़ी हो चुकी हैं। बीते 15 दिनों की रिपोर्ट पर नजर डालें तो बदमाशों के खिलाफ चली 79 ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों के पांव एक बार फिर उखड़ने शुरू हो गये हैं। 4 जून से 19 जून के बीच हुए इन मुठभेड़ों में दो दुर्दांत बदमाशों को ढेर किया जा चुका है, जबकि 96 अपराधी घायल हुए हैं। एनकाउंटर के दौरान अबतक 139 बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। हालांकि इन मुठभेड़ों के दौरान सात पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

**माफिया विजय मिश्रा को हुई सजा**

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के अनुसार राज्य स्तर के चिह्नित 68 माफिया गैंग के सदस्य और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। अबतक विभिन्न माफिया गिरोह के 9 सदस्यों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि 1 के खिलाफ गैंगेस्टर और 2 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भदोही के माफिया विजय मिश्रा के खिलाफ विचाराधीन अभियोग में न्यायालय में सघन पैरवी करते हुए बीते 13 जून को उसे सजा दिलाई जा चुकी है। वहीं मुजफ्फरनगर का 50 हजार का फरार इनामिया माफिया विनय त्यागी उर्फ टिंकू को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

**पप्पू स्मार्ट अरेस्ट, प्रशांत और निलेश ढेर**

उन्होंने बताया कि कानपुर के सऊद अख्तर गैंग का शातिर अपराधी आसिफ उर्फ पप्पू स्मार्ट पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं अंबेडकरन नगर के अजय सिंह उर्फ सिपाही गैंग के सक्रिय सदस्य उत्कर्ष सिंह को भी एसटीएफ ने दबोच लिया है। उत्कर्ष पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर के कुख्यात माफिया सुशील उर्फ मूंछ की 4.4570 हेक्टेयर जमीन को कुर्क किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में जौनपुर के कुख्यात प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस और मुजफ्फरनगर के दुर्दांत निलेश राय को ढेर किया जा चुका है।

# योग दिवस की तैयारी शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** 21 जून को होने वाले दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू कर दी गई है, इसके लिए जनपद हापुड़ क्षेत्र में जगह-जगह योग शिविर लगाकर पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार राण के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय आयुष मिशन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिखैडा के योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा द्वारा 21 जून को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के चलते प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है जिसके चलते इसी क्रम में नगर पिलखुवा के केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में योगाभ्यास कराया गया व जनजागरूकता अभियान चलाया।

इस मौके पर डॉक्टर निशा गर्ग ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम योग स्वयं और समाज के लिए है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी को नियमित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है।

# रोडवेज परिचालक से छीना बैग बरामद आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** पिछले दिनों रात को सोहराब गेट डिपो मेरठ की बस के परिचालक से दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने कैश बैंग लूटकर फरार हो गए थे जिसके आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते



हुए थाना प्रभारी राजेंद्र पुंडीर के नेतृत्व में सुहेल पुत्र असलम अफजल पुत्र नाजिम को बैंग रकम टिकट वितरण मशीन और घटना मैं इस्तेमाल मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

# मेदांता लखनऊ में हुआ सफलतापूर्वक 50वां लिवर ट्रांसप्लांट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के मेदांता में हाल ही में 50वीं लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई है। यह मध्य/पूर्वी उत्तर प्रदेश में किसी एक हॉस्पिटल द्वारा किए गए सबसे अधिक लिवर ट्रांसप्लांट हैं। डॉ. ए.एस. सोइन, चेयरमैन और चीफ लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और स्थानीय मरीजों के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि अब उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। लखनऊ के मेदांता में ही अत्याधुनिक लिवर प्रत्यारोपण की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

यह ट्रांसप्लांट 3 साल के बच्चों से लेकर 61 साल के बुजुर्गों तक में किए गए, जिनमें मध्य/पूर्वी उत्तर प्रदेश में लिवर ट्रांसप्लांट कराने वाले सबसे छोटे और सबसे बुजुर्ग मरीज हैं। अधिकांश मरीज (17) लखनऊ से थे, इसके बाद प्रयागराज (8) और बाकी वाराणसी, गोरखपुर, फैजाबाद, कानपुर, उन्नाव, मथुरा आदि से थे, जो पूरे मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश को कवर करते हैं। यमन से आया हुआ एक 31 वर्षीय पुरुष मरीज का भी लखनऊ के मेदांता में आपातकालीन जीवन रक्षक ट्रांसप्लांट किया गया, वह इस क्षेत्र में सफल लिवर ट्रांसप्लांट कराने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय मरीज है। डॉ. प्रशांत भंगुई, एसोसिएट डायरेक्टर, लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मेदांता लखनऊ ने बताया कि यमन से आए मरीज का भाई सऊदी अरब से अपने भाई के लिए लिवर दान करने आया था। दोनों भाई एक महीने के भीतर ही स्वस्थ होकर वापस लौट गए। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म के द्वार खोलती है।

शराब सेवन के कारण 34 फीसदी रोगियों में लिवर खराब होने का मुख्य कारण शराब का सेवन पाया गया है। इसके बाद 22 फीसदी रोगियों में एमएएसएच (फैटी लिवर और इसकी जटिलताएं) थी। डॉ. विवेक गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट और लीवर प्रत्यारोपण सर्जन, मेदांता लखनऊ ने कहा कि 2050 तक फैटी लिवर और डायबिटीज लिवर की क्षति का सबसे बड़ा कारण बनने की संभावना है। जीवनशैली में बदलाव और मधुमेह प्रबंधन से ऐसे मरीजों में लीवर की क्षति




को रोका जा सकता है।

लिवर कैंसर और हेपेटाइटिस (बी और सी) के लिए लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई। एडवांस्ड स्टेज के लिवर कैंसर के लिए लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र संभव इलाज हो सकता है और इससे कैंसर का पूर्ण इलाज हो सकता है। मेदांता लखनऊ में सभी उन्नत तकनीकें (ट्रांस आर्टेरियल रेडियो एम्बोलाइजेशन, ट्रांस आर्टेरियल केमो एम्बोलाइजेशन, पीईटी सीटी, बाह्य किरण रेडियोथेरेपी आदि) उपलब्ध हैं, जो उन मामलों का भी इलाज कर सकती हैं जिनमें वाहिकाएं (पोर्टल वेंस) शामिल होती हैं।

एक अन्य बड़ा समूह एक्यूट लिवर फेल्यर (14 फीसदी) का था, जो मुख्य रूप से बच्चों और युवा वयस्कों में होता है। डॉ. अभय वर्मा, डायरेक्टर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मेदांता लखनऊ ने कहा कि इन मरीजों को कुछ घंटों के भीतर इमर्जेंसी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, अन्यथा वे जीवित नहीं रह सकते। ये मरीज बहुत बीमार और इनकी स्थिति चुनौतीपूर्ण होती है, आमतौर पर ऐसे मरीज वेंटिलेटर पर होते हैं और कोमा में जा चुके होते हैं। ऐसे मरीजों के लिए ट्रांसप्लांट से संबंधित सभी औपचारिकताओं को कुछ घंटों में ही पूरा करना पड़ता है। मेदांता अस्पताल लखनऊ ने इस क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या में एएलएफ मामलों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

मेदांता हॉस्पिटल उन सभी डोनर्स के प्रति आभार प्रकट करता है, जिन्होंने अपने लिवर का एक हिस्सा देकर अपने प्रियजनों की जान बचाई। इनमें से ज्यादातर (42 फीसदी) डोनर मरीज के जीवनसाथी (पति/पत्नी) थे। इसके बाद, 22 फीसदी मामलों में बेटे-बेटियों ने अपनी माँ-बाप के लिए, 14 फीसदी मामलों में भाई-बहनों ने एक दूसरे के लिए और 10 फीसदी मामलों में माओं ने अपने बच्चों के लिए अंगदान किया। अन्य डोनर्स में चचेरे भाई-बहन, भतीजे-भतीजियां और अन्य रिश्तेदार शामिल थे। इन सभी डोनर्स ने अपने प्रियजनों को दूसरा जीवनदान देकर एक महान कार्य किया है।

**शिक्षा की अलख** | छुट्टी के दिनों में डॉ श्वेता त्यागी और शिक्षक विष्णु गुप्ता झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को दे रहे शिक्षा

# जरूरतमंद व गरीब बच्चों में जगा रहे शिक्षा की अलख

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा।** भागती-दौड़ती जिंदगी और चिलचिलाती धूप में जहां आज हर कोई अपनी जरूरत को पूरा करने में लगा है। वहीं कुछ अनजान चेहरे ऐसे भी हैं जो शिक्षा की अलख जरूरतमंद व गरीब बच्चों तक पहुंचाने में दिन-रात जुटे हैं झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के भविष्य को संवारने वाले डॉ श्वेता त्यागी (प्रधानाचार्य) और शिक्षक विष्णु गुप्ता है। डॉ श्वेता त्यागी ने बताया कि अभी एक ओर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहे हैं वहीं दूसरी ओर हम इन झुग्गियों में से गरीब बच्चे जो कभी स्कूल की तरफ नहीं गए उनको निकाल कर शिक्षित करने के लिए अग्रसर है।

शिक्षक विष्णु गुप्ता ने बताया कि उन्हें यह प्रेरणा ग्राम गेझा में चलने वाले स्कूल न्यू नोएडा पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य से मिली और उनको लगा कि एक शिक्षक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के हर उन बच्चों के लिए काम करें जो आज तक स्कूल नहीं गये और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षित बनाकर उनके सपनों को ऊंची उड़ान दे सकें।

डॉ श्वेता त्यागी और विष्णु गुप्ता रोजाना 30 से अधिक गरीब मजदूरों के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दे रहे हैं। विष्णु गुप्ता ने बताया कि उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेता त्यागी से बच्चों को पढ़ाने की प्रेरणा ली है। डॉ श्वेता त्यागी ने बताया कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना इतना आसान काम नहीं था। शुरूआत में उन्हें बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इन बच्चों को और उनके माता-पिताओं को शिक्षा का महत्व बताना शिक्षा के लिए जागरूक करने में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शुरूआत में तो यह बच्चे अध्यापकों को देखकर अपनी झुग्गियों में या झुग्गियों के आसपास जाकर छिप जाया करते थे और किसी भी खाने पीने की समान बांटने वाली गाड़ी के पीछे अंधाधुंध दौड़ा करते थे परंतु आज इन बच्चों को शिक्षा का महत्व पता है और यह बच्चे पढ़ने के लिए बहुत जागरूक भी है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267